सूर्योदय : 6:55
सूर्यास्त : 5:40
अधिकतम तापमान : 25.5
न्यूनतम : 10.8

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-218 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 28 जनवरी 2026
08 शाबान 1447 हिजरी



हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com




# भारत ने यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौता किया

- पीएम मोदी बोले- अब तक का सबसे बड़ा फ्री ट्रेड एग्रीमेंट
- भारत-ईयू के मजबूत होते संबंध



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत ने यूरोपीय संघ के 27 देशों के साथ अपने इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा मुक्त व्यापार समझौता किया है जो साझा समृद्धि का प्रारूप है। पीएम मोदी ने मंगलवार को यहां यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वान डेर लेयेन के साथ 16 वें भारत- ई यू शिखर सम्मेलन के बाद संयुक्त वक्तव्य में कहा कि यह एक ऐतिहासिक अवसर है जब विश्व की दो सबसे बड़ी लोकतांत्रिक शक्तियां अपने संबंधों में निर्णायक अध्याय जोड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत और यूरोपीय संघ के संबंधों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, आर्थिक समन्वय और मजबूत जन संपर्क के आधार पर हमारी साझेदारी नई ऊंचाइयों तक पहुंच रही है और इसी को आगे बढाते हुए भारत ने आज अपने इतिहास का सबसे बड़ा मुक्त व्यापार समझौता किया है। उन्होंने कहा, आज भारत ने अपने इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा मुक्त व्यापार समझौता संपन्न किया है। आज 27 तारीख है और ये सुखद संयोग है कि आज ही के दिन, यूरोपीय संघ के 27 देशों के साथ भारत ये मुक्त व्यापार समझौता कर रहा है। यह सिर्फ व्यापार समझौता नहीं है। यह साझा समृद्धि का नया खाका है।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और संघ का सहयोग विश्व की बेहतरी के लिए महत्वपूर्ण साझेदारी है। उन्होंने कहा कि दोनों देश वैश्विक संस्थाओं में सुधारों के पक्षधर हैं और इन्हें जरूरी मानते हैं। उन्होंने कहा, बहुपक्षवाद और अंतर्राष्ट्रीय नियमों का सम्मान हमारी साझा प्राथमिकता है। हम एकमत हैं कि आज की चुनौतियों का समाधान करने के लिए वैश्विक संस्थाओं में सुधार अनिवार्य है। इससे पहले पीएम मोदी ने दोनों यूरोपीय नेताओं का स्वागत करते हुए उनके गणतंत्र दिवस में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने को ऐतिहासिक क्षण करार दिया।इससे पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस की शुरुआत में पीएम ने दोनों नेताओं के भारत यात्रा पर स्वागत किया। पीएम ने कोस्टा के सरल जीवन शैली का जिक्र करते हुए लिस्बन के गांधी के नाम का जिक्र किया।

## भारत और ईयू समिट में यूक्रेन को लेकर हुई बात

- विदेश मंत्रालय ने दी जानकारी, पीयूष गोयल ने डील को बताया ऐतिहासिक




**नई दिल्ली।** भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच कई बड़ी डील हुई है। इस डील के बाद विदेश मंत्रालय और वाणिज्य मंत्रालय ने साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कई अहम जानकारी दी है। प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति वॉन डेर लेयेन ने भारत मंडपम में आयोजित भारत-यूरोपीय संघ व्यापार मंच को भी संबोधित किया, जिसमें दोनों पक्षों के 100 से अधिक सीईओ ने भाग लिया

विक्रम मिस्री ने कहा कि समिट में यूक्रेन पर बात हुई थी, यूरोपीय नेताओं ने संघर्ष को लेकर चिंता जताई थी। पीएम मोदी ने उनसे कहा कि वे दोनों पक्षों के संपर्क में रहे हैं। भारत का इस मामले में एक ही रुख रहा है कि भारत स्थाई शांति के लिए अपनी क्षमता के मुताबिक सब करने के लिए तैयार है, जिससे कि इस संघर्ष पर विराम लग सके।

विक्रम मिसरी ने कहा कि इसके परिणाम गहरे रणनीतिक स्वरूप के हैं। पिछले एक दशक में भारत और यूरोपीय संघ के बीच संबंध लगातार मजबूत हुए हैं। ये संबंध न केवल आगे बढ़े हैं, बल्कि इनका महत्व भी बढ़ा है, जैसा कि दोनों पक्षों के बीच संपर्कों और गतिविधियों के स्तर से स्पष्ट होता है। तेजी से बदलती दुनिया में, भारत और यूरोपीय संघ के बीच रणनीतिक साझेदारी का महत्व द्विपक्षीय संदर्भ से कहीं अधिक है, विशेष रूप से जब हम वैश्विक आर्थिक, तकनीकी और रणनीतिक परिदृश्य में बदलाव देख रहे हैं।

### वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने दी कई अहम जानकारी

भारत-यूरोपीय संघ समझौते पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मैं भारत में रहने वाले 140 करोड़ लोगों को बधाई देकर अपनी बात शुरू करना चाहता हूं। यह सिर्फ एक मुक्त व्यापार समझौते से बढ़कर है। यह समझौते से मिलने वाली संभावनाओं से भी अधिक है। यह वास्तव में गहरी साझेदारी और यूरोपीय संघ और भारत के बीच कई क्षेत्रों में एक साथ आने के रणनीतिक इरादे का प्रतीक है, ताकि साझेदारी को मजबूत किया जा सके, मानवता के एक तिहाई हिस्से के लिए साझा समृद्धि और बेहतर भविष्य के लिए मिलकर काम किया जा सके।

### भारत की आर्थिक यात्रा में ऐतिहासिक छलांग : सीएम

**भारत-ईयू समझौता**

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) मुक्त व्यापार समझौता भारत की वैश्विक आर्थिक यात्रा में एक ऐतिहासिक छलांग है। आदित्यनाथ ने एक्स पर कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता भारत की वैश्विक आर्थिक यात्रा में एक ऐतिहासिक छलांग है।

यह रणनीतिक समझौता भारत को 27 यूरोपीय देशों के साथ जोड़ता है और 99 प्रतिशत से अधिक भारतीय सामानों के लिए तरजीही बाजार पहुंच सुनिश्चित करता है, जिससे लगभग 6.41 लाख करोड़ रुपये की निर्यात क्षमता खुलती है, खासकर श्रम प्रधान क्षेत्रों के लिए। उन्होंने कहा, किसानों को सशक्त बनाकर, एमएसएमई को मजबूत करके, विनिर्माण और सेवाओं को बढ़ावा देकर, और कुशल पेशेवरों के लिए अवसरों का विस्तार करके, यह समझौता साझा समृद्धि और एक मजबूत, आत्मनिर्भर भारत के लिए एक खाका बन जाता है।

## घबराइए मत, हर समस्या का होगा समाधान : सीएम

**जनता दर्शन**

- गोसेवा कर पुंज को अपने हाथों से खिलाई रोटी



**गोरखपुर।** सोमवार देर शाम गोरखपुर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास करने के बाद मंगलवार सुबह जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात की। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों की ध्यान से बात सुनी, उनके प्रार्थना पत्र को पढ़ा और, फिर आत्मीयता से बोले, 'घबराइए मत, समस्या का समाधान कराया जाएगा।' जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शी निराकरण कराएं।

मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे। अपनेपन के भाव मे 'कहां से आए हैं, क्या बात है', कहते हुए एक-एक कर सबकी समस्याएं सुनीं। भरोसा दिया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी परेशान होने या घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर उन्होंने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को सीएम योगी आदित्यनाथ ने खूब प्यार दुलार दिया। उन्हें स्कूल जाने और पढ़ने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने बच्चों को चॉकलेट भी दी।

### मंदिर की गोशाला में योगी ने की गोसेवा

मंगलवार सुबह योगी ने मंदिर की गोशाला में पहुंचकर गोसेवा की। गोशाला में योगी ने गोवंश का नाम लेकर पुकारा। गोवंश के पास आने पर अपने हाथों से उन्हें रोटी-गुड़ खिलाया। गोशाला में योगी के पहुंचने पर एक मोर भी उनके पास आ जाता है। मुख्यमंत्री इस मोर को पुंज नाम से पुकारते हैं।

## यूजीसी के नए नियमों पर मचा भारी बवाल

- विपक्ष ने इस मामले पर साधी चुप्पी




**नई दिल्ली।** यूजीसी 2026 इक्विटी रेगुलेशन के खिलाफ विरोध काफी बढ़ चुका है। दबाव इतना है कि सरकार को सफाई देनी पड़ी है कि किसी के साथ भेदभाव नहीं होने दिया जाएगा। लेकिन, सरकार की हर मुश्किल को लपक कर थामने वाले विपक्षी दलों की चुप्पी हैरान कर रही है। मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच चुका है और प्रदर्शनकारियों को ज्यादा उम्मीद देश की सर्वोच्च अदालत पर ही टिकी हुई है। लेकिन, सरकार को परेशानी में घिरते दिखने के बावजूद विपक्ष के सन्नाटे से कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए नियमों के खिलाफ सवर्ण वर्ग के लोग सड़कों पर उतर आए हैं। छात्रों से लेकर शिक्षकों तक की ओर से विरोध किया जा रहा है। कुछ अधिकारियों ने भी विरोध का बिगुल फूंका हुआ है। इनके निशाने पर सरकार या सत्ताधारी दल हैं, इसलिए इस खेमे में हड़कंप मचना स्वाभाविक है। यूजीसी के नए नियमों के खिलाफ यह माहौल, जिन्हें प्रदर्शनकारी काला कानून बताते हुए वापस लेने की मांग कर रहे हैं, पहले सोशल मीडिया पर बनना शुरू हुआ, जो अब सार्वजनिक रूप से नजर आ रहा है। इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट तक में याचिका डाली जा चुकी है।


कांग्रेस हो या उसकी तमाम सहयोगी पार्टियां, इस विवाद में उन्हें लगता है कि जैसे सांप सूंघ गया हो। बीजेपी के खिलाफ इंडी गठबंधन की इन पार्टियों ने जातिगत राजनीति को ही अपना आधार बना रखा है, लेकिन न तो वे यूजीसी नियमों का खुलकर समर्थन ही कर पा रहे हैं और न ही सरकार के विरोध के लिए इसका विरोध। वरना ऐसा कोई मुद्दा नहीं है, जिसे इन्होंने सरकार के खिलाफ माहौल को भुनाने की कोशश न की हो। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पिछले कुछ वर्षों से जाति की राजनीति के अगुवा बने हुए हैं। लेकिन इस बवाल पर पूरी तरह से चुप हैं।

### किसी के साथ भेदभाव नहीं होने देंगे : प्रधान

इस मामले को लेकर सरकार कहीं न कहीं दबाव में नजर रही है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को कहना पड़ा कि किसी के साथ भेदभाव नहीं होने दिया जाएगा। उनका कहना है कि मैं सभी को भरोसा दिलाना चाहता हूं कि कोई भेदभाव नहीं होगा और कोई भी कानून का गलत इस्तेमाल नहीं कर सकता।

## सनातन को नजरअंदाज करने वाले कभी सरकार नहीं बना पाएंगे : अमित शाह

- स्वामीनारायण संप्रदाय के कार्यक्रम में बोले गृहमंत्री-संतों का आशीर्वाद जरूरी



**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सनातन धर्म और उसकी परंपराओं को लेकर बड़ा राजनीतिक बयान दिया है। गुजरात के गांधीनगर में स्वामीनारायण संप्रदाय के एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जो सरकार सनातन धर्म के अनुयायियों को निराश करती है, वह देश में दोबारा सत्ता में नहीं लौट सकती। उनके इस बयान को आने वाले राजनीतिक हालात और सांस्कृतिक विमर्श से जोड़कर देखा जा रहा है।

कार्यक्रम स्वामीनारायण संप्रदाय के पवित्र ग्रंथ 'शिक्षापत्री' के 200 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित किया गया था। शिक्षापत्री में 212 संस्कृत श्लोक हैं, जिन्हें भगवान स्वामीनारायण ने 1826 में लिखा था। यह ग्रंथ अनुयायियों के लिए आचरण, नैतिकता, समाज और आध्यात्मिक जीवन का मार्गदर्शन करता है। अमित शाह ने कहा कि आजादी के बाद लंबे समय तक सनातन परंपराओं को उचित सम्मान देने वाली सरकार की प्रतीक्षा रही। अमित शाह ने कहा कि संतों के आशीर्वाद से उन्हें पूरा भरोसा है कि जो सरकार सनातन धर्म के मूल्यों को कमजोर करेगी, वह दोबारा सत्ता में नहीं आएगी।

### संस्थानों में काबिज हैं गैर पीडीए के लोग : अखिलेश

**लखनऊ।** अखिलेश यादव ने यूजीसी के विनियम-2026 पर कहा कि कोई दोषी बचना नहीं चाहिए और निर्दोष फंसना नहीं चाहिए। उन्होंने इसे भाजपा की चाल बताया। कहा कि इन नियमों से पीडीए समाज को कोई राहत नहीं मिलेगी, कोई अधिकतर संस्थाओं पर गैर पीडीए समाज के लोग काबिज हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) एक्ट 2026 की नई गाइडलाइन को लेकर असंतोष अब खुलकर सामने आने लगा है।

मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के सामने छात्रों का आक्रोश फूट पड़ा। सैकड़ों छात्रों ने गेट नंबर-1 पर धरना-प्रदर्शन कर यूजीसी के नए नियमों को विभाजनकारी बताते हुए उन्हें तत्काल वापस लेने की मांग की। छात्रों ने यूजीसी रोल बैक के नारे लगाए।

## लखनऊ में बैंककर्मियों की हड़ताल से 2500 करोड़ की क्लियरिंग प्रभावित

- हजरतगंज में बैंक कर्मियों ने जोरदार प्रदर्शन कर अपनी मांगें रखीं



**लखनऊ।** मंगलवार को हुई राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल का असर लखनऊ में भी व्यापक रूप से देखने को मिला। पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करने की मांग को लेकर यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर हड़ताल की गई। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की 905 शाखाओं के कर्मचारियों के हड़ताल पर रहने से शहर में 2500 करोड़ रुपये की क्लियरिंग प्रभावित होने की संभावना जताई गई है।

इसी क्रम में लखनऊ के इंडियन बैंक, हजरतगंज पर बैंककर्मियों ने जोरदार प्रदर्शन कर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगें रखीं। फोरम के जिला संयोजक अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि हड़ताल से पहले बैंककर्मियों ने कई चरणों में धरना-प्रदर्शन, रैली और सोशल मीडिया अभियान चलाया, लेकिन केंद्र सरकार उनकी एकमात्र मांग पर विचार को तैयार नहीं है।

सभा को संबोधित करते हुए एनसीबीई के महामंत्री कॉमरेड डी.के. सिंह ने कहा कि जब रिजर्व बैंक, एलआईसी, सेबी, नाबार्ड, एनपीसीआई और अनेक सरकारी विभागों में पांच कार्यदिवस लागू हो सकते हैं तो बैंकों में क्यों नहीं। कॉमरेड आर.एन. शुक्ला ने कहा कि कर्मचारी माह के शेष शनिवारों के अवकाश के बदले प्रतिदिन 40 मिनट अतिरिक्त कार्य करने को भी तैयार हैं।









## खुफिया जानकारी और हिंद महासागर क्षेत्र में मिलकर करेंगे काम

# रक्षा साझेदारी के जरिए करीब आ रहे हैं ईयू और भारत



**नई दिल्ली।** भारत और यूरोपीय संघ ( ईयू ) की 16 वीं शिखर बैठक में दोनों पक्षों ने एक व्यापक सुरक्षा और रक्षा साझेदारी की घोषणा की। अस्थिर वैश्विक माहौल में अब सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं भी काफी अहम हो रही हैं। रक्षा साझेदारी के जरिए भारत और ईयू अपने रिश्ते को और मजबूती दे रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ईयू आयोग की रिप्रजेंटेटिव काजा कलास से मुलाकात की।

ईयू डेलिगेशन और भारत के डिफेंस डेलिगेशन के बीच रक्षा साझेदारी पर बात हुई। ईयू इंडियन नेवी के इन्फॉर्मेशन फ्यूजन सेंटर-इंडियन ओशन रीजन में एक लाइजन अधिकारी भी तैनात करेगा। यह सेंटर गुरुग्राम में है। ईयू के लाइजन अधिकारी समुद्री डकैती रोधी अभियानों और हिंद महासागर क्षेत्र में खतरों के आकलन को लेकर इंडियन नेवी के साथ ऑपरेशनल कॉर्डिनेशन को मजबूत करेंगे।

ईयू और भारत के बीच समझौते में खुफिया जानकारी साझा करने, रक्षा निर्माण, समुद्री सुरक्षा और अंतरिक्ष, साइबर जैसे नए क्षेत्रों में सहयोग पर भी जोर दिया गया है। इस साझेदारी में समुद्री सुरक्षा काफी अहम है। भारत और यूरोपीय संघ की सेनाएं पहले से ही रेड सी में ईयू नेवल टास्क फोर्स के साथ मिलकर समुद्री डकैती रोकने के अभियानों में काम कर रही हैं। समझौते के तहत भारत और यूरोपीय संघ सालाना सुरक्षा और रक्षा संवाद शुरू करेंगे, जिसकी पहली बैठक एक- दो महीने के भीतर होने की उम्मीद है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ लोकतंत्र, बहुलवाद और कानून के शासन जैसे साझा मूल्यों में यकीन रखते हैं, जो दोनों के बीच लगातार मजबूत होती साझेदारी की नींव हैं। उन्होंने कहा कि इन्हीं मूल्यों को आधार बनाकर भारत वैश्विक स्थिरता, सतत विकास और समावेशी समृद्धि के लिए व्यावहारिक सहयोग को और आगे बढ़ाना चाहता है।

### वैश्विक हित में प्रयासों को एक दूसरे के साथ जोड़ना चाहिए

राजनाथ सिंह ने जोर दिया कि भारत और यूरोपीय संघ के रक्षा उद्योगों को वैश्विक हित में अपने प्रयासों को एक-दूसरे के साथ जोड़ना चाहिए। यह साझेदारी 'आत्मनिर्भर भारत' के भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है और यह यूरोपीय संघ के रणनीतिक स्वायत्तता के लक्ष्य से भी मेल खाती है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत का रक्षा उद्योग यूरोपीय संघ की 'रीआर्म पहल' में अहम भूमिका निभा सकता है।

### पूर्व पीएम हसीना के दिल्ली कार्यक्रम से बांग्लादेश नाराज

**ढाका।** बांग्लादेश सरकार ने कहा कि वह इस बात से हैरान और नाराज है कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को नई दिल्ली में एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित करने की अनुमति दी गई। ढाका से जारी एक प्रेस रिलीज में बांग्लादेश सरकार ने कहा कि शेख हसीना के बयान देश की शांति, सुरक्षा और लोकतांत्रिक बदलाव के लिए खतरा हैं। सरकार का कहना है कि शेख हसीना को इंटरनेशनल क्राइम्स ट्राइब्यूनल ने मानवता के खिलाफ अपराधों में दोषी ठहराया है।

बयान के मुताबिक, शेख हसीना ने 23 जनवरी को दिल्ली में हुए एक कार्यक्रम में बांग्लादेश की मौजूदा सरकार को हटाने की अपील की और अपनी पार्टी के समर्थकों और आम लोगों को हिंसा और आतंकी गतिविधियों के लिए उकसाया।













## प्रतिबंधित पशु की हत्या कर मांस गायब कर देने का आरोप लगाते हुए फूलबेहड़ पुलिस को दीतहरीर

**लखीमपुर-खीरी।** फूलबेहड़ क्षेत्र के बसहा माफी गांव के बाहर खेत में खून पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों के साथ हिन्दू संगठनो ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों पर प्रतिबंधित पशु की हत्या कर मांस गायब कर देने का आरोप लगाते हुए फूलबेहड़ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। बीते सोमवार की शाम को बसहा माफी गांव के बाहर गेंहू के खेत में ग्रामीणों खून पड़ा देखा। खून देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते सैकड़ो ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने किसी गौवंश का वध करने का आरोप लगाया देर रात हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता भी गांव पहुंच गए। और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग करते हुए तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

# पूरे जनपद में उत्साह, उल्लास व उमंग के साथ मना गणतंत्र दिवस

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर खीरी।** दिल में उमंग, चेहरे पर उत्साह और जुबां पर भारत माता के जयकारे के बीच गणतंत्र दिवस का पर्व पूरे जनपद में उत्साह, उल्लास व उमंग के साथ मनाया गया। सभी सरकारी व गैर सरकारी भवनों पर झंडा फहराया गया सोमवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने डीएम कैम्प कार्यालय और कलेक्ट्रेट परिसर में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया। गांधी बालोद्यान विद्यालय के बच्चो ने राष्ट्रगान किया। डीएम ने मौजूद अधिकारी-कर्मचारियों को संविधान का संकल्प दिलाया। कलेक्ट्रेट में डीएम ने स्वंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितो को शाल ओढ़ाकर, माला पहनाकर सम्मानित किया कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम ने जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह दिन कलेक्ट्रेट के लिए और भी विशेष है, क्योंकि एक दिन पूर्व 100 फीट ऊंचाई पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया, जिससे कलेक्ट्रेट परिसर तिरंगे की गौरवपूर्ण झलक से सुशोभित हो गया।उन्होंने लोगो का आह्वान किया कि गणतंत्र दिवस पर संविधान के मूल सिद्धान्तों स्वतंत्रता, समानता और राष्ट्र की एकता और अखण्डता को सुनिश्चित करने वाली बन्धुता पर अमल करने का संकल्प लें। गणतंत्र देश के सभी नागरिकों को सर्वोच्च पद तक पहुंचने का अवसर प्रदान करता है। संविधान में हमें स्वतंत्रता, समानता एवं बधुत्व तथा सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक न्याय प्रदान करता है, जिससे सभी लोगो को आगे बढ़ने के समान अवसर मिलते है डीएम ने स्पष्ट किया कि संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों को प्राप्त करने के लिए हमें अपने कर्तव्य और दायित्वों को निष्ठापूर्वक निभाना होगा, क्योंकि कर्तव्य ही अधिकार की पहली सीढ़ी होती है। उन्होंने सभी से अपील की कि इस महान पर्व पर हम अपने अधिकारों के साथ-साथ जिम्मेदारियों का भी निर्वहन ईमानदारी और लगन के साथ करें, ताकि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के सपनों को साकार किया जा सके एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की यह जिम्मेदारी है कि शासन की नीतियों और आदेशों को सही और प्रभावी तरीके से लागू किया जाए। एडीएम ने विशेष रूप से कहा कि जिन लोगों को योजनाओं का लाभ मिलना है, उन्हें निष्पक्ष और बिना किसी भेदभाव के लाभ पहुंचाना चाहिए। जिस तरीके का देश हमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानियो ने सौंपा, हमें इसे उसी तरह आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और समृद्ध बनाना है। देश के लिए हुए संघर्षों और बलिदानों को याद करते हुए, यदि हम अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारी और पूरी लगन के साथ निभाएंगे, तो यह संग्राम सेनानियों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।कार्यक्रम का संचालन करते हुए डीएसओ अंजनी सिंह ने देशभक्ति से ओतप्रोत काव्य रचनाएं प्रस्तुत कीं। इस मौके पर एडीएम न्यायिक अनिल कुमार रस्तोगी, एसडीएम अश्विनी कुमार सिंह, रेनू मिश्रा, युगांतर त्रिपाठी, वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित कुमार राय, प्रशासनिक अधिकारी कलेक्ट्रेट सहित कलेक्ट्रेट में स्थापित विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारी एवं विभिन्न पटल सहायक मौजूद रहे।

# बच्चों की हाजिरी, मध्यान्ह भोजन में गड़बड़ी पर डीएम ने लगाई फटकार

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर खीरी।** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने मंगलवार को सेविलियन विद्यालय सदर का औचक निरीक्षण कर फर्जी हाजिरी की पोल खोल दी। रजिस्टर में बच्चों की उपस्थिति अच्छी दिख रही थी, लेकिन कक्षाओं में बच्चों की संख्या उससे आधी भी नहीं थी। विद्यालय में पंजीकृत 166 छात्र-छात्राओं में से शिक्षामित्र अर्चना ने 109 बच्चों की उपस्थिति अंकित कराई थी, जबकि डीएम के निर्देश पर भौतिक गिनती में केवल 43 छात्र-छात्राएं ही उपस्थित पाए गए डीएम ने मौके पर बीईओ को संबंधित शिक्षामित्र से तुरंत स्पष्टीकरण लेने और उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपस्थिति के अंतर को लेकर मध्यान्ह भोजन योजना पर भी सवाल उठे। डीएम ने बच्चों की अंकित संख्या के अनुसार कन्वर्जन कास्ट का परीक्षण कराने और नामित एनजीओ के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए, डीएम ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, लखीमपुर को आदेश दिया कि पिछले एक माह में उपस्थित दिखाए गए हर बच्चे का उसके आवास से फिजिकल सत्यापन कराया जाए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बच्चे विद्यालय में नियमित रूप से आ रहे हैं या अन्यत्र पंजीकरण करा रखा है। डीएम ने कक्षाओं में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, परिसर व शौचालयों में साफ-सफाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए वहीं, प्राथमिक विद्यालय राजापुर के निरीक्षण में डीएम ने संतोषजनक व्यवस्था पाई। यहां विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति और रजिस्टर की संख्या मेल खा रही थी।

शिक्षकों द्वारा कक्षा संचालन नियमित और अनुशासित तरीके से किया जा रहा था। डीएम ने देखा कि कक्षाओं में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था थी, बच्चों के बैठने और शिक्षण के लिए समुचित व्यवस्था थी। विद्यालय में मध्यान्ह भोजन योजना भी सुचारू रूप से चल रही थी और बच्चों को भोजन समय पर और पर्याप्त मात्रा में मिल रहा था।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर में झंडा रोहण कर समस्त जिला वासियों को 77 वें गणतंत्र दिवस की दीं शुभकामनाएं



*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर।** गणतंत्र दिवस आज पूरे जिले में बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया, जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर द्वारा प्रातः ठीक 8.30 बजे कलैक्ट्रेट परिसर में झण्डा रोहण किया गया तदोपरांत सामुहिक राष्ट्रगान का गायन तथा झंडा सलामी का कार्यक्रम संपन्न हुआ। डीएम साहिबा ने कलेक्ट्रेट महात्मा विदुर सभागार में आयोजित समारोह में उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों को सामुहिक रूप से संकल्प ग्रहण कराया, उसके बाद स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लेखराज सिंह तथा शहीद परिवार के परिजनों को शाल औढ़ा कर सम्मानित किया। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों को 77 वें गणतंत्र दिवस एवं कल 25 जनवरी, 2026 को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत ट्रेनिंग एवं कैपेसिटी क्षेत्र में राष्ट्रीय पुरस्कार उपलब्ध होने की शुभकामनाएं प्रदान कीं और उक्त पुरस्कार को एसआईआर कार्य में सहयोग उपलब्ध कराने वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा जनपद वासियों को समर्पित करते हुए कहा कि उनके कठिन परिश्रम, लगन एवं सहयोग के फलस्वरूप ही जिले को इस राष्ट्रीय स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी 1950 को हमारा देश लोकतांत्रिक गणराज्य बना। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान है, हमें अपने संविधान पर गर्व होना चाहिए, जो देश के सभी नागरिकों को बराबरी, स्वतंत्रता एवं समान अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि हमें अपने परिवार और अपने समाज में देश के प्रति प्रेम और बलिदान की भावना को जागृत रखने के लिए प्रेरित करना है। हर नागरिक के मन में देशप्रेम की ज्योति प्रज्ज्वलित रहनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि हम सभी सेवक के रूप में राष्ट्र की सेवा करें, राष्ट्र विकसित होगा, तभी हम सबका विकास होगा। हम सब का कर्तव्य है कि देश को गौरवशाली, सशक्त, समृद्ध और विकसित बनाने में अपना योगदान प्रदान करें। उन्होंने कहा कि हम जिस भी क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं, वहां पूरी ईमानदारी, निष्ठा एवं कर्त्तव्य परायणता से अपने दायित्वों का निर्वहन करें, यही वीर सपूतों एवं शहीदों को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी और उनके सपनों के भारत का निर्माण होगा।

## जीएसटी चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस व एसटीएफ की संयुक्त टीम ने फर्जी फर्मो के माध्यम से कूटरचित दस्तावेजों का प्रयोग कर जीएसटी चोरी करने वाले तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मोबाइल, पैनकार्ड, लैपटॉप व 5200 रुपये की नगदी बरामद की है। पुलिस ने तीनों आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार विगत् 3 जुलाई को वादी अनिल कुमार दिनकर सहायक आयूक्त आयुक्त राज्य कर अधिकारी खण्ड 07 की तहरीर पर अनिश गुप्ता आदि के नाम थाना सदर बाजार पर धारा 420, 467, 468, 471,120 बी भादवि के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

थाना सदर बाजार प्रभारी कपिल देव के नेतृत्व में आज थाना सदर बाजार निरीक्षक बीरबल सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक विपिन कुमार, उपनिरीक्षक जयवीर सिंह एवं यूपीएसटीएफ लखनऊ से उपनिरीक्षक जावेद आलम सिद्दकी व उपनिरीक्षक चन्द्र प्रकाश मिश्रा ने विवेचना में प्रकाश में आये आरोपियों विशाल गर्ग पुत्र नवनिश गर्ग निवासी न्यू भगवती कॉलोनी, बेहट रोड, थाना कोतवाली देहात, बशारत पुत्र सनावर अब्बासी निवासी आजाद कॉलोनी, थाना मंडी व फरमान पुत्र शाहिद निवासी चांद कॉलोनी, थाना कुतुबशेर को गिरफ्तार कर लिया।

## प्रशिक्षु आईएएस एवं बीडीओ मनीषा धार्वे ने कक्षा 10 व 12 के छात्र-छात्राओं से किया संवाद

**लखीमपुर-खीरी/ मितौली।** जवाहर नवोदय विद्यालय में बुधवार को बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए आयोजित गाइडेंस एंड कैरियर काउंसिलिंग कार्यक्रम में प्रशिक्षु आईएएस एवं बीडीओ मनीषा धार्वे ने कक्षा 10 व 12 के छात्र-छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों से परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार का तनाव न लेने और परीक्षा को बोझ न समझने की अपील की अपने संबोधन में उन्होंने अपने संघर्ष और सफलता के अनुभव साझा करते हुए कहा कि लक्ष्य तय कर नियमित मेहनत करने से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने छात्रों को पढ़ाई के समय सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखने की सलाह दी। संवाद सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने करियर और पढ़ाई से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका उन्होंने उत्साहपूर्वक उत्तर दिया।कार्यक्रम का संचालन पीजीटी कैमेस्ट्री नूपुर गोस्वामी ने किया। इस दौरान प्रभारी प्रिंसिपल आरके सिंह, सतीश प्रसाद, वाईके प्रसाद, डॉ एके पांडे, संजय कुमार, अजीत सिंह आदि शिक्षक व स्टाफ उपस्थित रहा।

## धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस



**नजीबाबाद।** जनता बाल निकेतन जूनियर हाईस्कूल, मोहल्ला जाफ्तागंज, नजीबाबाद में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का आयोजन अत्यंत गरिमामय और उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंगों में सराबोर नजर आया, जहाँ कार्यक्रम का शुभारंभ हाजी शमीम, पूर्व तहसीलदार की अध्यक्षता में हुआ और संचालन कुमारी सारा शाहिद द्वारा सुव्यवस्थित व प्रभावशाली ढंग से किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से गणतंत्र की भावना को जीवंत कर दिया, जिन्हें उपस्थित लोगों ने तालियों के साथ सराहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हाजी शमीम, पूर्व तहसीलदार ने 26 जनवरी के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए संविधान की गरिमा, लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिक कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी दी तथा बच्चों को एक जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। मैनेजर नफीस खान एवं आदिल अतहर और को कब ए रुश्दा हाशमी ने भी अपने विचार रखते हुए विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती किश्वर जहाँ ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए आयोजन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया।

## मैक्स इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

**सहारनपुर।** मैक्स इंटरनेशनल स्कूल में गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिनमें उन्होंने अपने देश के प्रति प्रेम और सम्मान को व्यक्त किया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी को भाव-विभोर कर दिया। पुराना चिलकाना रोड स्थित मैक्स इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत बच्चों ने प्रधानाचार्य सुरैया कौसर के नेतृत्व में राष्ट्रगान गाकर की। उसके बाद उन्होंने सभी बच्चों को प्रेरणादायक संबोधन दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुरैया कौसर ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को संविधान के मूल्यों स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को आकर्षक बनाने के लिए शिक्षकों द्वारा देशभक्ति गीत एवं प्रेरणादायक संदेश प्रस्तुत किए गए। पूरे कार्यक्रम का वातावरण राष्ट्र प्रेम और उत्साह से भरपूर रहा।

## पुण्यतिथि पर सपाईयो ने किया महेन्द्र भल्ला को नमन



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रख्यात समाजवादी चिंतक व मुरादाबाद मंडल विकास निगम के पूर्व चेयरमैन महेंद्र भल्ला की 29 वीं पुण्यतिथि पर उनका भावपूर्ण स्मरण किया तथा महेंद्र भल्ला के आदर्शों व सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए सपा को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। स्थानीय अम्बाला रोड स्थित सपा जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में सपा कार्यकर्ताओं ने सपा पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष इं.विजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में पूर्व मंत्री महेंद्र भल्ला के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए इं.विजेश कुमार शर्मा व पार्षद फहाद सलीम ने कहा कि स्व.महेंद्र भल्ला आम आदमी की आवाज थे, जिन्होंने सदैव जुल्म व ज्यादती के खिलाफ जाति-धर्म की भावनाओं से ऊपर उठकर संघर्ष किया तथा शोषित व पीड़ित लोगों को न्याय दिलाने काम किया। उन्होंने कहा कि चाहे उषा धीमान कांड हो या माया त्यागी कांड, महेंद्र भल्ला ने अग्रणी भूमिका निभाकर न्याय दिलाने का काम किया था। पूर्व महानगर अध्यक्ष फैसल सलमानी व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रतन सिंह यादव ने कहा कि महेंद्र भल्ला के आदर्शों व सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए समाजवादी पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत बनाकर आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी गठबंधन के प्रत्याशियो को जिताकर उत्तर प्रदेश में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सरकार बनाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## यूजीसी के नए संशोधन के विरोध में सवर्ण समाज का गुस्सा फूटा

**सहारनपुर।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा 13 जनवरी 2026 को जारी उच्च शिक्षा संस्थानों में समता संवर्धन से संबंधित संशोधित अधिसूचना के विरोध में करणी सेना ने प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। ज्ञापन में इस संशोधन को सवर्ण समाज के हितों के विरुद्ध बताते हुए इसे तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की गई है।

ज्ञापन में कहा गया है कि यूजीसी द्वारा एक तरफा तरीके से समता समिति के गठन से संबंधित नियम लागू किए गए हैं, जो भविष्य में सवर्ण समाज के हिंदू-मुस्लिम विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के अवसरों को सीमित कर सकते हैं। संगठनों का आरोप है कि यह विनियम सामाजिक संतुलन के बजाय एक विशेष वर्ग के विरुद्ध मानसिकता को दर्शाता है।

# मौलाना डॉक्टर फुरकान मेहरबान अली अल-मदनी ने दी गणतंत्र दिवस की मुबारकबाद



*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर।** मदरसा माहदुल उलूमिल इस्लामिया व फुरकानिया हायर सेकेंडरी स्कूल,चांदपुर रोड बिजनौर में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस इस मौके पर मदरसा मैनेजर मौलाना डॉक्टर फुरकान मेहरबान अली अल-मदनी ने देशवासियों को गणतंत्र दिवस की मुबारकबाद देते हुए कहा आज हम सभी 26 जनवरी, गणतंत्र दिवस के मुबारक और ऐतिहासिक मौके पर एकत्रित हैं। यह दिन हमें हमारे संविधान की ताकत, एकता और समानता की याद दिलाता है।

हमारे देश के संविधान की सबसे बड़ी खूबसूरती यही है कि यह सभी नागरिकों को बिना किसी भेदभाव के बराबर अधिकार देता है। भारत एक ऐसा महान देश है जहाँ सभी धर्मों, जातियों और समुदायों के लोग आपस में भाईचारे और प्यार मोहब्बत के साथ मिल-जुलकर रहते हैं और लोकतंत्र को मजबूत बनाते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश की तरक्की के लिए जिस मेहनत, दूरदृष्टि और संकल्प के साथ काम किया है, उसकी सराहना आज पूरा विश्व कर रहा है। रोज़गार, शिक्षा, विज्ञान और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भारत ने नई ऊँचाइयों को छुआ है और आज हिंदुस्तान का नाम पूरी दुनिया में रोशन हो रहा है।

मैं उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का भी आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और कानून-व्यवस्था, विकास व सुशासन को मजबूत किया है। आज मैं अपने देश के नौजवानों और स्कूल के बच्चों से खास अपील करना चाहता हूँ कि आप इस लोकतंत्र की रक्षा करें, संविधान का सम्मान करें और हमेशा देशहित में कार्य करें।

# अपनी मांगों को लेकर आशाओं तथा संगीनियों द्वारा किया जा रहा धरना जारी



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** मालवीय आवास गृह पर अपनी मांगों को लेकर आशाओं तथा संगीनियों द्वारा किया जा रहा धरना प्रदर्शन मंगलवार को भी जारी रहा।धरने में आशा कर्मियों में भारी आक्रोश किंतु अपने संघर्ष के प्रति उत्साह देखने को मिला

धरने को संबोधित करते हुए संगठन की जिलाध्यक्ष जॉली वैश्य ने कहा कि मेहनत कशो के संघर्ष की गाथाओं से ही इतिहास बना है।उन्होंने कहा कि संगठन का आगामी 9 फरवरी को राजधानी कूच इतिहास के पन्ने में दर्ज किया जाएगा कि एक मेहनतकश जरूरी सरकार के दमन के खिलाफ राजधानी को महिला कामगारो ने अपनी उपस्थिति से पाट दिया था। उन्होंने बताया कि आज मंगलवार को हमारे संगठन द्वारा प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री को खून से चिट्ठी लिखी जानी थी जो आज मौसम खराब होने के कारण नहीं लिखी जा सकी, जो सामान्य कल यानी बुधवार को लिखी जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगों को नहीं माना गया तो ऐसी चिट्ठियां प्रतिदिन लिखी जाएंगी। जिला उपाध्यक्ष निर्दोष पटेल ने धरने को संबोधित करते हुए कहा सरकार 45 और 46 में श्रम सम्मेलन को लागू करे ।

जिला महासचिव मनीष ने कहा सरकार द्वारा सेवानिवृत 65 वर्ष पूरे होने पर ग्रेच्युटी का भुगतान सुनिश्चित किया है।

जिला मंत्री शशि सक्सेना ने कहा न्यूनतम वेतन लागू होने से सरकारी विलंब होने तक आशा कर्मियों को 21000 तथा संगिनी को 28000 मानदेय एवं यात्रा भत्ता सहित वहां उपलब्ध कराया जाए

जिला संगठन सदस्यों अन्य आशाएं सरकार से मांग की की ऑनलाइन कार्य करने हेतु विभाग सी.यू.जी सिम व टैबलेट की व्यवस्था की जाए।

इस मौके पर रिंकी देवी नीलम सक्सेना , नन्ही देवी , मीना देवी , शबनम , सरला , संतोष , प्रेमवती , चमेली , रोली , भावना , आदि मौजूद रही।

## 77वां गणतंत्र दिवस: पुलिस लाइन में पर्यावरण राज्य मंत्री व कलेक्ट्रेट में डीएम ने किया ध्वजारोहण





*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन मैदान में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के वन पर्यावरण जंतु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ अरुण कुमार द्वारा ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली गई।वहीं कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी अवनीश राय ने राष्ट्रीय पर्व के मौके पर ध्वजारोहण किया तथा संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। इस अवसर पर राष्ट्रगान भी हुआ। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ अरुण कुमार ने कहा कि 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ, इसमें मौलिक अधिकारों के साथ-साथ मौलिक कर्तव्यों का भी बोध कराया गया है। उन्होंने कहा कि संविधान हमें समरसता, धर्मनिरपेक्षता व राष्ट्रवाद की प्रेरणा देता है। वही कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी अवनीश राय ने संविधान की प्रस्तावना का महत्व बताते हुए इसको जीवन में अंगीकार करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि भारत का संविधान 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा अंगीकृत (अपनाया) किया गया था और 26 जनवरी 1950 को संपूर्ण देश में लागू हुआ। इस अवसर पर अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कलेक्ट्रेट स्थित शहीद स्थल पर डीएम व अन्य अधिकारियों ने पुष्पचक्र व फूल अर्पित कर शहीदों को नमन किया। बदायूँ क्लब बदायूँ में मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने ध्वजारोहण किया। पुलिस लाइन व बदायूँ क्लब बदायूँ में आयोजित कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

सभी नगर पालिका व नगर पंचायतों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। प्रभात फेरी का आयोजन गांधी ग्राउंड से किया जाएगा जो की विभिन्न स्थानों से होते हुए वापस गांधी ग्राउंड पर समाप्त होगी। समस्त शैक्षिक संस्थानों पर ध्वजारोहण किया गया तथा जिला चिकित्सालय आदि में फल वितरण किया गया। इस अवसर पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूं में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

अवधनामा

लखनऊ, बुधवार 28 जनवरी 2026



## गायत्री पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** रेवतीगंज स्थित गायत्री पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों, अभिभावकों एवं क्षेत्र के दर्जनों लोगों की उपस्थिति रही। विद्यालय के प्रबंधक उमा शंकर शुक्ल और समाजसेवी राजू दूबे ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्या शिखा दूबे ने कहा कि भारत एक महान राष्ट्र है, जिसकी आत्मा उसके संविधान में बसती है। जहां व्यवस्था जनता की इच्छा से संचालित हो, कानून व्यक्ति से ऊपर हो और देश की पहचान नागरिकों के अधिकारों, कर्तव्यों एवं संविधान से हो, वही सच्चे अर्थों में गणतांत्रिक देश कहलाता है।आरडी पाण्डेय ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे संविधान में निहित स्वतंत्रता, समानता, एकता, भाईचारा और न्याय के सिद्धांतों को स्मरण करने और उन्हें मजबूत करने का अवसर है। यदि देश के नागरिक संविधान में निहित मूल्यों का पालन करें तो लोकतांत्रिक परंपराएं और अधिक सुदृढ़ होंगी।

# गणतंत्र दिवस पर समाजसेवी सुरेश यादव ने फहराया तिरंगा, मेधावी छात्रों को बांटी साइकिल

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** गणतंत्र दिवस पर बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाजसेवी संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि सुरेश यादव ने अयोध्या विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में ध्वजारोहण कर कार्यक्रमों की शुरुआत की सुरेश यादव ने सबसे पहले यशोपति पब्लिक स्कूल में ध्वजारोहण किया, इसके पश्चात केसरी नंदन महाविद्यालय और फिर केडी पब्लिक स्कूल में तिरंगा फहराया। केडी पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हाईस्कूल परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को साइकिल प्रदान कर सम्मानित किया गया इस मौके पर सुरेश यादव ने कहा कि वे लगातार समाजसेवा के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। साइकिल वितरण के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें जिले ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी साइकिल मैन की उपाधि दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि डिप्टी सीएम सहित कई वरिष्ठ मंत्रियों एवं अधिकारियों द्वारा उन्हें सम्मानित किया जा चुका है गणतंत्र दिवस के अवसर पर उन्होंने तिरंगे को साक्षी मानकर संकल्प लिया कि वे हर गरीब व असहाय की सहायता के लिए सदैव खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि



जिन विद्यार्थियों के पास पढ़ाई के लिए मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं, उन्हें सुविधा उपलब्ध कराना संस्था की प्राथमिकता रहेगी।

## ब्रह्मोस मिसाइल की प्रतिकृति के साथ ओ.एन. एकेडमी की भव्य शोभायात्रा

**अयोध्या।** ओ.एन. एकेडमी, बारुन बाजार के तत्वावधान में भारत की स्वदेशी ब्रह्मोस मिसाइल की प्रतिकृति के साथ एक भव्य, अनुशासित एवं देशभक्ति से ओतप्रोत शोभायात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी लालचंद चौरसिया एवं आदित्य कसौधन उपस्थित रहे, जबकि लोकेश द्विवेदी की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई।शोभायात्रा बारुन बाजार से प्रारंभ होकर मुख्य चौराहे से गुजरते हुए विद्यालय प्रांगण में संपन्न हुई। यात्रा के दौरान ब्रह्मोस मिसाइल की प्रतिकृति आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। मार्ग में स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया।इस अवसर पर समाजसेवियों द्वारा बच्चों को बिस्किट, कुरकुरे एवं जलपान का वितरण किया गया, जिससे बच्चों में विशेष उत्साह और प्रसन्नता देखने को मिली।विद्यालय के प्रबंधक धर्म पाल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में देशभक्ति, अनुशासन तथा भारत की सैन्य उपलब्धियों के प्रति गर्व की भावना विकसित होती है। उन्होंने बताया कि विद्यालय द्वारा पूर्व वर्ष भी अर्जुन मार्क-2 की प्रतिकृति के साथ शोभायात्रा का आयोजन किया गया था।

## एनटीपीसी टांडा में 77 वाँ गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं राष्ट्रभक्ति के वातावरण में मनाया गया

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** एनटीपीसी टांडा में 77वाँ गणतंत्र दिवस आवासीय परिसर स्थित उमंग स्टेडियम में हर्षोल्लास एवं राष्ट्रभक्ति के वातावरण में मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक श्री जयदेव परिदा ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान एवं एनटीपीसी गीत के उपरांत उन्होंने भव्य परेड का निरीक्षण किया। आयोजित परेड में डालीम्स स्कूल, विवेकानन्द शिशु कुंज, विद्युत परिषद राजकीय इंटर कॉलेज, बेसिक प्राइमरी स्कूल, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल एवं आवासीय परिसर सुरक्षा बल की टुकड़ियों ने सहभागिता की।इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कार्यकारी निदेशक श्री जयदेव परिदा ने सभी को 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं तथा अपने संबोधन में राष्ट्र निर्माण में ऊर्जा क्षेत्र की भूमिका, सुरक्षा के प्रति सतर्कता, अनुशासन एवं संगठनात्मक एकजुटता के महत्व पर प्रकाश डाला।इसके पश्चात ब्लूमिंग बड्स,



बाल भवन, विद्युत परिषद राजकीय इंटर कॉलेज, विवेकानन्द शिशुकुंज, ज्ञान ज्योति स्कूल एवं डालीम्स स्कूल के बच्चों द्वारा देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं। इस अवसर पर ष्टढ्ढस्न के अग्निशमन शाखा द्वारा तिरंगे के रंग की खूबसूरत प्रस्तुति की गई। साथ ही एन एफ एन दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के सौजन्य से आस पास के जरूरत मंद दिव्यांगों को तिपहिया सायकिल वितरित किया गया।समारोह के दौरान उत्कृष्ट कार्य, अनुकरणीय प्रदर्शन एवं मानवीय सेवाओं के लिए कर्मचारियों, ष्टढ्ढस्न जवानों एवं संविदा कर्मियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

## तीन दिनों से लापता बुजुर्ग का शव जमुरिया नाले के नीचे मिला, लोगो मे दहाशत



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर स्थित जमुरिया नाले के पुल के नीचे अधेड का शव मिलने से क्षेत्र मे हड़कंप मंच गया। सूचना मिलने पर मौक़े पर पहुंची पुलिस ने लोगो की मदद से शव को बाहर निकाला। अज्ञात शव की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। मौक़े पर पहुंची कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव की पहचान के प्रयास किए गए। काफ़ी प्रयास के बाद पता चला की मृतक की पहचान अब्दुल आरिफ उम्र लगभग 61 वर्ष पुत्र मोहे, निवासी कम्पनी बाग के रूप में हुई। मौक़े पर पहुंचे परिजनों ने ज़ब शव देखा तो चीख चीखकर रोने लगे। परिजनों के अनुसार मृतक अब्दुल आरिफ पिछले कई वर्षों से मानसिक रूप से अस्वस्थ थे और उनका इलाज चल रहा था। अब्दुल आरिफ 23 जनवरी 2026 को सुबह करीब 8 बजे वो घर से बिना बताए निकल गए थे, जिसके बाद से उनका कोई सुराग नहीं मिल पा रहा था। थक हारकर मृतक की पत्नी श्रीमती अफसरजहां द्वारा गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मृतक अब्दुल आरिफ मूल रूप से मैला रायगंज के निवासी थे और वर्तमान में बाराबंकी के कम्पनी बाग क्षेत्र स्थित विशाल टेंट हाउस वाली गली में किराए के मकान में रह रहे थे।

## बालक ध्रुव ने कठोर तपस्या से भगवान विष्णु को प्रसन्न कर लिया था: आचार्य अश्वनी

**गणेशपुर बाराबंकी।** तहसील क्षेत्र के गणेशपुर कस्बे में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे एवं पांचवें दिवस पर भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला।कथा व्यास आचार्य अश्वनी कुमार त्रिपाठी के मुखारविंद से ध्रुव चरित्र एवं भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का अत्यंत भावपूर्ण और मार्मिक वर्णन किया गया जिसे सुनकर पंडाल में उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। कथा के चौथे दिन बालक ध्रुव के जीवन प्रसंग का वर्णन करते हुए कथावाचक ने बताया कि मात्र पांच वर्ष की आयु में ध्रुव ने अपनी अटल श्रद्धा दृढ़ संकल्प और कठोर तपस्या से भगवान विष्णु को प्रसन्न कर लिया।

## पसमांदा मुस्लिम राष्टवादी कार्यालय पर वसीम ने झंडारोहण किया, बाटे मिठाई



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** पसमांदा मुस्लिम राष्ट्रवादी हैं देश के लिए कोई भी कुर्बानी दे सकते हैं गड़तन्त्र दिवस के अवसर पर सट्टी बाज़ार स्थित कार्यालय पर झंडा रोहण के बाद आयोजित कार्यक्रम में मदरसें के बच्चों और समाज के लोगों ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने संबोधित करते हुए कहा उन्होंने अपनी बात आगे जारी रखते हुए कहा कि आज ही के दिन 26 जनवरी 1950 को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखा गया संविधान लागू हुआ था। आज हम हिंदुस्तानियों के लिए बहुत ही फ़क्र दिन है इसी संविधान ने हमे आज़ादी दी अपने अपने धर्म के हिसाब पूजा-इबादत करने की आज जो ओ बी सी, एस सी का लाभ मिल रहा है इसी संविधान की वजह से हम सब की जिम्मेदारी है की अपने बच्चों को अच्छी तालीम दिलाकर डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम, वीर अब्दुल हमीद बनाये ये लोग तालीम हासिल कर देश और दुनिया में अपना रोशन किया है

## कांग्रेस कार्यालय पर झण्डा रोहण किया गया

जिला कांग्रेस कार्यालय छाया चौराहा पर झण्डा रोहण किया गया जिसमें मुख्य रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर कहा कि, 26 जनवरी सन् 1950 को आज ही के दिन हमारा संविधान लागू हुआ था और भारत एक संप्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य बना था। इतने दशकों में भारत ने सफलता पूर्वक कई चुनाव आयोजित किये, जो हमारे लोकतन्त्र की जड़ें गहरी होने का प्रमाण हैं। गणतन्त्र के इन वर्षों ने हर नागरिक को सामान्यता, स्वतन्त्रता और न्याय का अधिकार दिया। गणतन्त्र केवल एक व्यवस्था ही नही बल्कि एक प्रतिज्ञा है जो देश के हर नागरिक को सम्मान और न्याय दिलाने को बचनबद्ध करती है।इस अवसर पर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, केसी श्रीवास्तव, अजीत वर्मा, कमला भल्ला, शबनम वारसी, मोमहम्मद दिलशाद, अनुराग यादव, मोहम्मद इरफान कुरैशी, वीरेन्द्र यादव, मोहम्मद इजहार, राम हरख रावत, प्रशान्त सिंह, विजय पाल गौतम, माता प्रसाद, तसलीमन खान, रमेश कश्यप, संजीव मिश्रा, मोईनुद्दीन अंसारी, सना चौधरी, आदि लोग उपस्थित थे।

## भारत-यूरोपीय संघ व्यापार समझौता देश की अर्थव्यवस्था के लिए ऐतिहासिक कदम : राजेश अग्रवाल

**बरेली!** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं बरेली कैंट विधायक राजेश अग्रवाल ने भारत और यूरोपीय संघ के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते को देश की अर्थव्यवस्था के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। उन्होंने कहा कि इस समझौते से लगभग 200 करोड़ लोगों को व्यापारिक लाभ मिलेगा और दुनिया की एक-चौथाई जीडीपी इससे प्रभावित होगी। राजेश अग्रवाल ने कहा कि यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने भी इसे अब तक का सबसे बड़ा और भविष्य में सिद्ध होने वाला महत्वपूर्ण व्यापार समझौता बताया है। भारत की वैश्विक स्तर पर साख लोकतांत्रिक व्यवस्था और मज़बूत नेतृत्व के कारण तेज़ी से बढ़ रही है, जिससे यूरोप और भारत के बीच तकनीकी सहयोग भी और सशक्त होगा

उन्होंने बताया कि भारत इस समझौते के लिए वर्ष 2007 से प्रयासरत था। वर्ष 2013 में यह प्रक्रिया बिना किसी निष्कर्ष के ठंडे बस्ते में चली गई थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह प्रयास न केवल सफल होने जा रहा है, बल्कि वैश्विक आर्थिक और सामाजिक दिशा बदलने वाला साबित होगा। राजेश अग्रवाल ने कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन 2022 के दौरान भारत ने अफ्रीकी यूनियन को स्थायी सदस्य बनवाकर वैश्विक मंच पर बड़ा संदेश दिया। अब 27 यूरोपीय देशों के साथ व्यापार समझौता होना प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शी सोच का परिणाम है, जो विश्व में बढ़ती गुटबंदी को भी चुनौती देता है। ऊन्होंने बताया कि इस समझौते से भारत में एमएसएमई, ऊर्जा, पेट्रो-गैस, समुद्री परिवहन, रक्षा, निर्माण सहित लगभग हर क्षेत्र में निवेश और औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। वस्त्र, आभूषण, चमड़ा उद्योग और खाद्य निर्यात में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इससे भारत में रोजगार और समृद्धि के नए अवसर खुलेंगे।राजेश अग्रवाल ने कहा कि यह समझौता अमेरिका और चीन के लिए लाभकारी नहीं होगा, जबकि भारत आत्मनिर्भरता की ओर तेज़ी से आगे बढ़ेगा। यूरोपीय यूनियन के साथ सप्लाई चेन मज़बूत होने से भारतीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस समझौते को ÷स्र्शह्लद्धद्गह्म् शद्ध द्यद्य ष्ठद्गड्डद्यह्य÷ कहे जाने को पूरी तरह सही बताया और कहा कि इससे विश्व में भारत की प्रतिष्ठा और भरोसा और बढ़ेगा। राजेश अग्रवाल ने इस ऐतिहासिक पहल के लिए प्रधानमंत्री मोदी को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

## इस्तीफ़े के बाद बड़ा एक्शनः बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री सस्पेंड, मंडलायुक्त करेंगे जांच

### रात 11 बजे खाली किया सरकारी आवास, समर्थकों की भीड़ ने लगाए जय शिवा-जय भवानी के नारे

**बरेली।** गणतंत्र दिवस के दिन इस्तीफ़ा देकर प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में हलचल मचाने वाले बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री पर अब शासन ने सख्त कार्रवाई की है। उत्तर प्रदेश सरकार ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों की विभागीय जांच के आदेश जारी किए गए हैं। जांच की जिम्मेदारी बरेली मंडल के आयुक्त भूपेंद्र एस. चौधरी को सौंपी गई है। शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि सिटी मजिस्ट्रेट के पद पर रहते हुए उनके आचरण को प्रथम दृष्टया अनुशासनहीनता की श्रेणी में माना गया है। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली-1999 के तहत की गई है। निलंबन अवधि के दौरान उन्हें केवल जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा, किसी भी प्रकार का अतिरिक्त भत्ता नहीं दिया जाएगा। शासन की कार्रवाई के कुछ ही घंटों बाद घटनाक्रम ने और नाटकीय मोड़ ले लिया। अलंकार अग्निहोत्री ने रात करीब 11 बजे अपना सरकारी आवास खाली कर दिया। फिलहाल वे बरेली में ही अपने परिचितों के यहां रुके हुए हैं। आदेश के अनुसार निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय शामली तय किया गया है और बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ने पर रोक रहेगी। इस्तीफ़ा देने के बाद शाम करीब 7:30 बजे अलंकार अग्निहोत्री जिलाधिकारी अविनाश सिंह के आवास पहुंचे थे। वहां लगभग एक घंटे तक बातचीत चली।

## निलंबन के बाद नया विवादः सिटी मजिस्ट्रेट की गाड़ी पर ‘CM ’ प्लेट से गरमाई सियासत

### बरेली में सस्पेंड क्क्कष्टस् अधिकारी की गाड़ी बनी सवालों का केंद्र, ‘CM प्लेट पर उठे नियमों के सवाल

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** सिटी मजिस्ट्रेट पद से हटाए जाने और निलंबन की कार्रवाई के बाद क्क्कष्टस् अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री से जुड़ा एक और मामला चर्चा में आ गया है। इस बार विवाद उनकी सरकारी गाड़ी को लेकर है, जिस पर लाल रंग की प्लेट पर आगे की ओर बड़े अक्षरों में ‘ष्टरू’ लिखा हुआ दिखाई दे रहा है। गाड़ी की तस्वीरें सामने आते ही सोशल मीडिया पर सवालों की बाढ़ आ गई। आपत्ति जताने वालों का कहना है कि उत्तर प्रदेश में ‘ष्टरू’ शब्द आमतौर पर मुख्यमंत्री के लिए प्रयोग किया जाता है, ऐसे में किसी प्रशासनिक अधिकारी की गाड़ी पर इस तरह का संकेत नियमों और प्रशासनिक मर्यादा के विपरीत है। आरोप है कि सिटी मजिस्ट्रेट रहते हुए उन्होंने अपनी गाड़ी पर पूरे पदनाम की जगह शॉर्ट फॉर्म ‘ष्टरू’ लिखवाया और उसी वाहन से शहर में आवागमन करते रहे। सूत्रों के मुताबिक, इस प्लेट को लेकर पहले भी अधिकारियों ने असहमति जताई थी। संबंधित अधिकारियों ने स्पष्ट तौर पर कहा था कि भ्रम की स्थिति से बचने के लिए या तो पूरा पदनाम लिखा जाए या सामान्य सरकारी नंबर प्लेट का उपयोग किया जाए। इसके बावजूद विवादित प्लेट को हटाया नहीं गया। इस्तीफा, निलंबन और डीएम कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन के बाद अब यह प्रकरण एक बार फिर चर्चा में आ गया है। वायरल तस्वीरों के साथ लोग यह सवाल उठा रहे हैं कि जब आपत्ति दर्ज कराई जा चुकी थी, तो फिर नियमों की अनदेखी क्यों होती रही। राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में इसे केवल नंबर प्लेट का मामला नहीं माना जा रहा। कई लोग इसे अहंकार बनाम व्यवस्था की प्रतीकात्मक लड़ाई के तौर पर देख रहे हैं। पहले से ही दबाव झेल रहे प्रशासन के लिए यह नया विवाद एक और चुनौती बनकर सामने आया है। स्पष्ट है कि बरेली में सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री से जुड़ा मामला अब सिर्फ इस्तीफे या निलंबन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उनकी गाड़ी से लेकर प्रशासनिक व्यवस्था तक पर सवाल खड़े कर रहा है।

## कुंडल लूट के आरोपी से पुलिस की मुठभेड़ पैर में गोली लगने से घायल, गिरफ्तार

**बरेली।** थाना कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने कुंडल लूट की घटनाओं में वांछित चल रहे एक आरोपी को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, बीते 19 जनवरी को अयूब खां चौराहे के पास स्कूटी सवार महिला से कान का कुंडल छीनने की वारदात हुई थी। इसके अलावा 24 जनवरी 2026 को भी इसी तरह की एक और घटना सामने आई थी। दोनों मामलों में थाना कोतवाली में मुकदमे दर्ज किए गए थे और आरोपी की तलाश में पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही थीं। 26 जनवरी की रात करीब 11ऱ15 बजे चौपला चौराहे के पास चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध बाइक सवार को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखते ही आरोपी बाइक लेकर रेलवे कॉलोनी के जंगल की ओर भागने लगा। इसी दौरान उसकी बाइक फिसलकर गिर गई। खुद को घिरता देख बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश को मौके पर ही काबू कर लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम दिव्यांश वर्मा उर्फ अंकित, पुत्र मंगली राम, निवासी बालाजी धाम, गौशाला वाली गली, थाना कैंट, जनपद बरेली बताया।

## निलंबन के बाद सड़क पर उतरे पीसीएस अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री, डीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** सिटी मजिस्ट्रेट पद से इस्तीफा देने के बाद निलंबित किए गए पीसीएस अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री ने शासन और जिला प्रशासन के खिलाफ विरोध तेज कर दिया है। मंगलवार को वह अपने समर्थकों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और परिसर के बाहर धरना देकर नारेबाजी की। इस दौरान कुछ समय के लिए स्थिति तनावपूर्ण भी हो गई। 2019 बैच के पीसीएस अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दिया था। इसके कुछ ही घंटों बाद देर रात शासन ने उन्हें निलंबित कर दिया। निलंबन के विरोध में मंगलवार सुबह उनके सरकारी आवास के बाहर पुलिस बल तैनात कर दिया गया, लेकिन इसके बावजूद वह पैदल ही समर्थकों के साथ कलक्ट्रेट पहुंच गए। धरने के दौरान अलंकार अग्निहोत्री ने आरोप लगाया कि उनके खिलाफ सुनियोजित साजिश की गई है। उन्होंने दोहराया कि उन्हें सोमवार रात डीएम आवास में रोके जाने का प्रयास किया गया था, हालांकि जिला प्रशासन इन आरोपों को पहले ही निराधार बता चुका है। उन्होंने कहा कि जब वह अपने फैसले से पीछे नहीं हटे तो देर रात निलंबन की कार्रवाई कर दी गई। अलंकार अग्निहोत्री ने स्पष्ट किया कि वह इस फैसले को चुनौती देने के लिए हाईकोर्ट जाएंगे और आवश्यकता पड़ी तो सुप्रीम कोर्ट तक भी लड़ाई लड़ेंगे। कलक्ट्रेट पहुंचने पर डीएम कार्यालय का मुख्य गेट बंद मिला। इसके बाद वह वहीं जमीन पर बैठ गए और करीब एक घंटे तक डीएम के आने का इंतजार किया। बाद में उन्हें समर्थकों के साथ सभागार में बैठने की अनुमति दी गई, जहां मीडिया को प्रवेश नहीं दिया गया। डीएम चेंबर के सामने करीब आधे घंटे तक नारेबाजी होती रही। सुबह करीब 11ऱ58 बजे अलंकार अग्निहोत्री डीएम से मिलने के लिए उठे और समर्थकों के साथ सभागार पहुंचे, जहां भी कुछ देर तक विरोध प्रदर्शन जारी रहा।

# मतदाता सुविधा केंद्र का निरीक्षण कर जिलाधिकारी ने दिया निर्देश



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं अद्यतन कार्य को पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सन्तोष कुमार शर्मा द्वारा निचलौल तहसील अंतर्गत ब्लॉक मिठौरा में स्थापित मतदाता सुविधा केंद्र (बूथ) का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि विशेष पुनरीक्षण मतदाता सूची के प्रकाशन के उपरांत एसआईआर फार्म के माध्यम से मतदाता पहचान संबंधी नोटिस तथा नये मतदाताओं द्वारा फार्म-06 भरने के पश्चात प्राप्त आवेदनों को ऑनलाइन अपलोड कर अद्यतन मतदाता सूची तैयार की जा रही है। इस प्रक्रिया के तहत ब्लॉक मिठौरा परिसर में कुल तीन बूथ स्थापित किए गए हैं, जिनमें दो बूथ ब्लॉक परिसर में तथा एक बूथ ब्लॉक सभागार में संचालित किया जा रहा है। प्रत्येक बूथ पर 20-20 मतदान केंद्रों से संबंधित कार्य किया जा रहा है, इस प्रकार कुल 60 मतदान केंद्रों के मतदाता आवेदनों को कम्प्यूटरीकृत प्रणाली के माध्यम से व्हाट्सएप एवं कंप्यूटर द्वारा अपलोड किया जा रहा है, जिससे एक पारदर्शी एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार की जा सके। निरीक्षण के दौरान प्रथम बूथ पर 223 मतदाता फार्म प्राप्त हुए, जिनमें से 41 मतदाताओं के नाम अपलोड किए जा चुके हैं। द्वितीय बूथ पर 76 फार्म में से 21 तथा तृतीय बूथ पर 95 फार्म में से 22 मतदाताओं के फार्म सफलतापूर्वक अपलोड किए गए हैं। जिलाधिकारी ने बूथों पर कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटरों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मतदाताओं के नाम, पिता/पति के नाम की स्पेलिंग एवं मात्रा का विशेष ध्यान रखते हुए सही अंकन सुनिश्चित किया जाए, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि न रहे। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि मतदाताओं की फोटो स्पष्ट एवं मानक के अनुरूप अपलोड की जाए।

## रामनगर मे सरकारी व निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली



*अवधनामा संवाददाता*

**रामनगर बाराबंकी।** देश का राष्ट्रीय त्योहार गणतंत्र दिवस रामनगर क्षेत्र में बड़े ही धूमधाम एवं हर्सोल्लाष के साथ मनाया गया सरकारी व निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकालकर देश भक्ति गीत व विभिन्न रंगारंग मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। पीजी कॉलेज रामनगर में प्राचार्य डॉ कौशलेंद्र विक्रम मिश्रा, तथा यूनियन इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य डॉ कमलेश सिंह के निर्देशन में गणतंत्र दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया स्कूली विद्यार्थियों द्वारा वाणी वंदना स्वागत गीत भाव नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगो क मन मोह लिया। इस मौके पर ज्वॉइट मजिस्ट्रेट ने गरीब जरूरतमंद महिलाओं में कंबल वितरित किए। बुढ़वल स्टेशन पर स्टेशनर अधीक्षक प्रमोद कुमार सिंह, आरपीएफ पोस्ट बुढ़वल पर पोस्ट कमांडर रवि कुमार व जीआरपी थाने पर चौकी प्रभारी जयंत दुबे ने भी ध्वजारोहण किया।

# सदस्यों का विवरण ई कवच पोर्टल पर करें अपलोडः डा. केपी सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**सिन्दुरिया(महराजगंज)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सदर के सभागार में डिप्टी सीएमओ / चिकित्साधीक्षक डा. केपी सिंह की अध्यक्षता में ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस के पर्यवेक्षक के साथ बैठक आयोजित किया गया। इस दौरान डा. केपी सिंह ने पर्यवेक्षक से कहा कि अपने आवंटित क्षेत्र के सभी एएनएम से कहे कि वे अपने क्षेत्र के सभी परिवारों का शत प्रतिशत सर्वे करा कर उन्हें आशा के

ग्राम स्वास्थ्य सूचकांक रजिस्टर में दर्ज करा कर सभी सदस्यों का विवरण ई कवच पोर्टल पर फीड कर दें ।शासन की मंशा के अनुसार बच्चों एवं गर्भवती को शत प्रतिशत टीका लगाने के लिए अपडेटेड डीयू लिस्ट तभी बन पाएगी जब



सर्वे रजिस्टर पूर्ण हो तथा सभी ब्यौरा ई कवच पोर्टल पर फीड हो । स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी श्रीभागवत सिंह ने पर्यवेक्षकों को टीकाकरण के महत्व व टीकाकरण में जीरो डोज वाले बच्चों के बारे में बताते हुए कहा कि वे अपने पर्यवेक्षण के दौरान यह जरूर देख लें कि एएनएम नौ माह से 12 माह तक के सभी बच्चों को एमआर तथा जेई की पहली खुराक तथा 16 माह से 24 माह के अंदर के सभी बच्चों को डीपीटी बूस्टर प्रथम , एमआर तथा जेई की दूसरी खुराक,5 वर्ष पर डीपीटी बूस्टर,10 वर्ष ,16 वर्ष पर टीडी का टीका बच्चों को अवश्य लगा दें। सभी एएनएम अपने अपने क्षेत्र के 30 वर्ष से ऊपर के सभी लोगो का सीबीएसी फॉर्म भरवा कर उनका स्क्रीनिंग करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर राहुल , रिमझिम , सूर्य प्रताप सिंह, धर्मेंद्र गुप्त , फिरोज आलम एवं लवली वर्मा सहित समस्त पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

# ट्रंप के चापलूसों का बोर्ड

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने जिस 'बोर्ड ऑफ पीस' (शांति बोर्ड) की स्थापना का प्रयास किया है, उसमें अभी तक वे 19 देश शामिल हुए हैं, जो अमरीका की चापलूसी करने को बाध्य हैं। अलग-अलग कारणों से अमरीका के मोहताज हैं। अमरीका ही उन्हें सुरक्षा की गारंटी देता है और वह ही आर्थिक मदद करता है। उन 19 में से 12 देश इस्लामिक हैं। उनमें पाकिस्तान ने भी 'शांति बोर्ड' की सदस्यता के लिए दस्तखत किए हैं। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने जब प्रारूप पर दस्तखत किए, तो सीडीएफ आसिम मुनीर भी सामने बैठे थे। अब इस फैसले के खिलाफ पाकिस्तान में 'जेहाद' के नारे बुलंद किए जा रहे हैं। इसके कुछ खास कारण हैं। पाकिस्तान अभी तक इजरायल को एक देश के तौर पर मान्यता नहीं देता। वह फिलिस्तीन का समर्थक रहा है, लेकिन अब पाकिस्तान के 4000 फौजियों को गाजा क्षेत्र में इजरायल सेना के नेतृत्व में काम करना पड़ेगा। ट्रिगर इजरायल के हाथ में होगा और लडने़-मरने वाले मुस्लिम फौजी होंगे। पाकिस्तान के मुस्लिम फौजियों को फिलिस्तीन, गाजा, हमास के मुसलमानों पर ही गोली चलानी पड़ेगी। जाहिर है कि मुसलमान ही मुसलमान का कत्ल करेगा! अहम और बुनियादी कारण यह है कि इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने संसद को विश्वास में क्यों नहीं लिया? संसद की इजाजत के बिना इतना अहम फैसला कैसे ले लिया गया कि पाकिस्तान के 4000 फौजी गाजा में सक्रिय रहेंगे। उन्हें जो 1000 डॉलर प्रति का मेहनताना मिलेगा, वह 40 लाख डॉलर की राशि सीडीएफ आसिम मुनीर हासिल करेगा। फौजियों को जो देना होगा, वह हुकूमत तय करेगी। फौजी की मौत के बाद पर्याप्त मुआवजा और सम्मान राशि कितनी होगी और कौन देगा, यह अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। उस पर भी मुनीर की 'डकैत निगाहें' होंगी! पाकिस्तान में कट्टरपंथी जमात इसे 'इस्लाम-विरोधी' और 'अल्लाह-विरोधी' फैसला करार दे रही है।

खासकर सीडीएफ मुनीर के खिलाफ फतवे जारी किए जा रहे हैं। अवाम का मानना है कि शहबाज-मुनीर ने राष्ट्रपति ट्रंप के सामने दंडवत आत्मसमर्पण कर दिया है, क्योंकि पाकिस्तान को पैसा चाहिए। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात जैसे मुस्लिम देशों ने पाकिस्तान को कर्ज देने से इंकार कर दिया है। चीन अपने उधार दिए गए कर्ज को वापस मांग रहा है। यदि आईएमएफ और विश्व बैंक से आर्थिक पैकेज की अपेक्षा करनी है, तो अमरीका ही एकमात्र सहारा है। राष्ट्रपति ट्रंप के इशारे पर ही पाकिस्तान को नया कर्ज मिल सकता है। पाकिस्तान पर फिलहाल 130 अरब डॉलर के करीब का कर्ज है। पाकिस्तान के हरेक नागरिक पर औसतन 3,63,831 पाक रुपए का कर्ज है। करीब 60 फीसदी अवाम गरीबी-रेखा के नीचे जीने को विवश है। भारत से करीब 25 गुना अधिक महंगाई पाकिस्तान में है। अवाम में जेहाद के नारों के साथ 'मुनीर की वर्दी उतारने' के नारे भी गूंज रहे हैं। 'तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान' सरीखा संगठन भडक़ उठा है और आत्मघाती हमलों की धमकियां दे रहा है। फिलहाल 'शांति बोर्ड' की सदस्यता निशुल्क है, लेकिन स्थायी सदस्यता के लिए 1 अरब डॉलर की फीस अदा करनी होगी। भारत की मौजूदा मौद्रिक स्थिति के मुताबिक, यह राशि 9100 करोड़ रुपए से अधिक बनती है। पाकिस्तान को अधिक राशि का भुगतान करना पड़ेगा। 'घर में नहीं दाने, अम्मा चली भुनाने'ज्भूखा-नंगा पाकिस्तान इतनी रकम कैसे दे पाएगा? यानी सब कुछ अस्थायी है अभी। यदि विश्व-व्यवस्था के संदर्भ में इस 'शांति बोर्ड' का विश्लेषण करें, तो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी और वीटोधारक सदस्य देशों में से सिर्फ अमरीका ही सदस्य है। रूस, चीन, फ्रांस, ब्रिटेन समेत भारत, जर्मनी, इटली, कनाडा, नॉर्वे, डेनमार्क, स्वीडन, पराग्वे, स्लोवेनिया, तुर्किये, यूक्रेन आदि देश न तो बोर्ड से जुड़े हैं और न ही ट्रंप के निमंत्रण का जवाब दे रहे हैं।

# उच्च शिक्षा में समानता बिलः चिंताएँ और वास्तविकता


महेन्द्र तिवारी

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा लागू किए गए समानता को बढ़ावा देने वाले उच्च शिक्षा में समानता बिल ने उच्च शिक्षा के परिसरों को एक बार फिर उस बहस के केंद्र में ला खड़ा किया है, जिसे भारत बार-बार टालता आया है। समानता की कीमत क्या होनी चाहिए और उसका बोझ किस पर पड़े - कागज़ पर यह नियम जातिगत भेदभाव के विरुद्ध एक सख्त और समयबद्ध ढांचा प्रस्तुत करते हैं, लेकिन ज़मीनी स्तर पर इन्होंने भय, अविश्वास और प्रतिरोध की एक नई राजनीति को जन्म दिया है। यह टकराव केवल सवर्ण बनाम आरक्षित वर्ग या समर्थन बनाम विरोध का नहीं है, बल्कि यह उस असहज प्रश्न से जुड़ा है कि क्या न्याय की जल्दी में न्याय की प्रक्रिया कुचली जा सकती है। यूजीसी का तर्क अपने आप में असंगत नहीं है। देश के विश्वविद्यालय दशकों से सामाजिक असमानताओं के बोझ को ढोते रहे हैं। दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्गों के छात्रों द्वारा भेदभाव, उपेक्षा और मानसिक उत्पीड़न की शिकायतें बार-बार सामने आती रही हैं। कई मामलों में संस्थागत चुप्पी और उदासीनता ने हालात को और भयावह बनाया। ऐसे में समान अवसर केंद्र, इक्विटी समिति, 24×7 हेल्पलाइन और मोबाइल इक्विटी स्क्वॉड जैसी व्यवस्थाएँ कागज़ी सुधार नहीं, बल्कि एक जवाबदेह तंत्र स्थापित करने की कोशिश प्रतीत होती हैं। शिकायत पर 24 घंटे में जांच शुरू करने और सीमित समय में कार्रवाई का प्रावधान उस धीमे न्याय के विरुद्ध प्रतिक्रिया है, जिसने पहले कई पीड़ितों को निराश किया।

लेकिन नीति केवल अपने उद्देश्य से नहीं, बल्कि अपने प्रभाव से आँकी जाती है। उत्तर भारत के कई राज्यों में सामान्य वर्ग के छात्र और शिक्षक जिस तरह सड़कों पर उतर आए हैं, वह बताता है कि इन नियमों ने समाज के एक बड़े हिस्से में असुरक्षा की भावना पैदा की है। करणी सेना, ब्राह्मण महासभा, कायस्थ महासभा, वैश्य संघ और सवर्ण समाज समन्वय समिति जैसे संगठनों का विरोध केवल राजनीतिक शोर नहीं है; उसमें एक डर छिपा है—कि कहीं समानता की आड़ में एक नया असंतुलन न पैदा हो जाए। विरोधियों की सबसे बड़ी आशंका दुरुपयोग की है। शिकायत मिलते ही जांच शुरू करने और त्वरित कार्रवाई के प्रावधान को वे पहले सज़ा, बाद में सुनवाई के रूप में देख रहे हैं। यह डर निराधार नहीं माना जा सकता, क्योंकि कानूनों के दुरुपयोग की बहस भारत में नई नहीं है। एसटी/एससी अत्याचार निवारण अधिनियम से जुड़े सामाजिक अनुभवों—चाहे वे वास्तविक हों या धारणा-आधारित—ने इस भय को और गहरा किया है। जब प्रक्रिया इतनी कठोर हो कि प्रारंभिक छंटनी या सुनवाई का स्पष्ट ढांचा न दिखे, तो अविश्वास पनपना स्वाभाविक है।

इक्विटी समिति की संरचना ने भी सवाल खड़े किए हैं। एसटी/एससी, ओबीसी, महिलाओं और दिव्यांगों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना सामाजिक न्याय के लिहाज़ से ज़रूरी हो सकता है, लेकिन सामान्य वर्ग का कोई औपचारिक प्रतिनिधि न होना निर्णय प्रक्रिया पर संदेह को जन्म देता है। यह बहस इस बात की नहीं है कि हाशिये के समूहों को क्यों जगह दी गई, बल्कि इस बात की है कि जब एक पूरा सामाजिक वर्ग निर्णय की मेज़ से अनुपस्थित हो, तो निष्पक्षता का भरोसा कैसे बने। समानता का दावा तभी मजबूत होता है, जब वह सभी को सुनने की इच्छा भी दिखाए।

इन नियमों पर उठ रहे संवैधानिक सवाल इस बहस को और गंभीर बनाते हैं। अनुच्छेद 14 कानून के समक्ष समानता की गारंटी देता है, लेकिन समानता का अर्थ समान प्रक्रिया भी है। यदि किसी विशेष समूह के लिए अलग और अधिक दंडात्मक व्यवस्था खड़ी की जाती है, तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत—विशेषकर सुनवाई का अधिकार—पूरी तरह सुरक्षित हैं। सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तावित जनहित याचिकाएँ इसी चिंता का प्रतिबिंब हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़्वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

**यूजीसी पर हो रहे बदलाव सिर्फ़ एक क़ानूनी प्रक्रिया नहीं हैं, बल्कि भारत की सोच और समझ से जुड़ा मामला हैं। जनता सरकार से टकराव नहीं चाहती, लेकिन शिक्षा पर एकतरफ़ा दबाव भी मंज़ूर नहीं कर सकती। अगर शिक्षा कमज़ोर होगी, तो लोकतंत्र भी कमज़ोर होगा। और अगर सवाल पूछने की आज़ादी खत्म हुई, तो नुकसान सिर्फ़ विश्वविद्यालयों का नहीं, पूरे समाज का होगा। आज ज़रूरत सुधार की है, क़ाबू की नहीं। सुनने की है, थोपने की नहीं।**

# शिक्षा, यूजीसी और केंद्रीकरणः सत्ता की छाया में जनता का अधिकार


आलम रिज़्वी

भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था कभी सोच की आज़ादी, अलग-अलग विचारों और खुली बहस की पहचान रही है। विश्वविद्यालय सिर्फ़ डिग्री देने की जगह नहीं थे, बल्कि समाज को रास्ता दिखाने वाले केंद्र हुआ करते थे। लेकिन आज यूजीसी (niversity Grants Commission) से जुड़े नए बिल और प्रस्तावों ने एक गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है—क्या शिक्षा अब जनता की ज़रूरत से ज़्यादा सत्ता की ज़रूरत बनती जा रही है?

यूजीसी की स्थापना का मकसद था कि विश्वविद्यालय आज़ाद रहें और पढ़ाई का स्तर ठीक बना रहे। लेकिन हाल के प्रस्तावों में यूजीसी की भूमिका कम कर, ज़्यादा ताक़त केंद्र सरकार को देने की कोशिश दिखाई देती है। यही बात आम जनता, शिक्षक, छात्र और राज्य सरकारों को परेशान कर रही है।




**शिक्षा का केंद्रीकरण :- किसके फायदे में :** शिक्षा भारतीय संविधान में समवर्ती विषय है, यानी इसकी ज़िम्मेदारी केंद्र और राज्य दोनों की है। लेकिन यूजीसी से जुड़े नए प्रावधान राज्यों की भूमिका को कमज़ोर करते दिखते हैं। जब पाठ्यक्रम, नियुक्तियाँ, मान्यता और पैसा जैसे अहम फैसले दिल्ली से होंगे, तो स्थानीय ज़रूरतें और अलग-अलग इलाक़ों की पहचान कैसे बचेगी? यह सवाल सिर्फ़ राजनीति का नहीं, जनता के हक़ का सवाल है।

**आम छात्र की चिंता :** पब्लिक का सबसे बड़ा डर यह है कि शिक्षा धीरे-धीरे मंहगी होकर निजी हाथों में न चली जाए। जब सरकारी संस्थानों की आज़ादी घटेगी और पैसे का दबाव बढ़ेगा, तो फीस बढ़ना तय है। इसका सीधा असर गरीब, ग्रामीण और मध्यम वर्ग के छात्रों पर पड़ेगा, जिनके लिए शिक्षा ही आगे बढ़ने का सबसे बड़ा सहारा है।

विश्वविद्यालयों में शिक्षक सिर्फ़ कर्मचारी नहीं होते, बल्कि सोच और समझ देने वाले लोग होते हैं। नए ढाँचों में भर्ती और प्रशासन पर बढ़ते नियंत्रण से यह डर पैदा हुआ है कि अलग राय रखने वालों को पीछे कर दिया जाएगा। अगर शिक्षक खुलकर नहीं बोल पाएँगे, तो छात्र आज़ाद सोच कैसे सीखेंगे?


**सरकार की बात और ज़मीनी हकीकत :** सरकार कहती है कि इन सुधारों से पढ़ाई का स्तर सुधरेगा और अंतरराष्ट्रीय स्तर की शिक्षा मिलेगी। यह बात कागज़ों में अच्छी लगती है, लेकिन हकीकत यह है कि अच्छी शिक्षा आदेश देने से नहीं, बल्कि आज़ादी और सही निवेश से आती है। दुनिया के बेहतरीन विश्वविद्यालय इसलिए आगे हैं क्योंकि वहाँ सरकार नहीं, ज्ञान सबसे ऊपर होता है।

**पब्लिक के सवाल, जवाब कौन देगा :** क्या शिक्षा नीति जनता से बात किए बिना बदली जाएगी? क्या विश्वविद्यालय सरकारी दफ़्तर बनकर रह जाएँगे? क्या शिक्षा का मकसद सिर्फ़ नौकरी रह जाएगा, सोच और सवाल खत्म हो जाएँगे?

यूजीसी पर हो रहे बदलाव सिर्फ़ एक क़ानूनी प्रक्रिया नहीं हैं, बल्कि भारत की सोच और समझ से जुड़ा मामला हैं। जनता सरकार से टकराव नहीं चाहती, लेकिन शिक्षा पर एकतरफ़ा दबाव भी मंज़ूर नहीं कर सकती। अगर शिक्षा कमज़ोर होगी, तो लोकतंत्र भी कमज़ोर होगा। और अगर सवाल पूछने की आज़ादी खत्म हुई, तो नुकसान सिर्फ़ विश्वविद्यालयों का नहीं, पूरे समाज का होगा। आज ज़रूरत सुधार की है, क़ाबू की नहीं। सुनने की है, थोपने की नहीं।

# भारत का भविष्य-निर्माणः मांग, आत्मनिर्भर वृद्धि

**कभी-कभी रोजगार और औद्योगिक स्तर पर सबसे बड़े परिवर्तन सबसे छोटी मशीनों से शुरू होते हैं। केवल कोविड के बाद ही, 1.8 करोड़ से अधिक सिलाई मशीनें भारत के उत्पादन इकोसिस्टम के लिए आयात की गई हैं। 2024-25 में, आयात 61 लाख मशीनों के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया, जो अब तक का सबसे अधिक है। प्रत्येक मशीन वस्त्र-से-परिधान मूल्य श्रृंखला में लगभग 1.7 श्रमिकों के रोजगार का समर्थन करती है। परिणामस्वरूप, महामारी के बाद सिलाई मशीन के आयात में वृद्धि से वस्त्र क्षेत्र में 3**


गिरिराज सिंह

प्रत्येक भारतीय वस्त्र उत्पाद में कपड़े से कहीं आगे की कहानी छिपी होती है, यह कहानी साहस, आत्मविश्वास और शांत परिवर्तन से जुड़ी है। यह प्रतिबिंबित करती है कि कैसे एक महिला गरिमा के साथ कार्यबल में प्रवेश करती है, कैसे एक परिवार निरंतर आय के माध्यम से स्थिरता पाता है और किस प्रकार प्रथम-पीढ़ी का उद्यमी, कौशल को आत्मनिर्भरता में बदल देता है। पिछले 11 वर्षों में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्णायक और दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत का वस्त्र क्षेत्र एक पारंपरिक उद्योग से एक शक्तिशाली, रोजगार सृजक और जन-केंद्रित वृद्धि इंजन में बदल गया है, जो आत्मनिर्भर भारत की सच्ची भावना को दर्शाता है।

**मांग, पैमाना और निर्यात- वृद्धि की आधारशिला :** भारत के वस्त्र उद्योग के पुनरुत्थान का आधार मजबूत घरेलू मांग और बढ़ते उपभोग में निहित है। 140 करोड़ से अधिक की आबादी के साथ, भारत दुनिया के सबसे सुदृढ़ वस्त्र बाजारों में से एक है। इस परिवर्तन का पैमाना आंकड़ों से स्पष्ट होता है। भारत का घरेलू वस्त्र बाजार केवल पांच वर्षों में लगभग 8.4 लाख करोड़ से बढ़कर अनुमानित 13 लाख करोड़ हो गया। उपभोग के रुझान इस गति को और भी मजबूत करते हैं- पिछले दशक में प्रति व्यक्ति वस्त्र उपभोग लगभग दोगुना हो गया है, जो 2014-15 के लगभग 3,000 से बढ़कर 2024-25 में 6,000 से अधिक हो गया और 2030 तक फिर से दोगुनी वृद्धि के साथ 12,000 होने का अनुमान है। इस मांग-आधारित विस्तार का प्रतिबिंब, निर्यात में दिखाई पड़ता है। वस्त्र और परिधान का निर्यात 2019-20 के 2.49 लाख करोड़, जिस वर्ष कोविड की आपदा आयी थी, से बढ़कर 2024-25 में लगभग 3.5 लाख करोड़ हो गया, इस प्रकार कोविड के बाद के दौर में लगभग 28त्र की वृद्धि दर्ज की गयी। इस तेज़ उछाल से भारत की क्षमता उजागर होती है कि वह वैश्विक मांग में वृद्धि होने पर तेजी से अपना उत्पादन बढ़ा सकता है और, सबसे महत्वपूर्ण, निर्यात वृद्धि को वस्त्र मूल्य श्रृंखला में रोजगार के अवसरों में बदल सकता है।

**वस्त्र उद्योग, भारत के कार्यबल पुनरुद्धार को सक्षम बना रहा :** वस्त्र उद्योग भारत की रोजगार अर्थव्यवस्था का प्रमुख घटक है। आज, यह क्षेत्र कृषि के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा रोजगार-प्रदाता है, जो 2023-24 के अंत तक लगभग 5.6 करोड़ लोगों को प्रत्यक्ष रूप से समर्थन दे रहा है। कार्यबल की यह संख्या 2014 की तुलना में लगभग दोगुनी हो गयी है। कोविड के बाद का चरण विशेष रूप से परिवर्तनकारी रहा है- 2020 से निर्यात-केंद्रित विकास से केवल संगठित क्षेत्र में ही अनुमानित 1.5 करोड़ नई नौकरियों का सृजन हुआ है। यदि उद्योग को समर्थन देने वाले व्यापक असंगठित इकोसिस्टम को ध्यान में रखा जाए, तो रोजगार परिदृश्य और भी बड़ा हो जाता है, जो वस्त्र उद्योग को भारत के सर्वाधिक समावेशी और सुदृढ़ आजीविका स्त्रोतों में से एक के रूप में रेखांकित करता है।

क्षमता सृजन और सिलाई मशीन का प्रभाव

इस निर्यात सुदृढ़ता के पीछे एक निर्णायक बदलाव छिपा है, जो क्षमता-आधारित वृद्धि की दिशा में किया गया है। पिछले दशक में वस्त्र क्षेत्र का विस्तार एक अनजानी नायिका सिलाई मशीन, की शक्ति से संभव हुआ है। एक उपकरण से आगे बढ़कर सिलाई मशीन वृद्धि के लिए एक उत्प्रेरक बन गई है, इससे यह बात साबित होती है कि कभी-कभी रोजगार और औद्योगिक स्तर पर सबसे बड़े परिवर्तन सबसे छोटी मशीनों से शुरू होते हैं। केवल कोविड के बाद ही, 1.8 करोड़ से अधिक सिलाई मशीनें भारत के उत्पादन इकोसिस्टम के लिए आयात की गई हैं। 2024-25 में, आयात 61 लाख मशीनों के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया, जो अब तक का सबसे अधिक है। प्रत्येक मशीन वस्त्र-से-परिधान मूल्य श्रृंखला में लगभग 1.7 श्रमिकों के रोजगार का समर्थन करती है। परिणामस्वरूप, महामारी के बाद सिलाई मशीन के आयात में वृद्धि से वस्त्र क्षेत्र में 3 करोड़ से अधिक नौकरियों का सृजन हुआ है, इस प्रकार क्षमता विस्तार को बड़े पैमाने पर रोज़गार वृद्धि के साथ मज़बूती से जोड़ा गया है।



क्षमता में वृद्धि इस बात की व्याख्या करती है कि जब वैश्विक खरीदार वापस आये, तो कैसे भारतीय कारखाने तैयार थे, किस प्रकार वे अल्प अवधि में उच्च उत्पादन और मजबूत अनुपालन करने में सक्षम थे। महत्वपूर्ण यह है कि रोजगार सृजन केवल आधुनिक कारखानों तक सीमित नहीं रहता। जब इकाइयाँ उन्नत होती हैं, तो पुरानी मशीनें ग्रे मार्केट में चली जाती हैं और छोटे उद्यमों, सिलाई इकाइयों और घरेलू व्यवसायों द्वारा इनका पुनः उपयोग किया जाता है, जिससे जमीनी स्तर पर रोजगार का विस्तार होता है। इस विकेंद्रीकृत विस्तार के केंद्र में महिलाएँ, ग्रामीण युवा और पहली पीढ़ी के उद्यमी हैं। विशेष रूप से असंगठित खंड में इस रोजगार के पूरे पैमाने की पहचान करने और समझने के लिए, सरकार जिला नेतृत्व में वस्त्र रूपांतरण (डीएलटीटी) पहल को आगे बढ़ा रही है। कार्यबल को औपचारिक बनाकर और डेटा संग्रह में सुधार करके, डीएलटीटी यह सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखता है कि रोजगार वृद्धि केवल संख्या में बड़ी न हो, बल्कि कौशल, सामाजिक सुरक्षा और दीर्घकालिक स्थिरता द्वारा समर्थित भी हो।

**कारखानों से कारीगरों तक- सभी के लिए रोजगार :** 2030 के लिए हमारा विज़न स्पष्ट है वस्त्र उद्योग को भारत में रोजगार सृजन और समावेशी विकास के सबसे मजबूत इंजनों में से एक के रूप में स्थापित करना। फास्ट फैशन एक शक्तिशाली नए संचालक के रूप में उभर रहा है। आज 20 अरब डॉलर के मूल्य वाले वैश्विक फास्ट फैशन बाजार की 2030 तक 60 अरब डॉलर तक पहुँचने की उम्मीद है। इसके लिए चुस्त निर्माण और तेज़ उत्पादन की मांग भारत को अनुकूल स्थिति प्रदान करती है और इससे अगले 4 वर्षों में रोजगार के लगभग 40 लाख अतिरिक्त अवसरों के सृजन की उम्मीद है।

पीएम मित्र पार्क में अकेले 20 लाख से अधिक रोजगार सृजन की क्षमता है, जबकि पीएलआई योजना नए कारखानों और नये निवेशों के माध्यम से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के 3 लाख से अधिक अवसर पैदा करने के लिए तैयार है। व्यापक वस्त्र मूल्य श्रृंखला आजीविका के लगभग 50 लाख अतिरिक्त अवसरों का सृजन करेगी। नए मुक्त व्यापार समझौते वस्त्र निर्यात और रोजगार बढ़ा रहे हैं और आने वाले भारत-ईयू एफटीए से नए बाजार खुलेंगे, प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और रोजगार का अगला प्रवाह पैदा होगा।

औद्योगिक विकास के साथ-साथ, भारत का हथकरघा और हस्तशिल्प क्षेत्र सतत रोजगार का आधार बना हुआ है। 65 लाख से अधिक कारीगरों और बुनकरों का समर्थन करने वाला यह क्षेत्र पर्यावरणीय रूप से जिम्मेदार उत्पादों की वैश्विक मांग के साथ स्वाभाविक रूप से अनुकूल है। निर्यात वर्तमान में लगभग 50,000 करोड़ है, और 2032 तक इसे दुगना करके ?1 लाख करोड़ करने का स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विशिष्ट योजनाओं और बाजार तक आसान पहुंच से जुड़े कार्यक्रमों के माध्यम से, 2030 तक कार्यबल में लगभग 20 लाख अतिरिक्त कारीगरों और बुनकरों के शामिल होने की उम्मीद है।

**कोविड के बाद आजीविका को सशक्त बनाने में वस्त्र उद्योग :** भारत की वस्त्र कहानी अंततः रोजगार के बारे में है व्यापक, विविध और समावेशी। कोविड के बाद, 2020 से 2030 के दशक में भारतीय वस्त्र उद्योग के रूपांतरित होने की संभावना है और इस क्षेत्र से संगठित और असंगठित क्षेत्रों में 5 करोड़ से अधिक नए रोजगार पैदा होने की उम्मीद है। यह पहली पीढ़ी के उद्यमियों का निर्माण कर रहा है, महिलाओं के लिए स्थिर रोजगार प्रदान कर रहा है और ग्रामीण युवाओं के लिए अवसर उत्पन्न कर रहा है। जैसे-जैसे भारत विकसित भारत 2047 की ओर आगे बढ़ रहा है, वस्त्र उद्योग आत्मनिर्भर, वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था के निर्माण में केंद्रीय भूमिका निभाता रहेगा।

# भरोसे एवं भारत की आवाज थे विरल पत्रकार मार्क टुली

**मार्क टुली की सबसे बड़ी देन यह थी कि उन्होंने भारत की विविधता को उसकी कमजोरी नहीं बल्कि उसकी सबसे बड़ी शक्ति के रूप में प्रस्तुत किया। वे मानते थे कि भारत किसी एक विचार, एक भाषा या एक संस्कृति से नहीं बनता, बल्कि यहां की बहुलता ही इसकी आत्मा है। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई-ग्रामीण-शहरी, गरीब-अमीर, इन सबके बीच बहता हुआ संवाद ही भारत की असली पहचान है।**


ललित गर्ग

भारत की समकालीन इतिहास-यात्रा में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जो केवल घटनाओं का वृत्तांत नहीं लिखते, बल्कि समय की चेतना में घुल-मिलकर स्वयं इतिहास का हिस्सा बन जाते हैं। सर विलियम मार्क टुली, जिन्हें दुनिया भर में स्नेह और सम्मान से 'मार्क टुली' कहा गया, ऐसे ही विरल पत्रकार थे। उनका निधन केवल एक वरिष्ठ पत्रकार का जाना नहीं है, बल्कि उस पत्रकारिता-दृष्टि का अवसान है, जिसमें सत्य सनसनी से ऊपर और संवेदना आंकड़ों से अधिक महत्त्वपूर्ण होती थी। बीबीसी रेडियो की वह गूंजती हुई पंक्ति-'दिस इज मार्क टुली रिपोर्टिंग फ्रॉम दिल्ली', दशकों तक भारतीय उपमहाद्वीप में भरोसे, प्रामाणिकता और संतुलन का पर्याय बनी रही। मार्क टुली एक विदेशी पत्रकार भर नहीं थे, वे भारत की आत्मा के स्थायी प्रवासी थे, जिनमें भारतीयता रची-बसी थी। उनका भारत से रिश्ता किसी वीजा, नियुक्ति या करियर-रणनीति का परिणाम नहीं था, बल्कि वह रक्त और मिट्टी का संबंध था। 24 अक्टूबर 1935 को कोलकाता के टॉलीगंज में जन्मे टुली ने ब्रिटिश राज के अंतिम दौर का भारत देखा, जिया और महसूस किया। एक समृद्ध ब्रिटिश परिवार में जन्म लेने के बावजूद दार्जिलिंग के बोर्डिंग स्कूलों और भारतीय जनजीवन की विविध छवियों ने उनके भीतर एक ऐसी आत्मीयता एवं संस्कार बो दिया, जो जीवन भर पुष्पित-पल्लवित होती रही। नौ वर्ष की आयु में जब वे इंग्लैंड गए, तब भी भारत उनके भीतर जीवित रहा-स्मृतियों में, संवेदनाओं में और दृष्टि में।

कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में धर्मशास्त्र का अध्ययन करते समय उन्होंने पादरी बनने का विचार किया था। यह तथ्य अपने-आप में बहुत कुछ कहता है, क्योंकि सत्य की खोज, नैतिक विवेक और मानवीय करुणा उनके व्यक्तित्व की मूल धुरी थीं। किंतु नियति ने उन्हें चर्च की सीमित दीवारों से बाहर निकालकर एक ऐसे मंच पर खड़ा कर दिया, जहां वे पूरी मानवता से संवाद कर सकते थे। पत्रकारिता उनके लिए पेशा नहीं, बल्कि एक नैतिक दायित्व थी। जब वे बीबीसी के संवाददाता के रूप में भारत लौटे, तो उन्होंने इसे एक असाइनमेंट नहीं बल्कि अपने घर लौटने जैसा अनुभव किया। मार्क टुली की पत्रकारिता की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि वे भारत को पश्चिमी चश्मे से नहीं देखते थे। वे सत्ता के गलियारों से अधिक गांव की चौपाल, मंदिर-मस्जिद के आंगन, खेतों की मेड़ और आम आदमी की चिंता को महत्त्व देते थे। आपातकाल हो या इंदिरा गांधी की राजनीति, सिख विरोधी दंगे हों या बाबरी मस्जिद विध्वंस, पंजाब का उग्रवाद हो या कश्मीर की पीड़ा-मार्क टुली ने हर विषय को संतुलन, गहराई और मानवीय संवेदना के साथ दुनिया के सामने रखा। वे घटनाओं के पीछे छिपी सामाजिक और सांस्कृतिक परतों को समझने की कोशिश करते थे, इसीलिए उनकी रिपोर्टिंग तत्कालीन शोर-शराबे से ऊपर उठकर स्थायी संदर्भ बन गई।



आज के आपाधापी और टीआरपी-केंद्रित इलेक्ट्रॉनिक मीडिया दौर में, जहाँ खबर से ज्यादा शोर और तथ्य से ज्यादा त्वरित प्रतिक्रिया को महत्व दिया जाता है, मार्क टली की पत्रकारिता एक उजली कसौटी बनकर सामने आती है। टीवी स्टूडियो की तीखी बहसों, चीखती हेडलाइनों और सतही विश्लेषण के उलट, मार्क टली ने यह सिद्ध किया कि शांत, संयमित और तथ्यपरक संवाद भी उतना ही प्रभावशाली होता है बल्कि अधिक विश्वसनीय होता है। उनकी पत्रकारिता दिल्ली के सत्ता-केंद्र तक सीमित नहीं थी, बल्कि वह भारत की आत्मा-गाँव, कस्बे, आम जन और उनकी पीड़ा से जुड़ी हुई थी। आज जब इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अक्सर सत्ता, बाज़ार और सनसनी के दबाव में अपनी विश्वसनीयता खोता दिख रहा है, तब मार्क टली की शैली यह सिखाती है कि पत्रकारिता का असली धर्म प्रश्न पूछना, सच को धैर्य से समझना और उसे बिना शोर के, पूरे संदर्भ के साथ प्रस्तुत करना है। उनका जीवन आज के टीवी मीडिया के लिए एक मौन लेकिन सशक्त संदेश है कि भरोसे की आवाज़ ऊँची नहीं, सच्ची होती है।

मार्क टुली की सबसे बड़ी देन यह थी कि उन्होंने भारत की विविधता को उसकी कमजोरी नहीं बल्कि उसकी सबसे बड़ी शक्ति के रूप में प्रस्तुत किया। वे मानते थे कि भारत किसी एक विचार, एक भाषा या एक संस्कृति से नहीं बनता, बल्कि यहां की बहुलता ही इसकी आत्मा है। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई-ग्रामीण-शहरी, गरीब-अमीर, इन सबके बीच बहता हुआ संवाद ही भारत की असली पहचान है। जब दुनिया के कई हिस्से भारत को केवल गरीबी, अव्यवस्था या अराजकता के चश्मे से देखते थे, तब मार्क टुली ने भारत की सहिष्णुता, आध्यात्मिकता और जीवटता को रेखांकित किया। उन्होंने यह दिखाया कि यह देश विरोधाभासों के बावजूद नहीं, बल्कि उन्हीं के साथ जीना जानता है। मार्क टुली की आवाज रेडियो के माध्यम से करोड़ों लोगों के घरों तक पहुंचती थी। वह दौर ऐसा था, जब समाचार सुनने के लिए लोग घड़ी देखकर रेडियो ऑन करते थे। उनकी रिपोर्टिंग में नाटकीयता नहीं, बल्कि सजीवता-ठहराव था। वे कहते थे कि भारत को समझने के लिए अपनी घड़ी उतारकर रखनी पड़ती है। यह कथन केवल समय-संस्कृति की बात नहीं करता, बल्कि उस धैर्य और विनम्रता की ओर संकेत करता है, जिसके बिना भारत जैसे देश को समझा नहीं जा सकता। यही धैर्य उनकी पत्रकारिता में झलकता था।

एक विदेशी होकर भी उन्होंने भारतीयता पर गर्व करना सिखाया, वह भी उस समय, जब हम स्वयं अपनी जड़ों को लेकर संशय में थे। उनकी पुस्तकों और कार्यक्रमों में भारत केवल खबर नहीं, बल्कि एक जीवंत सभ्यता के रूप में उपस्थित रहता है। 'नो फुल स्टॉप्स इन इंडिया' जैसी कृतियां भारत की निरंतर चलती कहानी को सामने लाती हैं, जहां कोई अंतिम विराम नहीं, केवल प्रवाह है। उन्होंने भारतीय लोकतंत्र की अव्यवस्थाओं की आलोचना भी की, लेकिन वह आलोचना स्नेह और चिंता से भरी होती थी, उपेक्षा या उपहास से नहीं। ब्रिटिश सरकार द्वारा नाइटहुड और भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित किया जाना उनके योगदान की औपचारिक स्वीकृति है, लेकिन उनकी असली विरासत वह विश्वास है, जो भारतीय जनता ने उन पर किया। लोग उनकी बात इसलिए मानते थे, क्योंकि उन्हें लगता था कि यह व्यक्ति भारत को समझता है, उसे चाहता है और उसके साथ ईमानदार है।

आज के दौर में, जब पत्रकारिता तेजी से बदल रही है, प्रतिस्पर्धा की अंधी दौड में, नई तकनीक के दबाव में हांफ रही है, तब मार्क टुली की कमी और अधिक महसूस होती है। उनका जाना उस युग का अंत है, जहां शब्दों की गरिमा थी और तथ्य पवित्र माने जाते थे। वे हमें यह सिखाकर गए कि पत्रकारिता सूचना का व्यापार नहीं, बल्कि मानवता की सेवा है। भारत की मिट्टी में जन्मा, विदेशी धरती पर शिक्षित और अंततः भारत की ही गोद में समा जाने वाला यह व्यक्तित्व सदैव स्मृतियों में जीवित रहेगा। वे ऐसे विदेशी साक्षी थे, जिन्होंने भारत को केवल दुनिया की नजरों में ही नहीं, बल्कि भारतीयों की अपनी नजरों में भी नई गरिमा दी। मार्क टुली का जीवन इस बात का प्रमाण है कि सीमाएं नागरिकता तय कर सकती हैं, संवेदनाएं नहीं। उनकी आवाज भले ही अब रेडियो पर न गूंजे, लेकिन भारत की आत्मा में उनकी प्रतिध्वनि लंबे समय तक सुनाई देती रहेगी।

# उच्च शिक्षा व्यवस्था राज्यपाल के प्रेरक नेतृत्व से तेजी से प्रगति कर रही : कुलपति

**अवधनामा संवाददाता**



■ भाषा विवि में मनाया 77 वां गणतंत्र दिवस

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर आयोजित भव्य मुख्य समारोह में कुलपति प्रो अजय तनेजा ने सभी फैकल्टी सदस्यों, अन्य स्टाफ तथा विश्वविद्यालय परिवार के सभी सम्मानित सदस्यों को हार्दिक गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

कुलपति ने अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस प्रत्येक भारतीय को गर्व का अनुभव कराता है, क्योंकि हमारा देश अनेक संघर्षों और चुनौतियों से जूझकर अपने संविधान को प्राप्त करने में सफल हुआ। उन्होंने जोर देकर कहा, इसलिए हम सभी नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम संविधान की गरिमा पर कदम रखते हुए 'विकासित भारत 2047' के महान लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अटल संकल्प लें। कुलपति ने कहा कि राज्यपाल के नेतृत्व में राजभवन का नाम 'जनभवन' रखना गणतंत्र और लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। प्रदेश की समग्र उच्च शिक्षा व्यवस्था राज्यपाल के प्रेरक नेतृत्व से तेजी से प्रगति कर रही है। पिछले स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त 2025) से गणतंत्र दिवस तक विश्वविद्यालय ने अभूतपूर्व प्रगति दर्ज की है। मुख्य उपलब्धियां निम्नलिखित हैं।

**तकनीकी उन्नयन :** इंटरनेट क्षमता को 500 एमबीपीएस से बढ़ाकर 1 जीबीपीएस किया गया, विश्वविद्यालय की वेबसाइट का पूर्ण अपडेट जारी। पहली ई-मैगजीन जारी, जिसमें महत्वपूर्ण समाचार एवं उपलब्धियां एकत्र।

**शैक्षणिक सुधार :** दसवीं दीक्षांत समारोह में गैर-फटने वाली डिग्रियां वितरित; सभी प्रमाणपत्र डिजी-लॉकर पर अपलोड। नियंत्रक परीक्षा टीम को देश में सबसे कम समय में परिणाम जारी करने पर बधाई।

**छात्र कल्याण :** छात्रावासों का जीर्णोद्वार एवं विस्तार; जिम, वॉशिंग मशीन, आधुनिक कॉमन रूम सुविधाएं। छात्र बीमा निरंतर; विभिन्न विषयों में भर्ती प्रक्रिया। खेल परिसर में टेनिस एवं वॉलीबॉल कोर्ट निर्माणाधीन (2 माह में पूर्ण)।

**खेल एवं सांस्कृतिक :** राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में कर्मचारी टीमों की भागीदारी एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन। आंतरिक मैचों का आयोजन; खेल

# भारतीय संविधान देश की आत्मा



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** 77 वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर रिज़र्व पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई तथा राष्ट्रगान का गायन किया गया। तत्पश्चात परेड का आयोजन किया गया,जिसमें पुलिस बल द्वारा अनुशासन, एकरूपता, उत्कृष्ट ड्रिल एवं राष्ट्रनिष्ठा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा परेड की सलामी ली गई। सलामी उपरांत मुख्य अतिथि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया।इसके उपरांत परेड द्वारा भव्य मंच के समक्ष से मार्च-पास्ट किया गया,जिसे मुख्य अतिथि द्वारा सलामी प्रदान की गई।परेड के दौरान उपस्थित जनसमूह द्वारा तालियों की गूंज के साथ पुलिस बल का उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के क्रम में मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना के अनुरूप शपथ दिलाई गई। शपथ के माध्यम से संविधान की गरिमा बनाए रखने,देश की एकता, अखण्डता एवं संप्रभुता की रक्षा करने,लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करने तथा अपने कर्तव्यों का निष्ठा,ईमानदारी एवं निष्पक्षता के साथ निर्वहन करने का संकल्प लिया गया।अपने संबोधन में मुख्य अतिथि द्वारा गणतंत्र दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि भारतीय संविधान देश की आत्मा है।

# एआइपीएमएम ने हर्षोउल्लास के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर लखनऊ स्थित ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के राष्ट्रीय कार्यालय पर झंडारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और राष्ट्रध्वज को सलामी दी।

इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रधान महासचिव मारूफ अली अंसारी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संविधान ने सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान किए हैं और यह हमारे संविधान की ही देन है कि आज हम समानता की बात कर पा रहे हैं। उन्होंने संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसके मूल्यों को आत्मसात करने की अपील की।

वहीं प्रदेश प्रभारी श्री अफजल अंसारी ने अपने संबोधन में कहा कि आज पसमांदा मुस्लिम समाज की स्थिति में जो भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है, उसके पीछे भारतीय संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि यदि संविधान निर्माण के समय ही हिंदू दलितों की तरह पसमांदा मुसलमानों को भी आरक्षण का लाभ मिला होता, तो समाज की स्थिति और बेहतर हो सकती थी।

उन्होंने आर्टिकल 341 का उल्लेख करते हुए कहा कि संविधान निर्माण के दौरान कुछ बुद्धिजीवी वर्गों द्वारा धर्म के आधार पर आरक्षण न देने की बात रखी गई, जिसका प्रभाव मुस्लिम और ईसाई समाज पर पड़ा। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में विभिन्न धर्मों के लोगों को जाति के आधार पर आरक्षण का लाभ मिल रहा है, ऐसे में पसमांदा मुसलमानों को भी समान अधिकार मिलना चाहिए।

प्रदेश प्रभारी ने महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी एवं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी से मांग की कि अन्य धर्मों की तरह जातिगत आधार पर पसमांदा मुसलमानों को भी आरक्षण प्रदान किया जाए।

कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव मोहम्मद इलियास, लखनऊ जिला अध्यक्ष फैज मोहम्मद, मोहम्मद हबीब, शकील लेड़ी, एहतेशाम, अफ्फान सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दंगल में पहलवानों ने दिखाए दांवपेंच



**अवधनामा संवाददाता**

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** उत्तर भारत के महान संत स्वामी रोटीराम जी की पावन स्मृति में आयोजित यज्ञ की वर्षगांठ के अवसर पर मुमुक्षु आश्रम में दो दिवसीय भव्य दंगल का आयोजन किया गया। मिट्टी के अखाड़े में पहलवानों के दमखम और रोमांचक मुकाबलों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दंगल का उद्घाटन यज्ञाचार्य बलदेव प्रसाद शास्त्री एवं स्वामी निर्भयचेतन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। भाजपा नेता शिवशंकर सिंह खन्ना ने पहलवानों से हाथ मिलवाकर उनका उत्साहवर्धन किया। दंगल में बुधनी के राजू बाबा पहलवान ने कर्वी के संजय पहलवान को पटखनी दी। फिरोजाबाद के राहुल ने सोनीपत के मुमटी को, सैफई के लोकेंद्र यादव ने कानपुर के चांद पहलवान को तथा इंगोहटा के कल्लू पहलवान ने लखनऊ के मुकेश को पराजित किया। कल्लू पहलवान ने एक अन्य मुकाबले में लकी (इंगोहटा) को भी शिकस्त दी। कानपुर के हर्ष तिवारी ने लखनऊ के विमलेश को हराया। हर्षवर्धन (इंगोहटा) ने आंशिक को तथा संतोष छानी ने दिलीप सढ़ा को पराजित कर जीत दर्ज की।

## वारसी कमेटी के तत्वावधान में मनाया गया 77 वां गणतंत्र दिवस

**प्रयागराज।** सोमवार को वारसी कमेटी कार्यालय में कमेटी के अध्यक्ष हजरत मौलाना मो0 आरिफ वारसी (मोतल्ली) की उपस्थिति में गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर वारसी कमेटी के अध्यक्ष के साथ एसओ कपिल चहेल, उप निरीक्षक संतोष तिवारी नखास कोहना चौकी इंचार्ज अमित कुमार सिंह, हेड कान्स्टेबल भूप सिंह, हेड कान्स्टेबल सूर्य शेखर, एलआईयू इंस्पेक्टर मो0 आसिफ, एलआईयू इंस्पेक्टर गुफरान खान और एडवोकेट एम ए अंसारी, कशिश मीडिया के सम्पादक मो0 जिया सिद्दीकी, वार्डन सिविल डिफेंस मो0 याकूब के जवानों ने अध्यक्ष के साथ झण्डारोहण किया और झण्डे को सलामी दी। अध्यक्ष मौलाना मो0 आरिफ वारसी ने देश की आजादी के लिए शहीद हुए लोगो की शहादत को याद करते हुए तिरंगा झण्डा फहराया।

# मिस, टीन एवं मिसेज मुरादाबाद के आडिशन में प्रतिभागियों का चयन



**अवधनामा संवाददाता**

**मुरादाबाद।** लाइफ स्टाइल फाउंडेशन,पर्यावरण मित्र समिति एवं डिफरेंट एंगल द्वारा आयोजित मिस, टीन एवं मिसेज मुरादाबाद के लिए किए गए ऑडिशन में अनेक प्रतिभागियों का फाइनल राउंड के लिए चयन कर लिया है। आयोजकों का कहना है कि ऑडिशन से वंचित रहने वाली युवतियां वाइल्ड कार्ड से एंट्री से कर सकती है जिसमें पांच फरवरी तक प्रतिभाग का मौका दिया गया है।

महानगर के कांठ मार्ग स्थित मिगलानी सेलिब्रेशन में तीनों ग्रुप मिस, टीन एवं मिसेज मुरादाबाद के लिए प्रतिभागियों का आडिशन करके चयन किया गया है। आयोजन समिति सदस्य केके गुप्ता ने बताया कि ऑडिशन में तीनों कैटेगरी की लगभग पैंतीस प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। चयन के लिए एक टीम गठित की गई है जिसमें शमिता जैन, साक्षी नागपाल, कोमल गांधी को शामिल किया गया है।

## सुदिती ग्लोबल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

**टूंडला।** सुदिती ग्लोबल अकैडमी फिरोजाबाद रोड में 77 वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री श्री 1008 रामदास महाराज ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसके पश्चात भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में चंद्रवीर यादव एवं नरेंद्र सिंह उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने अपने संबोधन में गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को भारतीय संविधान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

## संक्षिप्त समाचार

### 26वें सत्तचंडी महायज्ञ और भागवत कथा का शुभारंभ

**मौदहा, हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)।** कस्बा स्थित प्रसिद्ध बड़ी देवी मंदिर प्रांगन में मंगलवार को 26वें सत्तचंडी महायज्ञ और श्रीमद् भागवत



कथा का भक्तिमय माहौल में भव्य शुभारंभ हुआ। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर से एक विशाल कलश यात्रा और शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। कलश यात्रा बड़ी देवी मंदिर से शुरू होकर नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरी। यात्रा का मुख्य आकर्षण पीले वस्त्र धारण किए हुए सैकड़ों महिलाएं थीं, जो सिर पर मंगल कलश रखकर मंगल गान करते हुए चल रही थीं। ढोल-नगाड़ों की थाप और धार्मिक जयकारों के बीच पूरी यात्रा ने नगर का भ्रमण किया और वापस मंदिर प्रांगण पहुंचकर संपन्न हुई, जहाँ विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया।

### गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मना

**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)।** ज्ञानस्थली विद्यालय में गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।विद्यालय की प्रार्थना सभा के पश्चात ज्ञानस्थली विद्यालय समिति के अध्यक्ष(चेयरमैन)शिवप्रसाद यादव ने माँ सरस्वती व मां भारती के वीर सपूतों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पहार किया ।विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं व सभी उपस्थित शिक्षकों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी ।कार्यक्रम में नन्हें-नन्हें बच्चों के द्वारा देशभक्ति के जोशीले गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति दी गई ।तत्पश्चात् नन्हें-नन्हें बच्चों के खेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रवीण प्रधानाचार्य अंशुल तिवारी विद्यालय प्रबंधन समिति प्रमुख शिवमंगल,खेल विभाग प्रमुख वासिफ खान,वित्त विभाग प्रमुख नीरज त्रिपाठी व विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।



### ब्राइट राइडर्स पब्लिक स्कूल द्वारा गणतंत्र दिवस रैली का भव्य आयोजन



शिकोहाबाद। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर ब्राइट राइडर्स पब्लिक स्कूल (कक्षा च.ळ. से 8वीं), हरीशंकर धाम, चौमुखी मंदिर के पास, एटा रोड, शिकोहाबाद द्वारा नगर में भव्य देशभक्ति रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ थाना प्रभारी अनुज प्रताप राणा द्वारा ध्वजारोहण कर व उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी अनुज प्रताप राणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने फीता काटकर रैली का शुभारंभ किया तथा विद्यार्थियों को अनुशासन, संविधान एवं राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। रैली में विद्यार्थियों ने तिरंगे झंडे, बैनर एवं देशभक्ति नारों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरा वातावरण भारत माता की जय एवं वंदे मातरम् के नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. लव शर्मा एवं प्रधानाचार्य श्रीमती दीपिका शर्मा, अंजू शर्मा, प्रतिभा यादव, धीरज यादव, निधि तिवारी, रामवीर सिंह, ज्योति शर्मा, चारुल यादव, कीर्ति यादव, रश्मि यादव, साधना यादव, स्वजल प्रताप सिंह, रौनक यादव, धर्मेंद्र सिंह, उज्ज्वल गर्ग, निशा जैन, सीमा यादव, पूजा यादव, मधु यादव, दिव्या दिवाकर, नीतू कुशवाह, रुचि यादव, प्रगति कुशवाह, बलदीप कौर, वर्षा यादव, रचना सिंह, रुकैया परवीन एवं गीता रानी की सक्रिय सहभागिता रही। अंत में विद्यालय परिवार द्वारा मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया गया तथा नगरवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी गईं।

# सुरक्षा प्रथम, केवल एक नारा नहीं, हमारा संस्कार होना चाहिए : आरपी सिंह

**अवधनामा संवाददाता**




■ हिण्डाल्को रेनुसागर में उल्लासपूर्वक मनाया गया 77वें गणतंत्र दिवस समारोह

**अनपरा/सोनभद्र।** हिंडालको रेणुसागर पावर डिवीजन, रेणुसागर स्थित आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कालेज प्रागंण में आयोजित 77वें गणतन्त्र दिवस समारोह में भारत माता के वीर अमर शहीदों को नमन व स्मरण करते हुए समारोह के मुख्य अतिथि रेणुसागर पावर डिवीजन के प्रमुख आर पी सिंह ने ध्वजारोहण किया तथा सामूहिक राष्ट्रगान के पश्चात् सुरक्षा कर्मियों ने विद्यालयों के छात्रों ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि को सलामी दी।

मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कालेज प्रागंण में उपस्थित सभी को गणतन्त्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि सक्रिय भागीदारी उत्साह कड़ी मेहनत एवं लगन के फलस्वरूप संस्थान विश्वस्तरीय उत्पादकता एवं गुणवत्ता के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रहा है जो कि बहुत ही सराहनीय है। भारत को आत्मनिर्भर, सशक्त और समृद्ध राष्ट्र बनाने में अपना पूरा योगदान देगें ।एक उद्योग और संगठन के रूप में हम सभी जानते है कि अनशासन, सुरक्षा, विश्वसनीयता और नैतिकता ये वही मूल्य हैं जो हमारे संविधान और हमारे कार्य स्थल दोनों को मजबूत बनाते है। यूनिट हेड ने कहा कि प्लांट की विश्वसनीयता और प्रदर्शन केवल हमारे लक्ष्य नहीं, बल्कि हमारी पहचान होने चाहिए।सुरक्षा प्रथम, केवल एक नारा नही बल्कि हमारा संस्कार होना चाहिए। ईमानदारी और पारदर्शिता केवल शब्द नहीं बल्कि हमारे हर निर्णय की नींव होनी चाहिए। मानक अनुरक्षण के क्षेत्र में एफआईसीसीआई द्वारा हमारे संस्थान को गोल्ड अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।राख के कुशल प्रबंधन के लिए फ्लाई ऐश का उपयोग में विजेता रहा।

मुख्य अतिथि ने यह भी कहा कि बदलते हुए परिवेश में तकनीकी बदलाव एवं सुधार स्वाभाविक है, इसके लिये हम नए-नए टेक्नॉलॉजी का प्रयोग करते हुए प्लांट को अपग्रेड कर रहे है। उन्होंने कहा कि हमारा संस्थान पर्यावरण के प्रति सजग है, संस्थान की सुरक्षा के प्रति पूर्ण सजग रहकर जीरो हार्म के लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए हम सभी प्रयत्नशील हैं।

## चोरी के माल व अवैध तमंचाके साथ दो गिरफ्तार

**मौदहा (हमीरपुर)।** थाना मौदहा पुलिस ने चोरी के मामलों में वांछित दो अभियुक्तों को चोरी के माल तथा अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के निर्देशन में अपराध नियंत्रण एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार 27 जनवरी को थाना मौदहा क्षेत्र अंतर्गत बीएसएनएल टॉवर के पास से मोहम्मद अकरम पुत्र नत्थू तथा दौलत पुत्र अल्ताब को गिरफ्तार किया गया। दोनों अभियुक्त थाना मौदहा में पंजीकृत मुकदमा संख्या 30/2026 धारा 303(2)/318(4) बीएनएस से संबंधित वांछित चल रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस 315 बोर, एक जोड़ी पीली धातु की झुमकी, एक जोड़ी बाला, एक लाकेट सहित लाल रंग की मोतियों की माला, एक जोड़ी सफेद धातु की पायल, पीली धातु के पांच टुकड़े, 4200 रुपये नकद तथा घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद की गई।

# ग्रासिम इण्डस्ट्रीज में मनाया 77 वाँ गणतंत्र दिवस

**अवधनामा संवाददाता**



**रेनुकूट-सोनभद्र।** ग्रासिम इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, रेनुकूट के खेल मैदान पर 26 जनवरी को 77 वाँ गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि राजन किशन पाठक प्रमुख (तकनीकि) उपस्थिति में सुरक्षा अधिकारी राजेश सिंह एवं उनकी सुरक्षा विभाग के जवानों द्वारा आयोजित परेह मार्च के अलावा केसरी देवी विद्या मंदिर प्ले स्कूल तरंग महिला महल रेनुकूट, कानोरिया कम्पोजिट विद्यालय तथा मित्र महल प्राथमिक बिद्यालय रेनुकूट के विद्यालयों के बच्चों की टोलियों का निरीक्षणोपरान्त राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया गया, तदोपरान्त कार्यक्रम में उपस्थित सभी के द्वारा राष्ट्रगान किया गया। इसके उपरान्त सुरक्षा विभाग के जवानों द्वारा राष्ट्र-ध्वज को सलामी दी गयी। इसके उपरान्त उक्त कार्यकक्ष में उपस्थित विद्यालयों के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गये साथ ही साथ कार्यक्रम को आकर्षक बनाने के लिये निम्न विषयों पर आधारित अनेकों प्रकार की झाँकिया एवं नृत्य प्रदर्शित किये गए। मुख्य अतिथि राजन किशन पाठक द्वारा अभिव्यक्त विचारों में बताया गया कि हम सभी को आपस में मिल-जुल कर कारखाने में जीरो हार्म एवं सुरक्षित ढंग से सुरक्षा नियमों का पालन करते हुये कार्य करना बाहिये जिससे कि संस्थान सहित संस्थान के आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकास अग्रसर हो सके तभी जाकर हमारा भारत देश एक मजबूत एव सशक्त राष्ट्र बन सकेगा।

# भाषाओं, संस्कृतियों व परंपराओं का संगम : शिवशंकर सिंह

**अवधनामा संवाददाता**

■ रेणुकूट में 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया, बिड़ला कार्बन व आदित्य बिड़ला विद्या मंदिर में हुआ भव्य आयोजन



**सोनभद्र/ रेणुकूट।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर में स्थित निजी औद्योगिक प्रतिष्ठान बिड़ला कार्बन के प्लांट परिसर तथा कंपनी के सीएसआर द्वारा संचालित आदित्य बिड़ला विद्या मंदिर कोड़री स्कूल में बड़े ही हर्षोल्लास और देशभक्ति के वातावरण में गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रध्वज फहराकर संविधान और लोकतंत्र के प्रति श्रद्धा व्यक्त की गई।

बिड़ला कार्बन के प्लांट परिसर में ध्वजारोहण कंपनी के यूनिट हेड शिवशंकर सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित करते हुए देश की 'विविधता में एकता' की भावना पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत अनेक भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं का संगम है और यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। साथ ही उन्होंने 'विकसित भारत' की परिकल्पना पर चर्चा करते हुए सभी से राष्ट्र निर्माण में अपनी जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। कंपनी के सीएसआर के अंतर्गत संचालित आदित्य बिड़ला विद्या मंदिर, कोड़री में भी गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में निवेदिता मुखर्जी के नेतृत्व में ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद राष्ट्रगान और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति हुई, वातावरण देशभक्ति से ओतप्रोत हो गया। कार्यक्रम में रमेश पांडेय, जीवन सिंह बोरा, अपर्णा पांडे सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं तथा ग्रामीण और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## शशी इंटर नेशनल स्कूल में मनाया 77वाँ गणतंत्र दिवस

**टूंडला।** शशी इंटरनेशनल स्कूल में 77वाँ गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास, देशभक्ति एवं अनुशासित वातावरण में मनाया गया। विद्यालय परिसर को तिरंगे के रंगों से भव्य रूप से सजाया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुआ, जिसके पश्चात सभी उपस्थितजनों ने राष्ट्रीय गान का सम्मानपूर्वक गायन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों, भाषणों, कविताओं एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने भाव व्यक्त किए। इस गरिमामय अवसर पर विद्यालय के संस्थापक राजेंद्र सिंह, अध्यक्ष (चेयरपर्सन) श्रीमती शशी कला एवं निर्देशकगण अमित सिंह तथा सौरभ सिंह के मार्गदर्शन एवं प्रेरणादायक विचारों ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। उनके संदेशों में संविधान के मूल्यों, अनुशासन, नैतिकता एवं राष्ट्र सेवा पर विशेष बल दिया गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के महत्व, स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग तथा एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका के बारे में जागरूक किया।

# जिलाधिकारी ने सांती गौषाला का किया औचक निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन द्वारा विकास खण्ड हाथवंत के अंतर्गत स्थित सांती गौशाला का औचक निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होने गौशाला की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और गौवंश के संरक्षण के साथ-साथ परिसर को सामाजिक गतिविधियों से जोडने के लिए नई कार्ययोजना तैयार करने के कडे निर्देश दिए, जिलाधिकारी को बताया गया कि इस गौशाला में कुल 154 गौवंश संरक्षित है, परिसर में गौवंशो को रहने के लिए 5 शैड निर्मित किए गए है, गौशाला के सुचारू संचालन के लिए तीन केयर टेकर यहां तैनात है, जिन्हे जिलाधिकारी ने गौवंशों की सेवा में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने की हिदायत दी, जिलाधिकारी ने इस गौशाला को केवल पशु आश्रय स्थल तक न सीमित न रखकर इसे एक सामाजिक मिलन केन्द्र के रूप में विकसित करने पर जोर दिया, इसके लिए उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निम्नलिखित निर्देश दिए, गौशाला प्रांगण के अन्दर आवागमन को सुगम बनाने के लिए इण्टरलॉकिंग का कार्य तत्काल शुरू कराया जाए, साथ ही परिसर में स्थित मण्डप की रंगाई पुताई कर उसे आकर्षक रूप दिया जाए, युवाओं और स्थानीय निवासियों को गौशाला से जोडने हेतु परिसर में एक बैण्डमिंटन कोर्ट का निर्माण कराया जाए, स्वंय सहायता समूह की महिलाओं को स्वरोजगार से जोडते हुए गौशाला परिसर में एक चाय की दुकान खोला जाए, जिससे आगंतुको को सुविधा मिलें और महिलाओं की आय में वृद्धि हो, जिलाधिकारी ने अंत में स्पष्ट किया कि यहां पर सामाजिक आयोजनों को प्रोत्साहित किया जाए, ताकि आमजनमानस का जुडाव गौवंशों से बढे और गौशाला को एक जीवंत सामाजिक स्वरूप प्राप्त हो सके, जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन सभी कार्यो को समयबद्ध सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए, ताकि यह गौशाला जिलें के लिए एक आदर्श मॉडल के रूप में उभर सके। इस दौरान परियोजना निदेशक सुभाष चन्द्र त्रिपाठी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

# एमनीव विज़न स्कूल में मना गणतंत्र दिवस समारोह




**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** एमनीव विज़न स्कूल में 26 जनवरी को 77 वाँ गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास, गरिमा एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण के साथ हुआ। विद्यालय के चेयरमैन अतिवीर सिंह यादव ने तिरंगा फहराकर कार्यक्रम की शुरुआत कर सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने भारतीय संविधान के महत्व, नागरिक कर्तव्यों तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य, भाषण, कविता पाठ एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई, जिन्होंने उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों की प्रस्तुतियों में देशप्रेम एवं राष्ट्रीय एकता की भावना स्पष्ट रूप से झलक रही थी। विद्यालय के वाइस चेयरमैन डॉ.विकास यादव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन,गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं राष्ट्रसेवा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज शर्मा ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों का विकास भी अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने सभी अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। पूरा विद्यालय प्रांगण देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया और समारोह अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रहा। इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर सलिल यादव, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मनोज श्रीवास्तव, प्रोग्राम हेड विनयशील पठानिया, शिक्षकगण एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# संविधान लागू होने के 76 साल बाद भी दलित की वही दुर्दशा

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के तत्वाधान में विगत पहली जनवरी से यमुनापार की तहसील बारा और करछना में संविधान के सम्मान में निकाली गई गणतंत्र पदयात्रा का समापन सोमवार को गणतंत्र दिवस की 76 वर्षगांठ पर शंकरगढ़ बाजार में शांतिपूर्वक सादगीपूर्ण ढंग से गणतंत्र पदयात्रा निकाली गई। यह गणतंत्र पदयात्रा शंकरगढ़ ब्लाक परिसर में गणतंत्र महोत्सव आयोजित कर समापन किया गया।

गणतंत्र पदयात्रा और गणतंत्र महोत्सव के संयोजक आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के सदस्य उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आईपी रामबृज ने बताया कि संविधान लागू होने के 75 साल बीत जाने के बाद भी संविधान के उद्देश्यों समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व की भावना और सबको सामान न्याय मिलना आज भी टेढ़ी खीर हो गई है। भारत का भुक्तभोगी तपका अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति जिस दशा में था उसी दुर्दशा में ज्यों का त्यों बना हुआ है जो आज भी बेहद गरीब व सर्वहारा वर्ग की श्रेणी में समाज के सबसे निचले पायदान पर पड़ा हुआ है जिन्हें आज भी उत्पादन के साधन मुहैया नहीं कराए गए। एक ओर आज जहा समाज ने उन्हें अस्वीकार कर दिया है तो सरकार ने भी उनकी जिम्मेदारी लेने से कासिर हो गई है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति सर्वहारा वर्ग होकर अथवा भूमिहीन खेतिहर मजदूर होकर आज भी गांव के काश्तकारों के यहां नाममात्र की मजदूरी पर श्रम बेचने को मजबूर हो गए हैं तथा अपनी जीविका के लिए सवर्ण काश्तकारों के ऊपर निर्भर हैं। जिसका मुख्य कारण संविधान के आर्थिक ढांचे को राजनैतिक ढांचे की तरह न बदलने के कारण पैदा हुई है जबकि संविधान लागू होने के तुरन्त बाद ही आर्थिक ढांचा तोड़कर एक व्यक्ति एक मूल्य की स्थापना करना चाहिए था किन्तु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अर्थात सर्वहारा वर्ग के हक में बुनियादी तौर पर कदम उठाने में शासक वर्ग उदासीन दिखा है जो वर्गीय पक्षपात का द्योतक है।

आसपा सदस्य आईपी रामबृज ने आगे बताया कि भारत प्रधानतः खेतिहर देश है और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति की विशाल संख्या खेतों में काम करने को मजबूर है। ऐसे वक्त में देश का इंतजाम करने वालों का परम कर्तव्य बन जाता है कि खेती के हुनर में हाड़ तोड़ काम करके उत्पादन करने वाले भूमिहीन खेतिहर मजदूरों में भूमि बांटकर उत्पादन का साधन मुहैया कराना चाहिए तथा कृषि और उद्योगों का प्राइवेट संपत्ति के रहते हुए राष्ट्रीयकरण करना चाहिए था।

## एआईएमआईएम ने धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस का जश्न

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिम एआईएमआईएम के महानगर इकाई महानगर अध्यक्ष अफसर महमूद के नेतृत्व में 77वां गणतंत्र दिवस 26 जनवरी का जश्न करेली स्थित नगर सचिव असलम खान के प्लाट पर धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम के उपरांत मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी में दर्जनों लोगों ने सदस्यता ग्रहण किया। सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से सुधांशु पांडे, डॉ तजाबुल हसन, नफीस अहमद, अकरम, अफरोज अहमद, मोहम्मद अरमान, आदिल खान, इसरार अली, इशरत जबीं, मोहम्मद अमीन, सबा खान, मोहम्मद वसीम, आदि शामिल रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव मुजीबुर रहमान एडवोकेट, एआइएमआइएम के वरिष्ठ पार्षद आजाद अहमद, इफ्तिखार अहमद अंसारी, रियाजुल हक चौधरी, जुबैर अहमद, शकील अहमद, मोहम्मद उमर, शहजादे खान, महिला अध्यक्ष तरन्नुम बानो, नाजनीन बेगम, मुहम्मद असद सिब्बू, हाशिम अली, गुडिया बेगम आदि मौजूद रहे।

# व्यापारियों ने पूरे जोश मनाया 77 वें गणतंत्र का जश्न

- वंदे मातरम के 150 साल- शंकराचार्य के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** शहर पश्चिम व्यापारी महासंघ, नमस्ते भारत परिवार व सुलेम सराय व्यापार मंडल के संयुक्त तत्वाधान में विगत 26 वर्षो के भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस की 77 वीं वर्षगांठ बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

झंडा काशी सुमेरु पीठ के शंकराचार्य नरेंद्रानंद सरस्वती महाराज व भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता द्वारा फहराया गया। राष्ट्रगीतों से ओत प्रोत इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में शहर के जाने माने समाजसेवी, क्षेत्रीय पार्षद, अधिवक्तागण, डाक्टर्स, व्यापारी नेताओं समेत व्यापारियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। संस्था के सदस्यों ने शंकराचार्य नरेंद्रानंद सरस्वती महाराज का चरण पादुका पूजन कर व भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता को शाल, पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के बीच शंकराचार्य नरेंद्रानंद सरस्वती महराज ने गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु सुभाष चंद्र बोस, रानी लक्ष्मीबाई जैसे लाखों क्रांतिकारियों के बलिदान के बाद यह आजादी मिली, आज का दिन गणतंत्र ( संविधान ) का दिन है। आज से 77 वर्ष पूर्व गुलामी की बेड़ियां जकड़ा हुआ यह भारत जहां 599872 गांवों में स्वतंत्रता संग्राम की क्रांति की चिंगारी, जहां कितने लोग ज्ञात-अज्ञात जिन्होंने अपना बलिदान इस मातृभूमि की आजादी के लिए जहां अंग्रेजों का अनाचार दुराचार जहां लाइनों में खड़ा कर राष्ट्र भक्तों पर पर गोलियों की बौछारें की जाती थी। अनेक तरह के प्रताड़नाओं के बावजूद भारत के क्रांतिकारी वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने बलिदान दिया। वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने पर एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन शंकराचार्य नरेंद्रानंद सरस्वती महाराज की अगुवाई में किया गया। तिरंगा यात्रा डीजे, पाइप बैंड, घोड़ा व बड़ी संख्या में व्यापारी, क्षेत्रीय नागरिक, भारत माता की जय, जय हिंद, वंदेमातरम के जयकारों के साथ सुलेम सराय से उठकर जयंतीपुर, प्रीतमनगर होते हुए मुख्यालय पहुंच कर समाप्त हुई।

कार्यक्रम का संचालन सह संयोजक व प्रांतीय महामंत्री हिमांशु निक्की गुप्ता व अध्यक्षता संयोजक व प्रांतीय अध्यक्ष नरेन्द्र खेड़ा मान्टू ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से पूर्व मंत्री, विधायक सिध्दार्थ नाथ सिंह, दिनेश सिंह, धनजंय सिंह,अतुल केसरवानी,पीयूष मनोज गुप्ता, राजेश गुप्ता, गुलशन अरोरा, अंकुर रस्तोगी, सुनील केसरवानी, मुकेश टोटल, सोनू गुप्ता, नीलू मिश्रा, फय्याज अहमद, वीरेंद्र केसरवानी, निरंकार साहू, राकेश केसरवानी आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** पालीवाल महाविद्यालय शिकोहाबाद में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आज 25 जनवरी 2026 को मतदाता जागरूकता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों नेइस बर्ष की थीम 'मेरा भारत - मेरा वोटकृमेरी पहचान, मेरा स्वाभिमान मतदान मेरा अधिकार' के साथ निष्पक्ष, निर्भीक, स्वतंत्र एवं अधिक से अधिक मतदान करने की शपथ ली। प्राचार्य प्रोफेसर विशाल पाठक ने इस अवसर पर वोट का महत्व बताया। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक प्रोफेसर एमपी सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक मतदान में शामिल होना चाहिए। डॉक्टर सिंह ने छात्राओं और अन्य शामिल ग्रामीण व्यक्तियों से यह अपेक्षा व्यक्त की कि हम अपने वोट के अलावा अपने परिचितों रिश्तेदारों परिजनों एवं जहां तक संभव हो सके अन्य जनों को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने युवा मतदाताओं से लोकतांत्रिक मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया। इस दौरान डॉ टी एच नकवी, सहायक श्रीराम सिंह एवं अनेक छात्र उपस्थित रहे।

# शहर कांग्रेस कमेटी ने आयोजित किया गणतंत्र दिवस समारोह

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा देश का 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से संपन्न हुआ । पार्टी कार्यालय जवाहर स्क्वायर, स्वरूप रानी पार्क तथा शाहगंज में प्रातः शहर अध्यक्ष फुज़ैल हाशमी ने परंपरागत ढंग से झंडारोहण किया।

उन्होंने कहा कि 26 जनवरी का दिन भारतीय लोकतंत्र की एक तिथि ही नहीं संवैधानिक चेतना, सम्मान, स्वतंत्रता और समानता के साथ जीवन जीने का हक है। 77 वर्षों पूर्व मिले इस अधिकार को संजोए रखना सभी देशवासियों का कर्तव्य है।

यूपी कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय ने कहा कि देश के युवाओं के कंधों पर राष्ट्र के भविष्य की जिम्मेदारी है। हमें लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के साथ-साथ अमन के लिए काम करना है।

इस अवसर पर पार्षद ज़िया उबैद, मानस शुक्ला, परवेज़ सिद्दीकी, सुष्मिता यादव, अफ़रोज़ अहमद, नयन कुशवाहा, राम मनोहर सरोज, इश्तियाक अहमद, अनिल गुप्ता, शाहनवाज़ कुरैशी, गीता भारती, अहमद उल्लाह, राकेश गुप्ता, मो. नसीम रिजवाना बेगम नसरीन बानो सहित अनेक लोग शामिल थे।

## पूर्वांचल विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस पर शिक्षकों को मिला सम्मान

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की शोध एवं नवाचार प्रोत्साहन नीति के अंतर्गत गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट शोध कार्यों के लिए शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश दिवस समारोह के सफल आयोजन में योगदान देने वाले शिक्षकों को भी सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि शोध और नवाचार के क्षेत्र में पूर्वांचल विश्वविद्यालय निरंतर नई ऊँचाइयों को छू रहा है। विश्वविद्यालय के शिक्षकगण अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित जर्नलों में शोध पत्र प्रकाशित कर रहे हैं. विश्वविद्यालय से पेटेंट स्वीकृत हो रहे हैं और अनुसंधान की गुणवत्ता निरंतर सुदृढ़ हो रही है। उन्होंने कहा कि आज जिन शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया जा रहा है।गणतंत्र दिवस के अवसर पर वर्ष 2025 में उच्च गुणवत्ता वाले शोध प्रकाशनों के लिए रसायन विज्ञान विभाग, रज्जू भैया संस्थान के डॉ. दिनेश कुमार वर्मा को सम्मानित किया गया।

# कलेक्ट्रेट परिसर में किया ध्वजारोहण

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** 77वां गणतंत्र दिवस पूरे जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है, बच्चे, जवान, बूढ़े, महिलाऐं सभी आज के दिन गणतंत्र बनने की खुशी में आनंद से सरावोर दिखे, 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी रमेश रंजन द्वारा ध्वजारोहण किया गया, इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी विशु राजा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरविंद द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता के साथ कलेक्ट्रेट परिसर के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे, इस गौरवमयी अवसर पर जिलाधिकारी ने सामूहिक राष्ट्रगान किया तथा उपस्थित जनों को संविधान की शपथ भी दिलाई, इस अवसर पर जिलाधिकारी ने समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई दी और उन महान स्वतंत्रता सेनानियों एवं संविधान निर्माता को नमन किया, जिनके त्याग और बलिदान से आज हम एक सशक्त लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में खड़े हैं, जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह हमारे राष्ट्र की आत्मा है, यह हमारे अधिकारों के साथ-साथ हमारे कर्तव्य का भी बोध कराता है, जिलाधिकारी ने कहा कि हमने समय-समय पर आवश्यक रूप से संविधान में संशोधन भी किए, ताकि समय एवं परिस्थितियों के अनुसार देश एक नई भूमिका के लिए अपने आप को तैयार कर सके, जिलाधिकारी ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वह तकनीकी और नवाचार के माध्यम से जिले और देश की उन्नति में अपना अहम योगदान दें, जिलाधिकारी ने आगे कहा कि हम केवल 2026 की चुनौतियों का समाधान नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम 2047 की समृद्ध भारत की नींव रख रहे हैं। इसकी पृष्ठभूमि तभी तैयार होगी जब हम बेटियों को सशक्त करेंगे, बेटियों को हम नेतृत्वकर्ता की भूमिका हेतु तैयार कर रहे हैं, उन्होंने समस्त जनपद के नागरिकों से अपील की है कि विकास के इस महा अभियान में अपना योगदान दे, ताकि एक सशक्त समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण हो सके। इस अवसर पर उपस्थित अपर जिलाधिकारी विशु राजा, अरविंद द्विवेदी और मोहनलाल गुप्ता ने भी 77 वें गणतंत्र दिवस की समस्त जनपद वासियों को बधाई दी, इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों से आए बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को भी सम्मानित किया गया, सम्मानित होने वालों में जया देवी प्रमुख रही।

## धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस



**लखनऊ।** समाचार पत्र वितरक कल्याण समिति के तत्वाधान में चौक डिपो पर 77 वॉ गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर सभी वितरक भाइयों ने बड़े हर्ष उल्लास से ध्वजारोहण का कार्यक्रम मनाया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से चंद्र बहादुर सिंह (पार्षद), आचार्य राजेश शुक्ला, सर्व समाज उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष आसिम मार्शल, समाजसेवी अंकुर दिक्षित एवं चौक डिपो के अध्यक्ष प्रदीप कुमार वर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर चौक डिपो के वितरक संजय अवस्थी, दिनेश चंद्र कश्यप, गोपाल नाथ शर्मा,सिराज अहमद,सोनू सिंह, राजेंद्र सिंह, हरिओम, रमेश कुमार, हिमांशु, दिलीप सैनी, गोविंद, राजेश, रोहित, पंकज बाजपेई, अश्वनी मिश्रा, ज्ञानेंद्र सिंह,बापू,मनोज सैनी, अंशु एवं चौक के सेंटर इंचार्ज व सेल्समेन आदि उपस्थित रहे।

## डिवाइडर से टकराई बाइक, युवक की मौत

**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** लाइन बाजार थाना क्षेत्र के पंचहटिया स्थित प्रसाद स्कूल के पास देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें बाइक सवार युवक की जान चली गई। जानकारी के अनुसार केराकत कोतवाली क्षेत्र के उदय चंद्रपुर गांव निवासी सत्य प्रकाश यादव का 22 वर्षीय पुत्र अनुराग यादव रात करीब 12 बजे अपनी बाइक से घर लौट रहा था। तेज रफ्तार में बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अनुराग गंभीर रूप से घायल होकर काफी देर तक सड़क पर पड़ा रहा। राहगीरों ने स्थिति देखकर तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही शीतला चौकिया चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल की आकस्मिक कक्ष में तैनात चिकित्सक डॉ. सलमान अंसारी ने परीक्षण के बाद अनुराग को मृत घोषित कर दिया।

# 77वें गणतंत्र दिवस पर आयुक्त ने ली परेड की सलामी

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयुक्त आगरा मंडल आगरा शैलेंद्र कुमार सिंह ने पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में ध्वजारोहण कर आयोजित भव्य परेड की सलामी ली, इस दौरान उनके साथ जिलाधिकारी रमेश रंजन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित भी मौजूद रहे, इस दौरान आयुक्त ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि एक उन्नत राष्ट्र का निर्माण केवल भौतिक संसाधनों से नहीं बल्कि आपसी प्रेम सद्भावना और सौहार्द से होता है, उन्होंने जोर दिया की जाति, धर्म और महापुरुषों का सम्मान करना ही सच्चे लोकतंत्र की पहचान है, इस दौरान उन्होंने पुलिस कर्मियों के अनुशासन और आत्मविश्वास की भी सराहना की, उन्होंने कहा कि पुलिस बल के हर कदम में झलकता आत्मविश्वास नागरिकों के मन में सुरक्षा का एहसास कराता है, आयुक्त ने देश की प्रगति का तुलनात्मक विवरण देते हुए बताया कि आजादी के समय देश की 90 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा के नीचे थी और जीवन प्रत्याशा मात्र 35 वर्ष थी, जबकि आज देश ने चौमुखी प्रगति की है और हर व्यक्ति की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हो रही है, भारत आज विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, जो हमारे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के योग नेतृत्व का प्रतिफल है। उन्होंने इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज उत्तर प्रदेश देश की जीडीपी में 9.02 प्रतिशत योगदान कर रहा है, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनने की ओर अग्रसर है, ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से 16 हजार करोड़ का निवेश प्रदेश को प्राप्त हुआ है, आज यह ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के माध्यम से यह प्रयास किया जा रहा है कि उद्यमियों को तमाम सुविधाएं एवं सहूलियतें दी जाए, ताकि उद्यमियों को अपना उद्योग लगाने हेतु कोई परेशानी न उठानी पड़े, उन्होंने कहा कि आज 'एक जनपद-एक उत्पाद' के माध्यम से जनपद के हुनर को एक नया आयाम मिल रहा है, आज सुदृढ कानून व्यवस्था से भयमुक्त समाज का निर्माण हुआ है, आधारभूत संरचना में भी क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं, कई एक्सप्रेस वे का निर्माण इस बात को चरितार्थ कर रहे हैं, उत्तर प्रदेश इकलौता ऐसा प्रदेश है जहां 16 एयरपोर्ट है, जिसमें चार अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट हैं, उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि आज सरकार अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की चिंता कर रही है। 'बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ' जैसी योजना जहां महिलाओं के प्रति सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाती है, वही किसान सम्मान निधि, ऑर्गेनिक खेती और रियल टाइम खतौनी जैसे सुधारो से किसानों का जीवन सुगम हुआ है, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी से गरीबों को छत नसीब हो रही है, जबकि सांस्कृतिक स्थलों के पुनरोद्धार से पर्यटन में वृद्धि हुई है और वृहद वृक्षारोपण अभियान से पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित किया जा रहा है। अंत में आयुक्त ने शहीदों को नमन करते हुए सभी नागरिकों का आह्वान किया कि देश के विकास, सामाजिक व आर्थिक ताने वाने की सुदृढता में सभी का सामूहिक योगदान अनिवार्य है।

## संविधान अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है : कुलपति

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मुक्तांगन में गणतंत्र दिवस के अवसर पर कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने ध्वजारोहण किया। विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेटों तथा पूर्व सैनिक सुरक्षा कर्मियों ने तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर कुलपति ने स्वतंत्रता सेनानियों एवं संविधान निर्माताओं को नमन किया। उत्कृष्ट शोध कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया। 23 जनवरी से चल रहे उत्तर प्रदेश दिवस समारोह का भी समापन हुआ। अपने संबोधन में कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि हमारा संविधान हमें अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है। इस गणतंत्र की रक्षा, उसका सम्मान बनाए रखना और उसे सुदृढ़ करना हम सभी का नैतिक एवं संवैधानिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय आज देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है, और इस उपलब्धि के पीछे विश्वविद्यालय परिवार का सामूहिक परिश्रम, समर्पण और निष्ठा निहित है।

# आज के युवा भारत की सबसे बड़ी ताकत हैं राज्यमंत्री



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** 77वां गणतंत्र दिवस पूरे जनपद में धूमधाम से मनाया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन परिसर में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण विभाग उ0 प्र0 गिरीश चंद्र यादव के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और पुलिस परेड की सलामी ली गई। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस जवानों को सम्मानित किया गया, जिससे उनका मनोबल बढ़ा। साथ ही जनपद के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा प्रस्तुत राष्ट्रवादी सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि यह दिन हमारे देश के इतिहास में अत्यंत गर्व का दिन है, आज ही के दिन 26 जनवरी 1950 में देश का संविधान लागू हुआ और हमारा देश एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न गणराज्य बना। उन्होंने इस ऐतिहासिक अवसर पर सबसे पहले संविधान निर्माताओं डॉ. भीमराव अंबेडकर सहित सभी महान विभूतियों को नमन करते हुए कहा कि संविधान निर्माताओं की दूरदृष्टि और त्याग से हमें लोकतंत्र की यह मजबूत नींव मिली।

उन्होंने कहा कि आज हमारा देश विज्ञान, तकनीक, शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्षा और विकास के हर क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। यह प्रगति हमारे किसानों, श्रमिकों, युवाओं और महिलाओं की मेहनत का परिणाम है। आज के युवा भारत की सबसे बड़ी ताकत हैं। हमें उन्हें शिक्षा, कौशल और अवसर देकर ऐसा भारत बनाना है जो आत्मनिर्भर, समावेशी और विश्व में नेतृत्व करने वाला हो। उन्होंने सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा सभी से संविधान के मूल्यों, लोकतांत्रिक परंपराओं एवं राष्ट्रीय एकता के प्रति निष्ठा बनाए रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर विधायक बदलापुर रमेश चंद्र मिश्रा, विधायक शाहगंज रमेश सिंह , जनपद न्यायाधीश सुशील कुमार शशि, जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र, पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी, सहित अन्य सम्मानित गणमान्य जन, अधिकारीगण, आमजन उपस्थित रहे।

# 77 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** आईकॉनिक स्कूल ऑफ़ आजमगढ़ वेदांता इंटरनेशनल स्कूल, में 77वें गणतंत्र दिवस का आयोजन अत्यंत गरिमामय एवं राष्ट्रभक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ उप जिलाधिकारी श्याम प्रताप सिंह, विद्यालय के संरक्षक अरविंद कुमार सिंह, प्रबंध निदेशक शिव गोविंद सिंह तथा प्रधानाचार्या सावरी मुखर्जी द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कर किया गया। ध्वजारोहण के उपरांत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समूचे वातावरण को भक्ति एवं राष्ट्रभावना से ओतप्रोत कर दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने ÷सारे जहाँ से अच्छा÷, ÷वंदे मातरम÷, आर्मी थीम सॉन्ग, ÷चक दे इंडिया÷ सहित अनेक देशभक्ति से भरपूर प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी श्याम प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के मन में सदैव प्रश्न उठने चाहिए और जिज्ञासा बनी रहनी चाहिए, क्योंकि यही जिज्ञासा उन्हें नवाचार और प्रगति की ओर ले जाती है। कार्यक्रम का कुशल संचालन हर्ष यादव व यशा जावेद द्वारा किया गया। इस अवसर पर धर्मराज यादव चौकी इंचार्ज, आनंद यादव, बृजेंद्र पांडे, आकाश सिंह, शिवम सिंह, भगवान सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

# आर.डी.एस.ओ. में 77वें गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** आरडीएसओ में 26.01.2026 को 77वाँ गणतंत्र दिवसपूरे गरिमा, देशभक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। आरडीएसओस्टेडियममें आयोजित इस समारोह में श्रीकाज़ी मेराज अहमद, अपर महानिदेशक, आरडीएसओने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और आरपीएफ टुकड़ी की सलामी ली।इस अवसर पर उन्होंने संविधान निर्माताओं और स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों के साथ-साथ प्रत्येक नागरिक की यहसामूहिक जिम्मेदारीहै कि वह राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करे। उन्होंने भारतीय रेलवे की सुरक्षा, दक्षता और आधुनिकीकरण में योगदान देने के लिए RDSO के अधिकारियों और कर्मचारियों के सतत प्रयासों और समर्पण की सराहना की। अपने संबोधन में, अपर महानिदेशक ने वर्ष के दौरान RDSO द्वारा किए गए कई महत्वपूर्णउपलब्धियों, कार्यों और पहलोंपर प्रकाश डाला। इनमेंउच्च क्षमता वाली इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव्स के लिए गति प्रमाणन और परिचालन विश्वसनीयता में सुधार, ऊर्जा दक्षता बढ़ाने के लिए तकनीकी उन्नयन, तथा आधुनिक पैसेंजर रोलिंग स्टॉक जैसे वंदे भारत स्लीपर और वंदे मेट्रो ट्रेनों का सफल परीक्षण और प्रमाणन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आरडीएसओ द्वारा भागीदारों के सहयोग से स्वदेशी ट्रेन सुरक्षा प्रणाली'कवच'का विकास किया गया है, जो ट्रेनों की आपसी टक्कर तथा सिग्नल पास्ड एट डेंजर (SPAD) जैसी घटनाओं की रोकथाम में सहायक है। उन्होंने उल्लेख किया कि दिल्ली-हावड़ा एवं दिल्ली-मुंबई जैसे प्रमुख मार्गों पर विभिन्न जोनों में इसकी मिशन मोड में तैनाती प्रारंभ की जा चुकी है तथा कवच का उन्नत संस्करण 4.0 भी जारी किया गया है।

उन्होंनेट्रैक और अवसंरचना निगरानी, उन्नत परीक्षण सुविधाओं के विकास, नई तकनीकों का समावेश और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप परीक्षण एवं मूल्यांकन क्षमताओं के विस्तारजैसे क्षेत्रों में निरंतर प्रयासों का भी उल्लेख किया, जिनसे रेलवे संचालन कीसुरक्षा और गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधारहुआ है। उन्होंने इसके अलावामानव संसाधन विकास, मानसिक-तकनीकी परीक्षण और प्रशिक्षण, सुरक्षा श्रेणी कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य समर्थन, साथ ही स्वच्छता, पर्यावरणीय स्थिरता और कार्यस्थल सुविधाओं के सुधारजैसी पहलों का भी जिक्र किया, जोआरडीएसओ के संगठनात्मक विकास के प्रति समग्र और समावेशी दृष्टिकोणको दर्शाती हैं।

अंत में, अपर महानिदेशक महोदय ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवारजनों कोगणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँदीं और उन्हेंसमर्पण, अनुशासन और नवाचार की भावनाके साथ कार्य करते रहने का आह्वान किया।

## 12 महीने में पैसा दोगुना करने का लालच देकर 85 लाख रुपये हड़पने वाला गिरफ्तार

**जौनपुर (जफराबाद)/अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के हौज तिराहे के पास मंगलवार की सुबह पुलिस ने एक वर्ष में पैसा दुगुना करने के नाम पर 85 लाख रुपये की ठगी करने वाले शातिर को गिरफ्तार कर लिया। इतनी बड़ी ठगी की घटना की जानकारी होने पर हड़कम्प मच गया। क्षेत्र के बैजाबाद गांव निवासी बैजाबाद गांव निवासी कमला प्रसाद चौहान पुत्र स्वर्गीय फागू चौहान ने अपना खेत बेचकर लाखों रुपये यूनियन बैंक के अपने खाते में रखा था।उसके गांव का एक रिश्तेदार अर्जुन चौहान पुत्र कृष्णमुरारी चौहान निवासी पचोखर थाना लाइनबाजार उसके साथ छलकपट किया।उसने कमला प्रसाद चौहान से एक वर्ष में उसके पैसे को दुगुना करने के नाम पर 85 लाख रुपये ले लिया।इसमें से 20 लाख रुपये आरटीजीएस के माध्यम से लिया था बाकी 65 हजार रुपये कई पार्ट में बैंक से निकलवाकर कैश लिया था।इस पैसे की जगह उसने अपने परिचित इस्माइल अहमद पुत्र मुमताज अहमद निवासी अहमद खां मंडी थाना कोतवाली जौनपुर की मदद से एसबीआई की फर्जी एफडी दे दिया।लगभग छह माह बाद जब कमला प्रसाद चौहान ने पैसे की रसीद मांगी तो वह आनाकानी करने लगा।शक होने पर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दिया।पुलिस ने तहरीर के आधार पर ऊक्त दोनो पर मुकदमा दर्ज कर लिया।मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस सक्रिय हो गयी।मंगलवार को पुलिस ने हौज तिराहे के पास से शातिर अर्जुन चौहान को गिरफ्तार कर लिया। वह मुंबई भागने के फिराक में था। थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल ने बताया कि आरोपी अर्जुन चौहान ने कमला चौहान को धोखाधड़ी से एक वर्ष में पैसा दुगुना करने के नाम पर 85 लाख की ठगी कर लिया।उसमें उसके एक और व्यक्ति शामिल है।

# भारत ने चीन को दिया झटका, ऑटो और ईवी स्कीम के खिलाफ जांच पैनल बनाने से रोका

**नई दिल्ली।** भारत ने डब्ल्यूटीओ में ऑटो और ईवी पीएलआई स्कीम के खिलाफ चीन की पैनल बनाने की मांग को ठुकराया। जेनेवा स्थित विश्व व्यापार संगठन में भारत ने चीन के एक बड़े कूटनीतिक दांव को रोक दिया है। मंगलवार को भारत ने अपनी ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रिक व्हीकल प्रोत्साहन योजनाओं के खिलाफ विवाद निपटान पैनल गठित करने की चीन की मांग को आधिकारिक तौर पर ब्लॉक कर दिया। एक अधिकारी ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की।

चीन का आरोप है कि भारत की ये नीतियां चीनी सामानों के साथ भेदभाव करती हैं, जबकि भारत अपने मेक इन इंडिया और पीएलआई स्कीम्स के जरिए घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने पर अडिग है।

**क्या है पूरा विवाद?**


यह मामला भारत की महत्वाकांक्षी प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव योजनाओं से जुड़ा है।

चीन का आरोपः पिछले साल अक्टूबर में बीजिंग ने आरोप लगाया था कि एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल बैटरी, ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रिक वाहनों के विनिर्माण को बढ़ावा देने वाली भारत की नीतियां वैश्विक व्यापार नियमों का उल्लंघन करती हैं। चीन का दावा है कि ये शर्तें चीनी उत्पादों के खिलाफ भेदभावपूर्ण हैं।

**भेदभाव**

**चीन का आरोप है कि भारत की ये नीतियां चीनी सामानों के साथ भेदभाव करती हैं**

बातचीत हुई विफलः चीन ने WTO को बताया कि इस मुद्दे को सुलझाने के लिए दोनों देशों के बीच 25 नवंबर, 2025 और 6 जनवरी, 2026 को द्विपक्षीय वार्ता हुई थी। चीन के मुताबिक, दुर्भाग्य से ये बैठकें बेनतीजा रहीं और कोई समाधान नहीं निकल पाया, जिसके बाद उसने पैनल गठित करने की मांग की थी।



**आगे क्या होगा?**

नियमों के अनुसार, भारत द्वारा पैनल को ब्लॉक करना प्रक्रिया का हिस्सा है, लेकिन यह अंत नहीं है।

चीन का अगला कदमः चीन अगली बैठक में फिर से पैनल बनाने का अनुरोध कर सकता है।

प्रक्रियाः डब्ल्यूटीओ के नियमों के तहत, विवाद समाधान का पहला चरण %परामर्श% होता है। यदि इसमें हल नहीं निकलता, तो शिकायतकर्ता देश मामले पर फैसला सुनाने के लिए पैनल बनाने की मांग करता है। भारत ने फिलहाल इसी मांग को रोका है।

**व्यापार घाटे की चिंताजनक तस्वीर**

यह कानूनी लड़ाई ऐसे समय में चल रही है जब दोनों देशों के बीच व्यापार असंतुलन भारत के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। चीन अभी भी भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है।

**ताजा आंकड़ें (2024-25) के अनुसार**

व्यापार घाटाः भारत का चीन के साथ व्यापार घाटा बढ़कर 99.2 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है।

आयात बढ़ाः चीन से भारत का आयात 11.52% बढ़कर 113.45 अरब डॉलर हो गया है।

निर्यात गिराः दूसरी ओर, चीन को होने वाला भारतीय निर्यात 14.5% घटकर महज 14.25 अरब डॉलर रह गया है।

भारत की ओर से डब्ल्यूटीओ में चीन की मांग को ब्लॉक करना दिखाता है कि सरकार अपनी घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देने वाली नीतियों का मजबूती से बचाव करने के लिए तैयार है।

हालांकि, चीन द्वारा दोबारा अनुरोध किए जाने की संभावना को देखते हुए आने वाले दिनों में यह व्यापारिक तनाव और बढ़ सकता है।

# समांथा रुथ प्रभु, ऋषभ पंत के साथ गुड गेम की ग्लोबल एंबेसडर बनीं

**लखनऊ।** गुड गेम, दुनिया का पहला लाइव ग्लोबल गेमिंग रियलिटी शो, जो भारत के पहले ग्लोबल गेमिंग सुपरस्टार की तलाश में है, ने आज भारत में अपनी शुरुआत का ऐलान किया है। जानी-मानी एक्ट्रेस, एंटरप्रेन्योर और यूथ आइकन सामंथा रुथ प्रभु को भारत के सबसे डायनामिक क्रिकेट आइकन ऋषभ पंत और भारत के सबसे प्रभावशाली गेमिंग क्रिएटर्स में से एक उज्ज्वल चौरसिया (टेक्नो गेमर्ज़) के साथ ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। गुड गेम ने एक करोड़ रुपये (100,000 लाख अमेरिकी डॉलर) की भारी-भरकम पुरस्कार राशि की भी घोषणा की, जो भारत में किसी भी रियलिटी शो के विजेता के लिए सबसे अधिक राशियों में से एक है, साथ ही वैश्विक स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर भी प्रदान किया गया।



गुड गेम शो में सालाना 100 करोड़ रुपये तक के निवेश की योजना बना रहा है, और अभी ब्रांड पार्टनर्स और स्पॉन्सर्स को इस अनोखे प्रतियोगी शो से जुड़ने के लिए इनवाइट कर रहा है, जो भारत के युवा दर्शकों के बीच कम से कम 500 मिलियन लोगों तक पहुंचने का वादा करता है।

पहली बार इस तरह के प्रतियोगी रियलिटी फ़ॉर्मेट के रूप में तैयार किया गया गुड गेम, देश में प्रतिस्पर्धी गेमिंग की एक नई शुरुआत है, जहाँ ई-स्पोर्ट्स, मनोरंजन और असली प्रदर्शन एक ही प्लेटफॉर्म पर लाता है।

प्रतिभागियों को न सिर्फ़ उनकी गेमिंग स्किल्स पर, बल्कि क्रिएटिविटी, ऑन-स्क्रीन प्रेज़ेंस और प्रेशर में परफॉर्मेंस पर भी टेस्ट किया जाएगा - जो एक प्रोफेशन और पॉपुलर कल्चर के रूप में गेमिंग की बदलते ट्रेंड्स को भी दिखाता है। ऑडिशन के लिए रजिस्ट्रेशन https://www.goodgameshow.tv/india-audition-application पर खुल चुके हैं, जिसमें एमेच्योर और प्रोफेशनल गेमर्स, कंटेंट क्रिएटर्स और परफॉर्मर्स को आमंत्रित किया जा रहा है।

भारत में इस शो के लॉन्च पर बात करते हुए, गुड गेम के फाउंडर राय कॉकफील्ड ने कहा कि ÷भारत दुनिया की सबसे बड़ी एंटरटेनमेंट और गेमिंग कम्युनिटी में से एक है, और हमें खुशी है कि हम भारत में पहली बार इन दोनों वर्गों के बीच के अंतर को खत्म कर रहे हैं। गुड गेम पूरे भारत की प्रतिभाओं को वैश्विक पहचान और ज़िंदिगी भर के मौकों के लिए रास्ता बनाने में मदद करेगा, जिससे ज़िंदिगी और करियर बदल जाएंगे। हमने उन ब्रांड्स से भी ज़बरदस्त प्रतिक्रिया देखी है जो इस अनोखे मौके के साथ पार्टनरशिप करना चाहते हैं, जो लंबे समय तक चलने वाले कंटेंट, मज़बूत कम्युनिटी और सर्वाधिक संभावनाओं वाले बिज़नेस का संगम है।

# क्रॉम्पटन बना दुनिया का नंबर 1 सीलिंग फैन ब्रांड, भारत को दिलाई वैश्विक पहचान

**मुंबई।** भारत के प्रतिष्ठित उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड क्रॉम्पटन को वैश्विक स्वतंत्र मार्केट रिसर्च कंपनी यूरोमॉनिटर इंटरनेशनल ने इसे दुनिया का नंबर 1 सीलिंग फैन ब्रांड घोषित किया है। यह उपलब्धि क्रॉम्पटन को उन चुनिंदा भारतीय ब्रांड्स में शामिल करती है, जिन्होंने न केवल घरेलू बाजार में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी नए मानक स्थापित किए हैं। 85 वर्षों से अधिक की विरासत के साथ, क्रॉम्पटन का सफर भारतीय नवाचार की प्रगति को दर्शाता है। देश के करोड़ों घरों में भरोसे का प्रतीक बन चुके इस ब्रांड ने प्रदर्शन, ऊर्जा दक्षता और डिज़ाइन के क्षेत्र में वैश्विक मानक स्थापित किए हैं। भारतीय इंजीनियरिंग क्षमता, मजबूत विनिर्माण ढांचा और उपभोक्ताओं की जरूरतों की गहरी समझ क्रॉम्पटन की वैश्विक सफलता का आधार है। इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए क्रॉम्पटन के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ प्रोमीत घोष ने कहा, मुझे अत्यंत गर्व है कि भारतीय उपभोक्ताओं की पीढ़ियों द्वारा भरोसेमंद माने जाने वाला क्रॉम्पटन आज दुनिया का नंबर 1 सीलिंग फैन ब्रांड बना है। यह उपलब्धि सिर्फ कैटेगरी लीडरशिप तक सीमित नहीं है, बल्कि यह वैश्विक मंच पर भारत के बढ़ते प्रभाव को भी दर्शाती है। यह हमारे अतीत के साथ-साथ क्रॉम्पटन 2.0 के ज़रिये भविष्य की ओर बढ़ते हमारे बदलाव को भी दर्शाती है। बहुत कम भारतीय ब्रांड इस स्तर की वैश्विक पहचान हासिल कर पाए हैं और हम 'मेड इन इंडिया' की अपनी मजबूत नींव के साथ वैश्विक विस्तार के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने आगे कहा, ''X-टेक और न्यूक्लीयस जैसे हमारे इनोवेशन प्लेटफॉर्म अगली पीढ़ी की फैन तकनीकों को आकार दे रहे हैं। ये प्लेटफॉर्म भविष्य के लिए तैयार, स्केलेबल और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी तकनीकों को संभव बनाते हैं। क्रॉम्पटन में हम सिर्फ बदलाव को अपनाते नहीं, बल्कि इस कैटेगरी के भविष्य को नई दिशा देते हैं ।'

# सैमसंग ने एक्सक्लूसिव गैलेक्सी Z फ्लिप7 ओलंपिक एडिशन लॉन्च किया 2026 में एथलीटों की मिलानो कॉर्टिना यात्रा को पूरी तरह सपोर्ट करेगा

**सियोल।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड, एक वर्ल्डवाइड ओलंपिक और पैरालंपिक पार्टनर, ने आज गैलेक्सी Z फ्लिप7 ओलंपिक एडिशन को लॉन्च किया, जिसे विशेष रूप से ओलंपिक और पैरालंपिक विंटर गेम्स मिलानो कॉर्टिना 2026 में प्रतिस्पर्धा करने वाले सभी एथलीटों के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह स्पेशल एडिशन फोन लगभग 90 देशों के करीब 3,800 ओलंपिक और पैरालंपिक खिलाड़ियों को दिया जाएगा। यह फोन खिलाड़ियों को उनके खेलों के दौरान पूरा साथ देगा। यह ओलंपिक गांव में उनकी रोजमर्रा की जिंदगी में मदद करेगा, और उन्हें मुकाबले से जश्न तक के खास पलों को कैमरे में कैद करने व शेयर करने में सक्षम बनाएगा।



ओलंपिक एडिशन को विक्ट्री सेल्फी के माध्यम से आधिकारिक पोडियम मोमेंट्स में शामिल किया जाएगा, जो मिलानो कॉर्टिना 2026 में अपना विंटर ओलंपिक डेब्यू कर रहा है। पहली बार, यह ओलंपिक गेम्स में टीम स्पोर्ट प्रतियोगिताओं तक विस्तारित होगा ताकि सभी भाग लेने वाले एथलीट अपने लेंस के माध्यम से अपनी जीत के पलों को कैद कर सकें। इसके अलावा, चुनिंदा नेशनल ओलंपिक कमेटीज़ के एथलीट गैलेक्सी S25 अल्ट्रा से कैद की गई एक नई फोटो सीरीज़ विक्ट्री प्रोफाइल के माध्यम से अपने व्यक्तिगत जुनून और भावना को शेयर कर सकेंगे।

स्टेफनी चोई, सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स में मोबाइल मार्केटिंग सेंटर, मोबाइल एक्सपीरियंस बिजनेस की ईवीपी और हेड, ने कहा, एथलीट ओलंपिक और पैरालंपिक गेम्स में सबसे प्रमुख हैं, और लगभग 30 वर्षों से सैमसंग ने उन्हें वर्ल्डवाइड पार्टनर के रूप में सार्थक मोबाइल इनोवेशन के माध्यम से समर्थन दिया है। सोची 2014 से, हमने एथलीटों को ओलंपिक एडिशंस के साथ हमेशा सपोर्ट किया है और हम मिलानो कॉर्टिना 2026 में भी इस प्रतिबद्धता को जारी रखने के लिए सम्मानित महसूस कर रहे हैं। ओलंपिक एडिशन के साथ, एथलीट अपने तरीके से हर यादगार पल में प्रशंसकों और परिवारों से जुड़ सकेंगे।

**ओलंपिक विंटर गेम्स का जश्न मनाने के लिए एक विशेष ओलंपिक एडिशन**

गैलेक्सी Z फ्लिप7 एक इंटेलिजेंट पॉकेट-साइज्ड साथी है जिसे आसान इंटरैक्शन और रोजमर्रा की विश्वसनीयता के लिए बनाया गया है। यह गैलेक्सी एआई को एक नए एज-टू-एज फ्लेक्सविंडो के साथ जोड़ता है, और एक शानदार मोबाइल एआई अनुभव प्रदान करता है। गैलेक्सी Z फ्लिप7 को एक हाथ से आसानी से संभाला जा सकता है और यह ओलंपिक और पैरालंपिक विंटर गेम्स के दौरान एथलीटों को बेहतरीन सपोर्ट देगा।

# भारत का केंद्रीय बजट 2026: बुनियादी ढांचे पर जोर और राजकोषीय विवेक



**मुंबई।** निवेश प्रबंधन फर्म ऑम्नीसाइंस कैपिटल ने 2026 के लिए अपना व्यापक बजट आउटलुक जारी किया है, जिसमें लगभग ?53.5 ट्रिलियन के केंद्रीय बजट का अनुमान लगाया गया है, जो राजकोषीय अनुशासन बनाए रखते हुए पूंजीगत व्यय पर रणनीतिक ध्यान केंद्रित करता है। ड्राइविंग इंडियाज ग्रोथ थ्रू कैपेक्स इन्वेस्टमेंट्स विद फिस्कल डिसिप्लिन शीर्षक वाली रिपोर्ट में पूंजीगत व्यय में 15% वृद्धि का अनुमान लगाया गया है और FY27 के लिए राजकोषीय घाटे को GDP के 4.2% पर अनुमानित किया गया है, जो विकास निवेश और वित्तीय समेकन को संतुलित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। विश्लेषण के अनुसार, भारत के बजटीय ढांचे ने पिछले एक दशक में एक मौलिक परिवर्तन देखा है। पूंजीगत व्यय, जो FY16 में कुल बजट खर्च का लगभग 20% था, FY26 में बढ़कर 30.6% से अधिक हो गया है, जो बुनियादी ढांचे के विकास और दीर्घकालिक आर्थिक विकास की ओर एक निर्णायक बदलाव को दर्शाता है। ऑम्नीसाइंस कैपिटल के अध्यक्ष और मुख्य पोर्टफोलियो प्रबंधक अश्विनी शमी ने कहा, हम जो देख रहे हैं वह केवल बजट के आकार में विस्तार नहीं है, बल्कि राजकोषीय प्राथमिकताओं का एक मौलिक पुनर्निर्धारण है। पिछले एक दशक में पूंजीगत व्यय में निरंतर 15% CAGR, जो राजस्व खर्च की वृद्धि से कहीं अधिक है, उत्पादक परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है जो आने वाले वर्षों में भारत के विकास को गति देगा। यह संरचनात्मक परिवर्तन केवल संख्यात्मक वृद्धि से कहीं अधिक है। जबकि समग्र केंद्रीय बजट लगातार बढ़ा है, पूंजीगत व्यय पिछले दस वर्षों में लगभग 15% CAGR पर बढ़ा है, जो राजस्व व्यय की 8.8% वृद्धि से काफी अधिक है।

# ओरा पर एक्सक्लुसिव सीज़नल ऑफर्स के साथ डायमंड फेस्टिवल 2026 शुरू हुआ

ओरा फाईन ज्वेलरी ने गौरव, प्यार और जश्न के मौसम में प्रवेश करते हुए अपना बहुप्रतीक्षित डायमंड फेस्टिवल 2026 शुरू किया है, जिसमें हर किसी को हीरे की चमक प्राप्त करने का बेहतरीन अवसर मिलेगा। जनवरी में रिपब्लिक डे की परेड के साथ गौरव और उल्लास के मौसम से लेकर वैलेंटाईन डे के अवसर पर प्यार और रोमांस के मौसम तक, इस डायमंड फेस्टिवल में शानदार कारीगरी, आधुनिक डिज़ाईन और आकर्षक वैल्यू ऑफर ग्राहकों को मिलेंगे। डायमंड फेस्टिवल में ओरा की प्रेसिज़न, विश्वास और शाश्वत सौंदर्य की विरासत के अनुरूप बेहतरीन डायमंड ज्वेलरी सेट उपलब्ध होंगे।इस फेस्टिवल के दौरान ग्राहकों को अनेक एक्सक्लुसिव ऑफर दिए जा रहे हैं, जो उनके शॉपिंग के अनुभव को और अधिक बेहतर बना देंगे नेकलेस सेट में डायमंड के मूल्य पर फ्लैट 25 प्रतिशत की छूट, हर खरीद पर 10 प्रतिशत का कैशबैक ओरा फाईन ज्वेलरी के लिए डायमंड फेस्टिवल का बहुत महत्व है। यह क्वालिटी और प्रामाणिकता के ब्रांड के वादे का प्रतीक है। व्यक्तिगत उपलब्धि की खुशी मनानी हो, प्यार का इजहार करना हो या फिर किसी को उपहार देना हो, ओरा के डायमंड हर मौके के लिए उत्तम हैं, जो जिंदगी भर साथ निभाते हैं।

डिज़्नी क्रूज़ लाइन पर जाने माने फिल्म स्टार शाहरुख खान के साथ द लायन किंग थीम पर आतिशबाजी शो का मज़ा लीजिए

## बॉलीवुड सिनेमा के जाने माने अभिनेता, डिज़्नी एडवेंचर पर शुरू होने वाले द लायन किंग सेलिब्रेशन इन द स्काई के लिए अपनी दमदार आवाज़ भी देंगे

**लखनऊ।** डिज़्नी क्रूज़ लाइन ने डिज़्नी एडवेंचर पर शानदार आतिशबाज़ी का ऐलान किया है। एक अनोखे और नए-नवेले, ओरिजिनल आतिशबाजी शो, द लायन किंग सेलिब्रेशन इन द स्काई से पूरी तरह से जगमगा उठेगा। समुद्र में शानदार आतिशबाज़ी का जलवा दिखाने वाली दुनिया की एकमात्र क्रूज़ लाइन के तौर पर, डिज़्नी क्रूज़ लाइन इस पसंदीदा, खास परंपरा को मनोरंजन के बादशाह शाहरुख खान के साथ और भी खास बनाएगी, जो इस नए शो के नैरेटर होंगे। वे इस शो को अपनी दमदार आवाज़ से एक अलग अहसास में बदल देंगे।

दुनिया की सबसे प्रभावशाली हस्तियों में से एक और दर्शकों के साथ अपने खास जुड़ाव के लिए मशहूर खान, डिज़्नी एडवेंचर को अपना शानदार करिश्मा, अनोखी आवाज़ और कहानी सुनाने की अलग अदा दिखाएंगे, जो सभी उम्र के मेहमानों को एक दिल को छू लेने वाले वाले सफर पर ले जाएगा। खान, जिन्होंने डिज़्नी की द लायन किंग (2019) और मुफासा (2024) के हिंदी-भाषी संस्करण में मुफासा को आवाज़ दी थी, अब इस शानदार अनुभव में अपनी खास गर्मजोशी और गंभीरता लाएंगे, जो मेहमानों को क्लासिक कहानी से एक नए और बिंदास तरीके से जोड़ेगा।

डिज़्नी की सबसे पसंदीदा फिल्मों में से एक पर आधारित, द लायन किंगः सेलिब्रेशन इन द स्काई डिज़्नी की द लायन किंग और ज़िंदगी की खुशियों को एक भव्य सम्मान के रूप में रात के आसमान को रोशन करेगा। यह शो परिवारों और दोस्तों को जहाज के ऊपर इकट्ठा होने के लिए आमंत्रित करेगा ताकि वे शानदार आतिशबाजी, ड्रामेटिक लाइटिंग और आइकोनिक म्यूज़िक की असाधारण सिम्फनी को देख सकें।

देखने में शानदार होने के अलावा, मेहमान एक खूबसूरत संगीतमय सफर की भी उम्मीद कर सकते हैं। इस शो में द लायन किंग फिल्मों के पसंदीदा गाने शामिल होंगे, जिनमें सर्कल ऑफ़ लाइफ, हाकुना मटाटा, ही लिव्स इन यू, और कैन यू फील द लव टुनाइट शामिल हैं। शो का संगीत रॉयल स्कॉटिश नेशनल ऑर्केस्ट्रा द्वारा रिकॉर्ड किए गए गानों की ओरिजिनल अरेंजमेंट के साथ जीवंत होगा, जिसमें दक्षिण अफ्रीका के न्डलोवु यूथ क्वायर की अनोखी धुनें होंगी। द लायन किंगः सेलिब्रेशन इन द स्काई÷ डिज़्नी एडवेंचर पर एक रोमांचक, भावनात्मक रूप से समृद्ध अनुभव होने वाला है।

# टेक्नो स्पार्क गो3 दमदार मजबूती और बेहतरीन सिग्नल के साथ बाज़ार में



**लखनऊ।** भारतीयों के रोज़मर्रा के उपयोग को ध्यान में रखते हुए बनाया गया स्मार्टफोन टेक्नो स्पार्क गो3 अब देशभर में मात्र रू. 8,999 की कीमत पर बाज़ार में आ गया है। यह स्मार्टफोन मजबूती, स्मार्ट फीचर्स और बेहतरीन कनेक्टिविटी के साथ लोन्च किया गया है, ताकि यूज़र्स की रोज़ की ज़रूरतों को पूरी कर सके। देश जैसा दमदार इस सोच पर आधारित टेक्नो स्पार्क गो3 उन लोगों के लिए है जो स्टाइलिश के साथ भरोसेमंद भी हो और गिरने, गीला होने या कोई दाग लगने जैसी समस्याओं से सुरक्षित हो।

स्पार्क गो3 में आईपी64 डस्ट और स्प्लैश रेसिस्टेंस के साथ ड्रॉप-रेडी मजबूती दी गई है, जिससे रोज़मर्रा के झटकों और हादसों की चिंता कम हो जाती है। इसके साथ मिलता है 120 हट्र्ज़ सुपर स्मूथ डिस्प्ले, जो स्क्रॉलिंग, ऐप बदलने और स्वाइपिंग को पहले से कहीं ज़्यादा तेज़ और स्मूद बनाता है। फोन में मौजूद एला एआई वॉइस असिस्टेंट यूज़र्स को उनकी अपनी भाषा में समझता हैकृजैसे हिंदी, तमिल, बंगाली, गुजराती और मराठी। रोज़ के काम हों या छोटे कमांड, बातचीत सहज और आसान रहती है। जहां नेटवर्क कमजोर हो वहां भी नो नेटवर्क कम्युनिकेशन 2.0 टेक्नोलोजी से गोदामों, बेसमेंट, फैक्ट्रियों, निर्माण स्थलों और ग्रामीण इलाकों जैसे लो या नो-नेटवर्क एरिया में भी कनेक्ट रहने में मदद करती है।

# 13 साल के इंतज़ार और 5 असफल फर्टिलिटी ट्रीटमेंट के बाद, सटीक और व्यक्तिगत इलाज से बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ गोरखपुर में दंपत्ति को मिली सफलता

**गोरखपुर।** 13 साल तक बार-बार इलाज करवाना और हर बार बिना सफलता के वापस लौट आना किसी भी दंपति के लिए बेहद दुखदायी अनुभव होता है। 33 वर्षीय आशा और उनके 38 वर्षीय पति मनीष (नाम गोपनीयता के लिए बदले गए हैं) भी इसी दौर से गुज़र रहे थे, जब वे पहली बार डॉ. आकृति गुप्ता, सेंटर हेड और कंसल्टेंट, बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ, गोरखपुर से मिले। इससे पहले वे दो बार आईयूआई और तीन बार आईवीएफ करा चुके थे। शुरुआती दो आईवीएफ चक्र अपने अंडाणु और शुक्राणु से किए गए, जबकि तीसरे साइकल में डोनर अंडाणु और डोनर शुक्राणु का सहारा लिया गया। लेकिन इतने प्रयासों के बावजूद गर्भ नहीं ठहर पाया। महिला के इलाज का इतिहास भी जटिल रहा था। दोनों अंडवाहिनी नलिकाओं में पानी भर जाने (हाइड्रोसाल्पिंक्स) की समस्या के कारण उनकी दूरबीन विधि से शल्यक्रिया की गई थी। इसके अलावा 2021 में डिम्बग्रंथि में बनी गांठ को हटाने के लिए भी ऑपरेशन करना पड़ा। अंडाणुओं की संख्या पहले से ही बहुत कम थी - उनका एएमएच स्तर सिर्फ़ 0.16 था। वहीं, पति के वीर्य की गुणवत्ता भी सामान्य से कम पाई गई। अलग-अलग देखें तो हर समस्या संभाली जा सकती थी, लेकिन सब मिलकर गर्भधारण को वर्षों से कठिन बनाए हुए थीं। बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ, गोरखपुर में इलाज को लेकर बातचीत बिना जल्दबाज़ी और पूरी स्पष्टता के साथ की गई। बहुत कम अंडाणु भंडार और लंबे इलाज इतिहास को देखते हुए, पति के शुक्राणु के साथ डोनर अंडाणु से आईवीएफ करने का निर्णय लिया गया। इस बार लक्ष्य था - हर उस कारक को नियंत्रित करना, जो नतीजों में अनिश्चितता पैदा कर सकता था। डोनर अंडाणु प्राप्त करने के साथ-साथ, विशेष तकनीक की मदद से शुक्राणुओं का चयन किया गया, ताकि कम संख्या के बावजूद बेहतर गुणवत्ता वाले शुक्राणु इस्तेमाल किए जा सकें। इससे दो अच्छे गुणवत्ता के भ्रूण तैयार हुए।

भ्रूण स्थानांतरण में जल्दबाज़ी करने के बजाय, अगला कदम सोच-समझकर उठाया गया। भविष्य में किसी जेनेटिक समस्या से बचने के लिए दोनों भ्रूणों की आनुवंशिक जांच कराई गई। रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि दोनों भ्रूण पूरी तरह सामान्य थे।

इसके बाद ध्यान गर्भाशय की तैयारी पर दिया गया। जांच के दौरान गर्भाशय के भीतर मौजूद एक छोटी-सी समस्या को दूर करने के लिए हिस्टेरोस्कोपी के ज़रिए पॉलिप हटाया गया। साथ ही यह जानने के लिए एक विशेष जांच की गई कि गर्भाशय भ्रूण को स्वीकार करने के लिए किस समय सबसे अधिक तैयार रहता है। इस जांच में सामने आया कि इस महिला में भ्रूण के जमने का सही समय सामान्य से थोड़ा आगे, यानी 108 घंटे पर था।

अक्सर यह समय लगभग 102 घंटे के आसपास होता है, लेकिन इस मामले में कुछ घंटों का अंतर निर्णायक साबित हो सकता था। इसलिए भ्रूण स्थानांतरण किसी तय नियम के अनुसार नहीं, बल्कि इसी व्यक्तिगत समय-सीमा को ध्यान में रखकर किया गया।

इस बारे में बताते हुए डॉ. आकृति गुप्ता, सेंटर हेड और कंसल्टेंट, बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ, गोरखपुर ने कहा, ÷यह ऐसा मामला नहीं था जहाँ इलाज बढ़ाने से फायदा होता। दंपति पहले ही कई प्रयास कर चुके थे। ज़रूरत थी रुककर यह समझने की कि भ्रूण गर्भाशय में ठहर क्यों नहीं पा रहा था। जब गर्भाशय के माहौल को ठीक किया गया, भ्रूण की जांच की गई और यह समझ आया कि भ्रूण जमने का सही समय बदला हुआ है, तब इलाज की दिशा साफ़ हो गई।

# करीब 90% क्रिप्टो निवेशक टैक्स नियमों से वाकिफ़ हैं, वहीं 66% ने इसे अनुचित बतायाः कॉइनस्विच सर्वे

फरवरी में पेश होने वाले आगामी केंद्रीय बजट से पहले, कॉइनस्विच ने भारत में क्रिप्टो (वर्चुअल डिजिटल एसेट्स वीडीए) के टैक्सेशन और रेगुलेशन को लेकर निवेशकों की भावना पर आधारित एक राष्ट्रव्यापी सर्वे के अहम निष्कर्ष जारी किए हैं। कॉइनस्विच के को-फाउंडर आशीष सिंघल ने टिप्पणी करते हुए कहा, सर्वे यह दर्शाता है कि निवेशक टैक्स छूट नहीं चाहते, बल्कि एक तार्किक और संतुलित व्यवस्था की उम्मीद रखते हैं। उत्तरदाताओं ने कम टैक्स दर, घाटे की सेट-ऑफ व्यवस्था, टीडीएस में कमी, और स्थापित वित्तीय बाज़ारों के अनुरूप स्पष्ट रेगुलेशंस का समर्थन किया है। जैसे-जैसे केंद्रीय बजट नज़दीक आ रहा है, तार्किक सुधार और नियामकीय स्पष्टता ऑनशोर भागीदारी बढ़ा सकती है और डिजिटल एसेट इकोसिस्टम को और पारदर्शी व बेहतर बना सकती है। सर्वे में पता चला कि भारत के मौजूदा क्रिप्टो टैक्स ढांचे के प्रति निवेशकों में जागरूकता काफी ऊँची है। लगभग 90% प्रतिभागियों ने प्रमुख प्रावधानों की जानकारी होने की बात कही, जिसमें मुनाफे पर 30% टैक्स, घाटे की सेट-ऑफ या कैरी फ़ॉरवर्ड की अनुमति न होना, और लेन-देन पर 1% टीडीएस शामिल हैं। इसके बावजूद, अधिकांश निवेशक मौजूदा टैक्स ढांचे की निष्पक्षता को लेकर चिंतित हैं। 66% उत्तरदाताओं का मानना है कि वर्तमान क्रिप्टो टैक्स संरचना अनुचित है। टैक्सेशन का प्रभाव बाज़ार के व्यवहार पर भी देखा जा सकता है। सर्वे में 59% उत्तरदाताओं ने कहा कि मौजूदा टैक्स व्यवस्था के कारण उन्होंने क्रिप्टो निवेश या ट्रेडिंग में भागीदारी कम कर दी है। वहीं, 17% ने अपनी भागीदारी बढ़ने की जानकारी दी और 16% का कहना था कि टैक्सेशन का उनके निवेश पर कोई असर नहीं पड़ा। यह दर्शाता है कि कुछ निवेशक दीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाकर नियामकीय निश्चितता को प्राथमिकता दे रहे हैं। अधिकांश निवेशक चाहते हैं कि क्रिप्टो को भारत की मुख्यधारा वाली वित्तीय टैक्स प्रणाली में शामिल किया जाए। 61% का मानना है कि क्रिप्टो पर इक्विटी या म्यूचुअल फंड्स जैसी टैक्स संरचना होनी चाहिए, जबकि 17% अलग फ्रेमवर्क पसंद करते हैं। सर्वे से यह भी पता चला कि निवेशक जानकारी के लिए मुख्य रूप से क्रिप्टो प्लेटफॉर्म और एक्सचेंजेस (30%) पर भरोसा करते हैं, इसके बाद न्यूज़ मीडिया (27%) और सोशल मीडिया (25%) आता है। यह प्लेटफॉर्म्स की भूमिका और नियामकीय संवाद की निरंतरता और विश्वसनीयता को दर्शाता है। टैक्सेशन से परे, 80% से अधिक उत्तरदाता व्यापक नियामकीय स्पष्टता को महत्वपूर्ण मानते हैं, जबकि 60% इसे अत्यंत महत्वपूर्ण मानते हैं।

# पारस हेल्थ कानपुर में आयोजित निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य कैंप, 500+ की भागीदारी

**कानपुर।** पारस हेल्थ कानपुर ने कानपुर और उसके आसपास के क्षेत्र के निवासियों के बीच रोकथाम वाली स्वास्थ्य सुविधा (प्रिवेंटिव हेल्थकेयर) को बढ़ावा देने और गुणवत्तापूर्ण हेल्थकेयर सुविधा की उपलब्धता में सुधार के लिए मेगा स्वास्थ्य महोत्सव का आयोजन किया। इस पहल के तहत एक फ्री मल्टी स्पेशलिटी हेल्थ कैंप हॉस्पिटल के परिसर में आयोजित किया गया। इस कैंप में मेडिकल कंसल्टेशंस और डायग्नोस्टिक सपोर्ट को एक ही जगह पर प्रदान किया गया ताकि लोगों में बीमारी का जल्दी पता लगाने और समय पर देखभाल करवाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। यह मेगा स्वास्थ्य महोत्सव प्रीवेंटिव हेल्थकेयर की जरूरत का समाधान करता है और जल्दी डायग्नोसिस पर जोर देके लाइफस्टाइल संबंधित बीमारियों को जल्दी पकड़ में लाने के लिए बढ़ावा देती है क्योंकि इस तरह की बीमारियां अब तेज गति से बढ़ रही हैं। कैंप में कार्डियोलॉजी,



ऑकोलॉजी, न्यूरोलॉजी गैस्ट्रोएंटरोलॉजी इंटरनल मेडिसिन ऑर्थोपेडिक्स नेफ्रोलॉजी, गायनेकोलॉजी, ENT, फिजियोथैरेपी डेंटिस्ट्री, आप्थाल्मालॉजी और पीडियाट्रिक डिपार्टमेंट के विशेषज्ञों से विधिवत जांच और पर्सनलाइज्ड गाइडेंस के माध्यम से हर एक उम्र के मरीजों को कंसल्टेशन प्रदान किया गया। प्रतिभागियों को मुफ़्त OPD कंसल्टेशन के साथ-साथ कॉम्प्लिमेंट्री स्क्रीनिंग की भी सुविधा मिली। स्क्रीनिंग में ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, ECG और कोलेस्ट्रॉल मापा गया। इस पहल के बारे में बात करते हुए पारस हेल्थ कानपुर के फैसिलिटी डायरेक्टर रजत बजाज ने कहा, हेल्थकेयर सबसे ज़्यादा असरदार तब होता है जब हम समस्याओं को इमरजेंसी स्थिति बनने से पहले ही पकड़ लेते हैं। हम कानपुर में बहुत सारे स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं की बढ़ोतरी देख रहे हैं। अक्सर इन समस्याओं को अनदेखा कर दिया जाता है या जब बहुत ज्यादा लेट हो जाता है तब लोगों का इस पर ध्यान जाता है। मेगा स्वास्थ्य महोत्सव से हमारा उद्देश्य है कि हम इलाज की खर्च और जटिलता को खत्म करें ताकि लोग हॉस्पिटल में कंसल्टेशन के लिए आए। हमारे सभी स्पेशलिस्ट को एक ही जगह पर लाकर हम परिवारों को उनके स्वास्थ्य से संबंधित सभी पहलुओं को ज्यादा अच्छे से जानने की सुविधा दे रहे हैं।

## सीएम सिद्धारमैया ने कार्यकर्ताओं की हरकत देख खोया आपा, लगाई फटकार



**बंगलूरू।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया मंगलवार को एक रैली में तब अपना आपा खो बैठे, जब युवा कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं ने उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के समर्थन में नारे लगाये।

सीएम सिद्धरमैया उपमुख्यमंत्री शिवकुमार, कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला, मंत्रियों, सांसदों और विधायकों के साथ मिलकर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की जगह 'वीबी- जी राम जी' अधिनियम लाये जाने के विरुद्ध प्रदर्शन में भाग लेने पहुंचे थे।

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया जैसे ही सभा को संबोधित करने के लिए कुर्सी से उठे कुछ कांग्रेसी कार्यकर्ता 'डीके, डीके' के नारे लगाने लगे। जैसे-जैसे वह भाषण देने के लिए आगे बढ़ा नारेबाजी और तेज होती गई। इस बात से नाराज होकर मुख्यमंत्री ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर चिल्लाते हुए उन्हें चुप रहने को कहा, लेकिन कार्यकर्ताओं ने उनकी अनसुनी कर दी।

गुस्से में सिद्धरमैया ने कांग्रेस नेताओं से पूछा, ये 'डीके, डीके' कौन चिल्ला रहा है? इसके बाद कुछ देर के लिए माहौल गरमा गया। स्थिति को बिगड़ता देख संचालक ने युवा कांग्रेस के नेता चुप रहने की हिदायत दी। मुख्यमंत्री भाषण दे रहे हैं। हम जानते हैं कि आप कौन हैं। चुपचाप मुख्यमंत्री का भाषण सुनें। सिद्धरमैया का भाषण शुरू होने के बावजूद कार्यकर्ताओं ने बाधा डालने की कोशिश की।

बता दें कि काफी समय से कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस में सिद्धरमैया और शिवकुमार के बीच सत्ता संघर्ष को लेकर बयानबाजी सामने आ चुकी है। पार्टी के कई विधायकों और विधानपरिषद सदस्यों ने उपमुख्यमंत्री के पक्ष में पैरवी भी की थी।

## महाराष्ट्र के सोलापुर में दर्दनाक हादसाः ट्रक ने श्रद्धालुओं से भरी वैन को मारी टक्कर, बच्चे समेत 4 की मौत

**यात्रा**

**पुलिस के मुताबिक, ठाणे के डोंबिवली (पश्चिम) के उमेशनगर इलाके से 12 श्रद्धालु और उनके कुछ रिश्तेदार दो दिन पहले धार्मिक यात्रा पर निकले थे।**



**मुंबई।** महाराष्ट्र के सोलापुर में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। पंढरपुर जा रहे डोंबिवली के श्रद्धालुओं की वैन को एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में एक बच्चे समेत 4 लोगों की मौत हो गई और 10 लोग घायल हो गए।

महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां तेज रफ्तार ट्रक ने श्रद्धालुओं से भरी एक वैन को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में एक बच्चे समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना सोमवार देर शाम मंगलवेधा तालुका के पास देगांव शिवारा गांव के नजदीक हुई।

पुलिस के मुताबिक, ठाणे के डोंबिवली (पश्चिम) के उमेशनगर इलाके से 12 श्रद्धालु और उनके कुछ रिश्तेदार दो दिन पहले धार्मिक यात्रा पर निकले थे। वे सोलापुर, कोल्हापुर और आसपास के मंदिरों में दर्शन कर रहे थे। धाराशिव जिले के तुलजा भवानी मंदिर और अन्य मंदिरों में दर्शन करने के बाद वे पंढरपुर जा रहे थे, जहां भगवान विठ्ठल और देवी रुक्मिणी का मंदिर है। शाम करीब 7.30 बजे ट्रक ने उनकी वैन को टक्कर मार दी।

पुलिस ने बताया कि हादसे में सोनम अहिरे, सविता गुप्ता और योगिनी केकाने की मौके पर ही मौत हो गई। एक गंभीर रूप से घायल बच्चे ने सोलापुर के सरकारी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस अधिकारी ने कहा, ट्रक बहुत तेज गति से आ रहा था और वैन से सामने से टकरा गया। वैन का आगे का हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को हिरासत में ले लिया गया है और मामले की जांच जारी है।

डोंबिवली में पीड़ितों के परिवार वालों ने बताया कि यह यात्रा लंबे वीकेंड के चलते प्लान की गई थी। केकाने परिवार के एक रिश्तेदार ने बताया कि वे पंढरपुर दर्शन करके घर लौटने वाले थे, पर बीच रास्ते ही यह हादसा हो गया। एक स्थानीय निवासी ने कहा कि ज्यादातर पीड़ित उमेशनगर के शेवंता हाइट्स बिल्डिंग में रहते थे। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।

हादसे में घायल महिलाओं और बच्चों को सोलापुर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि उनकी हालत स्थिर है। हादसे की खबर मिलते ही राज्य भाजपा अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने सोलापुर के अधिकारियों से बात की और घायलों को बेहतर इलाज मुहैया कराने के निर्देश दिए।

## मीरा-भायंदर में नए फ्लाईओवर पर विवाद, सोशल मीडिया पर हो रही आलोचना



**मुंबई।** मीरा-भायंदर का नया डब्ल्यूडब्ल्यूबल डेकर फ्लाईओवर सोशल मीडिया पर चर्चा में है। लोग इसे खतरनाक बता रहे हैं, जबकि MMRDA ने सफाई दी कि यह स्थान और भविष्य की योजना के अनुसार है। ऐसे में सवाल यह खड़ा हो रहा है कि क्या यह डिजाइन चुनौतीपूर्ण सफर के लिए तैयार है या ट्रैफिक जाम और हादसों का खतरा बढ़ाएगा महाराष्ट्र के मीरा-भायंदर में हाल ही में बनकर तैयार हुआ नया डबल डेकर फ्लाईओवर इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब चर्चा और आलोचना का केंद्र बन गया है। इसका कारण है कि यह फ्लाईओवर मध्य में अचानक चार लेन से दो लेन में बदल जाता है, जिसे लेकर लोगों ने इसे खतरनाक डिजाइन बताया और मजाक भी उड़ाया। वीडियो में फ्लाईओवर का दृश्य दिखाया गया, जिसमें लोग डर और चिंता जता रहे हैं कि यह ट्रैफिक जाम या हादसों का कारण बन सकता है। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने इसे भोपाल के उस कुख्यात फ्लाईओवर की याद दिलाई, जिसमें 90 डिग्री मोड़ था।

इतना ही नहीं एक एक्स यूजर ने तो यहां तक लिख दिया कि देखिए मुंबई के नए 100 करोड़ रुपये के डबल डेकर फ्लाईओवर का डिजाइन। यूजर ने लिखा कि चार लेन का फ्लाइओवर अचानक दो लेन में बदलत जाता हैं। इस बाते आधार पर आप रात की सफर की कल्पना कीजिए। यूजर ने आगे हैचटैग लिखा कि इंजीनियरिंग का कमाल।

दूसरी ओर कांग्रेस ने भी इस प्लाइओवर के आधार पर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। हालांकि, मुंबई मेट्रोपोलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमएमआरडीए) ने इस आलोचना का जवाब देते हुए कहा कि फ्लाईओवर का डिजाइन अचानक संकरा नहीं है। फ्लाईओवर को स्थान की सीमाओं और भविष्य की योजना को ध्यान में रखकर बनाया गया है।

एमएमआरडीए के मुताबिक, वर्तमान में फ्लाईओवर का चार लेन वाला हिस्सा भायंदर ईस्ट के लिए दो लेन और भायंदर वेस्ट के लिए दो भविष्य के कनेक्टिंग लेन के लिए बनाया गया है। भायंदर ईस्ट की शाखा पहले आती है, इसलिए फिलहाल यह चार लेन से दो लेन में बदलता है। फ्लाईओवर की बाहरी दो लेन भविष्य में भायंदर वेस्ट की ओर विस्तार के लिए रखी गई हैं।

## हिस्ट्रीशीटर शब्बीर की हत्या में खुला गैंगवार का राज, 12 गिरफ्तार

**बंगलूरू।** कर्नाटक में हिस्ट्रीशीटर सैयद शब्बीर (30) मर्डर केस में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर की हत्या के मामले में 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह घटना 12 जनवरी की है, जब हिस्ट्रीशीटर सैयद शब्बीर की बेरहमी से हत्या कर दी गई। हमलावरों ने उसे सड़क पर ऑटो से खींचकर मार डाला। पुलिस ने बताया कि यह एक सोची-समझी साजिश थी। पुलिस के मुताबिक, 30 साल का शब्बीर उर्फ सैयद शब्बीर एक हिस्ट्रीशीटर था। वह कोरामंगला इलाके का रहने वाला था। 12 जनवरी को वह अपने साथियों के साथ एक ऑटो में जा रहा था। तभी बंदेपाल्या थाना इलाके में हमलावरों ने उसको घेर लिया और उसकी आंखों में मिर्च पाउडर झोंक दिया। फिर हथियारों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमलावरों ने शब्बीर को इतना मारा कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस की शुरुआती जांच में कई बातें सामने आई हैं। शब्बीर के पिता कर्नाटक स्टेट रिजर्व पुलिस से रिटायर हुए थे। शब्बीर अपने इलाके में सेटलमेंट और वसूली का धंधा चलाता था। वह दूसरे छोटे-मोटे बदमाशों को अपने इलाके में घुसने नहीं देता था। अगर कोई ऐसा करता तो वह उसे धमकाता और मारपीट करता था।

## भूकंप के झटके या कुछ और, बीड में धमाके जैसी आवाजें, लोगों के बीच हड़कंप

**मुंबई।** महाराष्ट्र के बीड जिले में मंगलवार को दो बार जोरदार धमाके जैसी आवाजें सुनाई दी गईं, जिससे लोग डर के मारे घरों से बाहर निकल आए। जिला प्रशासन और मौसम विज्ञानी ने पुष्टि की कि कोई भूकंप या सिस्मिक गतिविधि नहीं हुई। महाराष्ट्र के बीड से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां मंगलवार को दो बार जोरदार धमाकों जैसी आवाजें सुनाई दीं, जिससे कई लोग डर के मारे घरों से बाहर निकल आए। पहली आवाज लगभग सुबह 9 बजे और दूसरी दोपहर 1 बजे सुनाई दी गई। मामले में हालांकि, जिला कलेक्टर विवेक जॉनसन ने स्पष्ट किया कि इन आवाजों के दौरान कोई भूकंप या भौगर्भिक गतिविधि दर्ज नहीं की गई। उन्होंने बताया कि अधिकारियों ने तुरंत मुंबई के कोलाबा वेधशाला के मौसम विज्ञानी किरण नारखेडे से संपर्क किया, जिन्होंने भी पुष्टि की कि बीड जिले और आसपास के क्षेत्रों में कोई भूकंप या किसी प्रकार की सिस्मिक गतिविधि नहीं हुई।

## व्यापार, निवेश-वैश्विक साझेदारी की नई राह, मंत्री गोयल ने बताया क्यों है गेम चेंजर डील

**ट्रेड**

**भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच करीब 18 वर्षों से चल रही बातचीत के बाद आखिरकार फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर सहमति बन गई है।**



**नई दिल्ली।** भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच हुए व्यापार समझौते के कारण कई चीजें सस्ती हो सकती है। कई वस्तुओं पर दोनों देशों ने कर की कटौती करने का निर्णय लिया है।

भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच करीब 18 वर्षों से चल रही बातचीत के बाद आखिरकार फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर सहमति बन गई है। मंगलवार को 16वें भारत ईयू शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों पक्षों ने इस ऐतिहासिक समझौते का औपचारिक ऐलान किया। इस ट्रेड डील को वर्ष 2027 से लागू किए जाने की संभावना है। समझौते के लागू होते ही भारत में यूरोप से आयात होने वाले कई उत्पाद सस्ते हो सकते हैं। खास तौर पर यूरोपीय लग्जरी कारों पर लगने वाला आयात शुल्क 110 प्रतिशत से घटाकर लगभग 10 प्रतिशत किए जाने की बात कही जा रही है। इससे बीएमडब्ल्यू और मर्सिडीज जैसी कारों की कीमतों में बड़ी गिरावट आ सकती है। इसके अलावा यूरोप से आने वाली शराब और वाइन पर भी टैक्स में भारी कटौती की तैयारी है। फिलहाल इन उत्पादों पर करीब 150 प्रतिशत टैरिफ लगता है, जिसे घटाकर 20 से 30 प्रतिशत के दायरे में लाया जा सकता है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत को यूरोपीय यूनियन के बाजार में मूल्य के आधार पर अपने 99 प्रतिशत से अधिक निर्यात के लिए रियायती शुल्क पर पहुंच मिलेगी। उन्होंने बताया कि इससे देश के श्रम प्रधान उद्योगों को खास तौर पर फायदा होगा और घरेलू उत्पादन को मजबूती मिलेगी। भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को लेकर वार्ताएं पूरी हो चुकी हैं।दोनों पक्षों ने 27 जनवरी को औपचारिक रूप से बातचीत के समापन का ऐलान किया, जिससे इस समझौते के लागू होने का रास्ता साफ हो गया है। गोयल ने मीडिया ब्रीफिंग में कहा, यह समझौता इस बात को दर्शाता है कि जब वैश्विक व्यापार के करीब 25 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करने वाले देश और क्षेत्र अपनी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने का फैसला करते हैं, तो उसके दूरगामी असर दिखाई देते हैं। मुक्त व्यापार समझौते के साथ साथ इस साझेदारी से रक्षा सहयोग, निवेश में बढ़ोतरी, नवाचार और विज्ञान के क्षेत्र में सहयोग तथा वित्तीय बाजारों के गहरे एकीकरण के नए रास्ते खुलेंगे। उन्होंने कहा कि यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन का यह दौरा भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच रणनीतिक रिश्तों के लिहाज से एक गेम-चेंजर और परिवर्तनकारी साबित होगा। यह समझौता केवल एक मुक्त व्यापार करार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उससे कहीं व्यापक और गहरे मायने रखता है। उनके अनुसार, एफटीए के जरिए खुलने वाले व्यापारिक अवसरों से भी आगे बढ़कर यह भारत और यूरोपीय संघ के बीच मजबूत होती रणनीतिक साझेदारी और साझा सोच को दर्शाता है। भारत और यूरोपीय संघ कई अहम क्षेत्रों में मिलकर काम कर रहे हैं, ताकि साझेदारी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सके। यह सहयोग साझा समृद्धि के साथ-साथ मानवता के एक बड़े हिस्से के बेहतर भविष्य की दिशा में अहम कदम है। भारत और यूरोपीय यूनियन के 27 सदस्य देशों की संयुक्त आबादी करीब 280 करोड़ है, जो इस समझौते की वैश्विक अहमियत को और मजबूत करती है। मंत्री गोयल ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष वोंडरलेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा के नेतृत्व में भारत और यूरोपीय संघ ने सबसे बड़े समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता देश की वैश्विक व्यापार भागीदारी में एक रणनीतिक उपलब्धि है, जिससे 1.4 अरब लोगों के लिए 20 हजार अरब डॉलर के यूरोपीय संघ बाजार में विशाल अवसर खुलेंगे। यह ऐसा समझौता है जो हमारे निर्यात के 99 प्रतिशत से अधिक हिस्से को अभूतपूर्व बाजार पहुंच देता है, जिससे हमारे श्रम प्रधान क्षेत्रों को जबरदस्त प्रोत्साहन मिलेगा।

## फिलीपींस ने फेरी डूबने के बाद कंपनी के यात्री जहाजों को रोक, 18 लोगों की गई थी जान



**रोक**

**फिलीपींस के अधिकारियों ने मंगलवार को उस कंपनी के सभी यात्री जहाजों को रोक दिया, जिसके स्वामित्व वाली एक नौका दक्षिण में डूब गई थी।**

**फिलीपींस।** फिलीपींस में डूबी यात्री नौका हादसे के बाद सरकार ने फेरी के सभी यात्री जहाजों को रोक दिया है। नौका में 317 यात्री और 27 चालक दल थे। जिसमें 316 लोगों को बचाया गया, जबकि 18 की मौत हुई और 10 अब भी लापता हैं। फिलीपींस के अधिकारियों ने मंगलवार को उस कंपनी के सभी यात्री जहाजों को रोक दिया, जिसके स्वामित्व वाली एक नौका दक्षिण में डूब गई थी। इस घटना में कम से कम 18 लोग मारे गए थे। वहीं, 300 से अधिक लोगों को बचा लिया गया था। दरअसल बासिलन प्रांत के एक द्वीप के पास सोमवार तड़के डूबे एम/वी ट्रिशा कर्स्टन 3 जहाज के दस लोग, जिनमें ज्यादातर चालक दल के सदस्य और कप्तान शामिल हैं, अभी भी लापता हैं। तटरक्षक बल के एडमिरल रॉनी गावन ने बताया कि तटरक्षक बल और नौसेना के नेतृत्व में उन जलक्षेत्रों में तलाशी अभियान जारी है, जहां तेल की परत देखी गई है। उन्होंने कहा कि खोज अभियान के तहत तटरक्षक गोताखोरों और एक रिमोट से संचालित मानवरहित वाहन को मलबे का पता लगाने और उसकी जांच करने के लिए तैनात किया जाएगा, जिसका अनुमान समुद्र की सतह से 76 मीटर (249 फीट) नीचे है। स्टील के पतवार वाली तीन डेक वाली मालवाहक और यात्री नौका, जाम्बोआंगा के दक्षिणी बंदरगाह शहर से जोलो द्वीप की ओर जा रही थी। उसी दौरान बसिलन प्रांत के बालुक-बालुक द्वीप गांव के पास डूब गई। इस नौका में 317 यात्री और 27 चालक दल के सदस्य सवार थे। परिवहन सचिव जियोवानी लोपेज ने कहा कि तटरक्षक बल ने शुरू में बताया था कि जहाज में 332 यात्री सवार थे, लेकिन बाद में कहा कि उनमें से 15 ने अंतिम समय में जहाज पर न चढ़ने का फैसला किया। उन्होंने बताया कि कम से कम 316 लोगों को बचाया गया और एक शिशु सहित 18 शव बरामद किए गए हैं।

लोपेज ने कहा कि फेरी संचालक कंपनी एलेसन शिपिंग लाइन्स, इंक. के सभी यात्री जहाजों को अनिश्चितकाल के लिए रोके जाने से उनकी समुद्री यात्रा के लिए उपयुक्तता का निरीक्षण किया जा सकेगा।

अन्य कंपनियों को अपनी फेरी सेवा शुरू करने की अनुमति दी जाएगी। इसके साथ ही तटरक्षक बल मुफ्त यात्रा की सुविधा प्रदान कर सकता है ताकि उस क्षेत्र में परिवहन में कोई बड़ी बाधा न आए जहां फेरी यात्रा का मुख्य साधन है।

## लाहौर किले में लौह मंदिर का हुआ जीर्णोद्धार

**लाहौर।** पाकिस्तान के लाहौर किले में ऐतिहासिक लौह मंदिर का जीर्णोद्धार पूरा होकर अब आम जनता के लिए खुल गया है। यह मंदिर भगवान राम के पुत्र लव को समर्पित है। ड्डष्ठ्र ने सिख युग के हम्माम और अठदारा पैविलियन के साथ इसे आधुनिक तकनीकों से संरक्षित किया है, जिससे किले की बहुसांस्कृतिक विरासत उजागर होती है।

**सत्ता**

**डॉ. बुतालिया ने कहा कि लाहौर किला सिख इतिहास में बेहद महत्वपूर्ण है। यह करीब आधी सदी तक सिख साम्राज्य की सत्ता का केंद्र रहा।**



पाकिस्तान से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में स्थित लाहौर किले के ऐतिहासिक लौह मंदिर का जीर्णोद्धार पूरा कर दिया गया है और अब यह आम जनता के लिए खोल दिया गया है। यह मंदिर भगवान राम के पुत्र लव को समर्पित है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, शहर लाहौर का नाम भी लव से ही पड़ा है। मामले में वाल्ड सिटी लाहौर अथॉरिटी (डब्ल्यूसीएलए) ने मंगलवार को बताया कि उन्होंने लौह मंदिर के साथ-साथ सिख युग के हम्माम और महाराजा रणजीत सिंह का अठदारा पैविलियन का भी संरक्षण किया है। इस परियोजना में अगा खान कल्चरल सर्विस पाकिस्तान के सहयोग से काम किया गया। लौह मंदिर में एक खुला आकाश वाला क्षेत्र और स्मारक स्थल शामिल है। मामले में डब्ल्यूसीएलए की प्रवक्ता तानिया कुरेशी ने कहा कि यह पुनःस्थापना पहल लाहौर किले की सांस्कृतिक विरासत को उजागर करने के लिए की गई है, जिसमें सिख और हिंदू मंदिर, मुगल मस्जिदें और ब्रिटिश कालीन संरचनाएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि संरक्षण प्रक्रिया में कई आधुनिक तकनीकें अपनाई गईं। बता दें कि पिछले साल एक सिख शोधकर्ता ने लाहौर किले में सिख काल (1799-1849) के दौरान बनाए गए लगभग 100 स्मारकों की पहचान की थी। इनमें से लगभग 30 स्मारक अब अस्तित्व में नहीं हैं। लाहौर किले और इसके ऐतिहासिक महत्व को बेहतर समझाने के लिए डब्ल्यूसीएलए ने डॉ. तरुनजीत सिंह बुतालिया, जो अमेरिका में आधारित सिख शोधकर्ता हैं, को एक टूर गाइडबुक लिखने के लिए नियुक्त किया- सिख साम्राज्य के दौरान लाहौर किला। डॉ. बुतालिया ने कहा कि लाहौर किला सिख इतिहास में बेहद महत्वपूर्ण है। यह करीब आधी सदी तक सिख साम्राज्य की सत्ता का केंद्र रहा। मेरे लिए यह किला खास है क्योंकि मेरे पूर्वज सिख दरबार में उच्च पदों पर थे, जैसा कि उमदत-उत-तवारीख नामक फारसी अभिलेख में दर्ज है। इस पहल से लाहौर किले की धार्मिक और ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करने और लोगों तक पहुँचाने में मदद मिलेगी।

## अमेरिका के दबदबे पर एक और चोट, कनाडा के बाद यूरोपीय देश भी चीन के साथ बढ़ा रहा व्यापारिक संबंध





**लंदन।** वैश्विक संबंधों और कूटनीति इन दिनों बड़े बदलावों से गुजर रही है। अमेरिका के पारंपरिक सहयोगी माने जाने वाले देश अब अमेरिका से दूर हो रहे हैं और चीन से उनकी नजदीकी बढ़ रही है। अब अमेरिका के करीबी सहयोगियों में से एक ब्रिटेन ने भी चीन से व्यापार संबंध बेहतर बनाने की शुरुआत कर दी है। वैश्विक हालात इन दिनों तेजी से बदल रहे हैं। अमेरिका का दबदबा सिमट रहा है और एक समय अमेरिका के करीबी सहयोगी ही अब उसे आंखें दिखा रहे हैं। हाल ही में कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने चीन का दौरा किया था और चीन के साथ व्यापारिक संबंध मजबूत करने की बात कही। इसे लेकर ट्रंप ने कड़ी नाराजगी जताई थी, लेकिन अब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर भी चीन दौरे पर पहुंच रहे हैं। इसे भी यूरोप के अमेरिका के पाल से दूर जाने के तौर पर देखा जा रहा है।

कीर स्टार्मर और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात बुधवार को होगी। इस दौरे की अहमियत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आखिरी बार साल 2018 में किसी ब्रिटिश पीएम ने चीन का दौरा किया था और अब करीब सात साल बाद अब कीर स्टार्मर चीन पहुंच रहे हैं। इस दौरे से ब्रिटेन और चीन अपने व्यापारिक संबंधों को बेहतर करने की कोशिश करेंगे। हालांकि चीन दौरे के चलते कीर स्टार्मर को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गुस्से का भी शिकार होना पड़ सकता है। कीर स्टार्मर से पहले कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने भी चीन का दौरा किया था। जिस पर ट्रंप ने नाराजगी जताते हुए कहा था कि अगर कनाडा ने चीन से व्यापार समझौता किया तो वे कनाडा से होने वाले आयात पर 100 फीसदी टैरिफ लगा देंगे। अमेरिकी धमकी के बाद कनाडा के पीएम ने साफ किया कि वे, चीन के साथ व्यापार समझौता नहीं करने जा रहे। कीर स्टार्मर के साथ ही उनके व्यापार मंत्री और कई कंपनियों के प्रमुख भी चीन दौरे पर जा रहे हैं। ब्रिटेन की मंशा है कि दुनिया के दूसरे सबसे बड़े बाजार चीन में एंट्री मिले, जिससे उसकी कारों और स्कॉच व्हिस्की को बड़ा बाजार मिल सके।

## शक्ति प्रदर्शन या दुनिया को चेतावनीः उत्तर कोरिया ने दागी मिसाइलें, दक्षिण कोरिया सतर्क

**उत्तर कोरिया ।** उत्तर कोरिया ने पूर्वी समुद्र की ओर कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें दागकर एशिया में तनाव बढ़ा दिया है। दक्षिण कोरिया और जापान ने प्रक्षेपण की पुष्टि की है। जापान ने इसे क्षेत्रीय शांति के लिए खतरा बताया। ऐसे में सवाल खड़ा हो रहा है कि क्या यह सिर्फ सैन्य अभ्यास है या आगामी राजनीतिक बैठक से पहले अंतरराष्ट्रीय समुदाय को दिया गया सख्त संदेश?



एशियाई क्षेत्र में एक बार फिर तनाव गहरा गया है। पहले से ही दक्षिण कोरिया और उत्तर कोरिया के बीच चल रहे राजनीतिक और सैन्य तनाव के बीच उत्तर कोरिया ने मंगलवार को अपनी ताकत का प्रदर्शन करते हुए बड़ा कदम उठाया। उत्तर कोरिया ने अपनी पूर्वी समुद्री सीमा की ओर कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जिसकी पुष्टि दक्षिण कोरिया और जापान ने की है। यह मिसाइल प्रक्षेपण ऐसे वक्त पर हुआ है, जब उत्तर कोरिया में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक बैठक होने वाली है और क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ी हुई है।

ऐसे में इस कदम को न सिर्फ एक सैन्य अभ्यास, बल्कि पड़ोसी देशों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए एक कड़े संदेश के तौर पर देखा जा रहा है। दक्षिण कोरिया की सेना के मुताबिक, उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग के उत्तर-पूर्वी इलाके से कई बैलिस्टिक मिसाइलें छोड़ी गईं, जो करीब 350 किलोमीटर तक उड़ान भरने के बाद समुद्र में जा गिरीं। वहीं, जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उत्तर कोरिया द्वारा दागी गई दो मिसाइलें कोरियाई प्रायद्वीप के पूर्वी तट के पास समुद्र में गिरीं।

जापान ने इस मिसाइल परीक्षणों की कड़ी निंदा की। साथ ही बयान जारी करते हुए कहा कि यह कदम जापान, क्षेत्रीय शांति और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए गंभीर खतरा है। दक्षिण कोरिया की सेना ने भी कहा है कि वह उत्तर कोरिया की किसी भी उकसावे वाली कार्रवाई से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। बता दें कि यह मिसाइल प्रक्षेपण ऐसे समय हुआ है, जब उत्तर कोरिया ने जनवरी की शुरुआत में कथित हाइपरसोनिक मिसाइलों का परीक्षण किया था। इससे पहले दिसंबर में उसने लंबी दूरी की रणनीतिक क्रूज मिसाइलों और नए एंटी-एयर मिसाइल सिस्टम का परीक्षण किया था। इसके अलावा, उत्तर कोरिया ने अपनी पहली परमाणु-संचालित पनडुब्बी के निर्माण से जुड़ी तस्वीरें भी जारी की थीं। मामले में विशेषज्ञों के मुताबिक, 2019 में अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ वार्ता ठप होने के बाद से उत्तर कोरिया लगातार अपने परमाणु और मिसाइल हथियारों को मजबूत कर रहा है। माना जा रहा है कि उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ज्यादा हथियारों के जरिए अमेरिका पर दबाव बनाकर रियायतें हासिल करना चाहते हैं।

## नाइजीरिया में राष्ट्रपति टीनुबू की सरकार के खिलाफ साजिश का पर्दाफाश, अब मुकदमा चलाएगी सेना

**अबूजा।** नाइजीरियाई सेना ने माना है कि कुछ अधिकारियों ने राष्ट्रपति बोला टीनुबू की सरकार गिराने की साजिश रची थी। जांच पूरी होने के बाद अब इन अधिकारियों पर सैन्य अदालत में मुकदमा चलेगा। मामले में अक्टूबर के महीने में 16 अधिकारियों को पकड़ा गया था। नाइजीरिया के रक्षा मुख्यालय ने सोमवार को एक बड़ी जानकारी दी। एक जांच रिपोर्ट के आधार पर सेना ने बताया कि सैन्य अधिकारियों के एक समूह पर तख्तापलट की साजिश रचने का आरोप है। अब इन अधिकारियों पर मुकदमा चलाया जाएगा। इस मामले में अक्टूबर महीने में कम से कम 16 अधिकारियों को गिरफ्तार किया गया था। उस समय सेना ने इसे अनुशासनहीनता और नियमों का उल्लंघन बताया था। इन गिरफ्तारियों और तख्तापलट की अफवाहों से इलाके में तनाव काफी बढ़ गया था।

# पुलिस लाइन में 77वें गणतंत्र दिवस पर शौर्य का प्रदर्शन

- जवानों के अनुशासन ने जीता शहरवासियों का दिल
- विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर लोगों को कर दिया मंत्रमुग्ध





अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** जिले में 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। पुलिस लाइन मैदान पर पुलिस की अलग अलग टोलियों ने परेड की। परेड में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने सलामी ली और परेड का निरीक्षण भी किया। पुलिस लाइन में जिले के सरकारी व प्राइवेट विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने देश भक्ति पर आधारित गीत और नाटक के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पुलिस लाइन में दो बजे तक कार्यक्रम चलते रहे, जिसका दर्शकों ने लुत्फ उठाया। परेड देखने के लिए सुबह से ही लोगों की भारी भीड़ एकत्र हो गई, जिससे गणतंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पुलिस लाइन में काफी रौनक नजर आई।

जिलाधिकारी ने निर्धारित समय पर पुलिस लाइन में ध्वाजा रोहण किया, इसके बाद सिविल पुलिस, पीएसी, अग्नि शमन पुलिस, रोडियो शाखा, यूपी 112, दंगा निरोधक, महिला पुलिस, एनसीसी की टोलियां अपनी यूनिफार्म पहनकर परेड में शामिल हुई। टोलियों ने मार्च पास्ट व हर्ष फायरिंग कर राष्ट्र ध्वज को सलामी दी। मार्च पास्ट दौरान पुलिस ने अपने आधुनिक वाहनों और उपकरणों के माध्यम से प्रदर्शन किया। टोलियां निर्धारित वेशभूषा में मंच के सामने से गुजरी और मुख्य अतिथि को सलामी दी। टोलियां कमांडरों के कमांड पर परेड में चल रहीं थी। कमांडर की गतिविधियों को देखकर टोलियां भी उस पर अमल करती दिखाई दी। परेड कमांडर सीओ लाइन ने मुख्य अतिथि का टोलियों के कमांडरों से परिचय कराया। चरखारी, बेलाताल, पनवाड़ी, कुलपहाड़, और श्रीनगर के स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली।

उधर गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में ध्वजारोहण कर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शपथ दिलाई एवं महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम आप सब लोग लोकतांत्रिक परंपरा में जी रहे हैं और मर्जी की सरकार हम लोग चुनते हैं तो यह अधिकार संविधान से ही मिले हैं इसके साथ-साथ दायित्व अधिकार से भी बढ़कर होता है हम लोग विकास की यात्रा में धीरे धीरे बढ़ रहे हैं, इसमें सरकारी कर्मचारी अधिकारी का दायित्व है कि जनता की सेवा करें भारत देश का इतिहास में गौरव था अब इसको लाने में मेहनत करना पड़ेगा। आप लोग अपने पद एवं दायित्व का निर्वहन करते हुए कार्य करें तथा नैतिकता के आधार पर कार्य करें देश व प्रदेश को आगे ले जाने के लिए निष्ठा से कार्य करना होगा। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, डिप्टी कलेक्टर आदेश सिंह सहित कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संजरी इंटरनेशनल में मनाया गया गणतंत्र दिवस

**महोबा।** गणतंत्र दिवस पर संजरी इंटरनेशनल के प्रबंधक नसीम खान की देखरेख में झंडा रोहण करने के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने देश भक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया तो वहीं छोटे छोटे बच्चों ने अपने अपने पार्टनरों के साथ रैंप वॉक किया। इस मौके पर एडमिनिस्ट्रेटर मनतशा, सोनिया, मेघा, कविता, प्रीति, प्राची, देवेंद्र सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे। इसी प्रकार शहर के साईं डिग्री कालेज, प्राथमिक विद्यालय पसवारा कंपोजिट, स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय, मां चंद्रिका महिला महाविद्यालय, जीआईसी, जीजीआईसी, सरस्वती विद्या मंदिर, नेहरू इंटर कालेज, साहू इंटरनेशनल स्कूल, नवोदय विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय सहित तमाम शिक्षण संस्थानों में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण के बाद बच्चों ने देश भक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के बाद सभी बच्चों को लड्डू आदि वितरित किए गए।

# उद्यमियों ने धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस



अवधनामा ब्यूरो

**वाराणसी।** भारतीय लोकतंत्र के महापर्व 77वां गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला उद्योग केंद्र, वाराणसी कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राजेश कुमार सिंह (प्रदेश सचिव, लघु उद्योग भारती, उत्तर प्रदेश) के साथ मोहन शर्मा (संयुक्त आयुक्त उद्योग, वाराणसी) एवं अजय गुप्ता (उपायुक्त उद्योग, वाराणसी) मिलकर ध्वजारोहण किया। समस्त देशवासियों, उद्यमियों एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं तथा संविधान के मूल्यों को आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए अजय गुप्ता, उपायुक्त उद्योग,वाराणसी ने उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उद्यमियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ दीं।

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि, हम सभी को मिलकर अपने महान देश भारत की एकता,अखंडता एवं संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करते हुए उसे प्रगति, समृद्धि और आत्मनिर्भरता की नई ऊँचाइयों तक पहुँचाना चाहिए। इस अवसर पर ज्योति शंकर मिश्रा (अध्यक्ष, काशी) ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए बताया कि 26 जनवरी 1950 को भारत ने अपना संविधान लागू कर पहला गणतंत्र दिवस मनाया था, जो हमारे लोकतांत्रिक इतिहास का गौरवशाली क्षण है। कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र, वाराणसी के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही लघु उद्योग भारती संगठन से बृजेश गुप्ता (महामंत्री, काशी),मनीष चौबे, रामकुमार शर्मा, संतोष सोनी,ज्योति शंकर मिश्रा,राजेश कुमार सिंह सहित अनेक उद्यमियों ने सहभागिता कर कार्यक्रम को गरिमामयी बनाया।

## महाकुंभ के पलट प्रवाह में जागृति गिरि ने महिलाओं एवं बेटियों को किया जागृत

**वाराणसी।** पिछले साल प्रयागराज के महाकुंभ के पलट प्रवाह में वाराणसी के चेतगंज थाने में रहीं तत्कालीन उप निरीक्षक जागृति गिरि ने काशी की महिलाओं तथा बालिकाओं व युवतियों की न सिर्फ उनकी इज्जत व अस्मिता की सुरक्षा की बल्कि महाकुंभ के पलट प्रवाह में गुम हुए लोगों को उनके परिजनों से मिलवा कर एक सच्ची मानवता की मिसाल बनीं। आज उनके इसी मानवता की मिसाल को पुलिस कमिश्नर वाराणसी ने प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर गणतंत्र दिवस पर महिला सशक्ति करण का एक उदाहरण पेश किया। एम एस सी (मैथ साइंस) में परास्नातक करने वाली जागृति गिरि इंजिनियर बनना चाहती थीं लेकिन किस्मत ने उन्हें सिविल पुलिस में रह कर जनता तथा समाज की सुरक्षा करने के लिए पुलिस विभाग में भेजा।

## कर्नलगंज के बजरंगनगर मेंहदीहाता में आरसीसी सड़क निर्माण अनियमितता, प्रशासन मौन

- मामले में अभी तक न तो स्थलीय निरीक्षण और न ही टीएसी जांच और कोई कार्रवाई

अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा।** कर्नलगंज नगर क्षेत्र के मोहल्ला बजरंगनगर मेहदीहाता में निर्मित आरसीसी सड़क विकास का नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार, लापरवाही और मिलीभगत का जीता-जागता उदाहरण बनकर सामने आ रही है। सूत्रों के मुताबिक सड़क निर्माण में निर्धारित मानकों की जमकर अनदेखी की गई है और निर्माण में प्रयुक्त सीमेंट, गिट्टी (एग्रीगेट), मिश्रण अनुपात और तकनीकी प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर खेल किया गया है, जिससे सड़क की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह है कि काग़ज़ों में सड़क की मोटाई 200 मिमी दर्शाई गई है, जबकि मौके पर महज 80 से 100 मिमी की ढलाई कर औपचारिकता निभा दी गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण में जीएसबी (ग्रैन्यूलर सब-बेस) का प्रयोग ही नहीं किया गया, क्योरिंग पूरी तरह गायब रही और घटिया किस्म की सामग्री का इस्तेमाल किया गया,जिससे सड़क के शीघ्र टूटने और धंसने की आशंका प्रबल हो गई है। निर्माण के कुछ ही समय बाद सड़क पर जलभराव की स्थिति बनने लगी है, जो आने वाले दिनों में आम जनता के लिए परेशानी के साथ-साथ दुर्घटनाओं को भी न्योता दे सकती है। लोगों का कहना है कि यह सड़क जनता के टैक्स के पैसों की खुली लूट और कमीशनखोरी का परिणाम है। सूत्रों का दावा है कि इस पूरे निर्माण कार्य में जेई और ठेकेदार की गहरी मिलीभगत सामने आ रही है। बिना तकनीकी जांच, बिना गुणवत्ता नियंत्रण और बिना किसी डर के निर्माण कार्य पूरा कर दिया गया।

# यूजीसी अधिनियम के विरोध में करणी सेना का प्रदर्शन

- प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम की अनुपस्थिति में अतिरिक्त एसडीएम को सौपा



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** यूजीसी अधिनियम के विरोध में मंगलवार को श्रीराजपूत करणी सेना के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में अतिरिक्त एसडीएम को सौपकर यूजीसी रेगफलेशन अधिनियम को समाप्त कर सामान्य वर्ग के छात्रों का भविष्य अंधकार में जाने से बचाए जाने की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया कि भारत सरकार ने यूजीसी अधिनियम 15 जनवरी को लागू कर दिया है, जो कि सवर्ण समाज के छात्रों के लिए घातक है और इस अधिनियम के बाद सभी समान्य वर्ग के छात्रों का उत्पीड़न होना तय है। कानून बनने के पश्चात अन्य वर्ग के छात्र छात्राओं के अंदर हीन भावना जैसी सोच उत्पन्न हो जाएगी जिसके चलते झूठी शिकायतें कर सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षा से वंचित रहने को मजबूर कर देंगे। जबकि सामान्य वर्ग के छात्रों को अधिक मेरिट की आवश्यता होती है और अन्य वर्ग के विद्यार्थियों को आरक्षण का लाभ मिलता है, फिर भी हमारे सामान्य वर्ग के बच्चों को हर तरह से उत्पीड़न किया जा रहा है।

ज्ञापन में श्रीराजपूत करणी सेना ने अनुरोध करते हुए कहा कि यूपीसी को समाप्त कर सामान्य वर्ग के छात्रों का भविष्य अंधकार में जाने से बचाने की कृपा करें साथ ही ऐसी स्थिति में सामान्य वर्ग के छात्र छात्राएं शिक्षा से वंचित हो जाएंगे और अन्य वर्ग के छात्रों से होने वाले उत्पीड़न से प्रताड़ित होकर आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर हो जाएंगे। ज्ञापन देने वालों में संगठन के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह भदौरिया, जिला सचिव नीलेंद्र कुमार, बुंदेलखंड उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, आरती सेंगर, कुसुम चंदेल, ममता तोमर, मनोरमा सक्सेना, दिनेश सिंह, साहिल, प्रांशु सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## शादी से नौ दिन पहले युवती ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** शहर कोतवाली के पसवारा गांव में शादी से नौ दिन पहले एक युवती ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। आनन फानन में परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां उपचार दौरान युवती की मौत हो गई। मौत के बाद मृतका के घर शादी की खुशियां गम में तब्दील हो गई।

जिले के पसवारा गांव निवासी बब्लू की बीस वर्षीय पुत्री मोहिनी का 4 फरवरी को पवा गांव निवासी अजय के साथ विवाह सम्पन्न होना था। परिजन हंसी खुशी शादी की तैयारियों में लगे हुए थे साथ ही रिश्तेदारों का आना जाना शुरू हो गया था। इसी बीच घर पर मोहिनी ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया और वह जमीन पर अचेत होकर गिर गई। परिजनों को जैसे ही इस बात की जानकारी मिली, वे युवती को तत्काल जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने तत्काल उसका उपचार शुरू किया हालांकि, जहर का असर इतना अधिक था कि मोहिनी की इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। युवती के अचानक उठाए इस कदम से परिजन व गांव वासी खासे परेशान है। इस घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।


### सूचना आम

मैं अरुण कुमार पुत्र विनोद कुमार दि. 27-1-2026 को असल बैनामे की फोटो कॉपी हेतु दुकान पर गया था जिसमें एक असल बैनामें का अंतिम पृष्ठ जिसका विक्रेता दीपक कुमार पुत्र श्री नरेश कुमार क्रेता श्रीमती रेखा रानी पत्नी श्री राज कुमार जो बही न.1 जिल्द 4869 , पेज 327 से 342 , क्र.स.7877 दिनांक 18-12-2007 को उप निबन्धक प्रथम सहारनपुर के यहां दर्ज हैं एवं दुसरा बैनामा (जिसका प्रथम व अंतिम दो पृष्ठ क्रमशः 8,9) विक्रेता- श्रीमती रेखा रानी पत्नी श्री राजकुमार क्रेता गजराज पुत्र श्री राम भूल सिंह जिसका बही न.1 जिल्द-5483 , पेज -219 से 238 , क्र.स.7226 दि.10-11-2009 को उप निबन्धक 1st सहारनपुर के यहां दर्ज हैं वो पृष्ठ कहीं गिर गए हैं ढूंढे नही मिले किसी को मिले या कोई क्लेम करना चाहे तो 7 दिन में सम्पर्क करें शुभम शर्मा, स्र1 के.वी./15 कनिका विहार दिल्ली रोड, स.पुर मो. 8077563235

### उत्तर रेलवे

शुद्धिपत्र सूचना

नं० 106–सिग–टेन्डर–51 / 2025–26 शुद्धिपत्र दिनांक: 20.01.2026
संदर्भ :– निविदा सूचना सं: 106–सिग टेन्डर–51 / 2025–26 दिनांक: 05.02.2026 के लिये शुद्धिपत्र।

उपरोक्त सन्दर्भित निविदा सूचना जो कि पूर्व में प्रकाशित की गयी है मे निम्नलिखित परिवर्तन पढ़े जाय।

आइटम संशोधित

| Code | Field Name | Existing Value | Modified Value |
|---|---|---|---|
| Schedule - A Item-15 | Item Description | Supply and testing of electronic cable route tracer with RFID marker locator to localize the underground cable and depth measurement RDSO recommended, Stanley/3M or similar make. The tenderer should arrange the training for this equipment at field for Railway Staff. Visual Inspection by RITES against test certificate & guarantee certifcate of OEM | Supply of electronic Cable Route /Tracer of reputed make 3M Dynatel/ Aplab/Stanley / RD or similar reputed make along with T C & G C , R D S O recommended. (i) Cable avoidance toolDXL2/4 or similar or better, digital under ground cable &pipe locating receiver and cable avoidance tool. (ii) SGV2/4 or similar signal generator. (iii) Signal lamp accessory (iv) Carry bag or asper technical specification Visual Inspection by RITES against test certificate & guarantee certifcate of OEM |

IREPS पर नया टेन्डर डॉक्यूमेंट अपलोड कर दिया गया है।
अन्य शर्ते पूर्ववत ही रहेंगी। 279/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### कोर्ट नोटिस

न्यायालय प्रथम अपर सिविल जज (सीडि), सहारनपुर. इजराय वाद सं.04/2021 रंजीव कपूर ..बनाम....रणजीत सिंह इजराय वाद डिक्रीदार द्वारा मदयून के विरुद्ध 04,09,500/- रूपये (दिनांक 15.11.2025 तक) की वसूली (रिकवरी) हेतु वादी ने मेरे न्यायालय में योजित कर रखा है। उक्त के संबंध में पूर्व में ही आदेश 21 नियम 54 (2) सीपीसी के तहत कुर्की की कार्यवाह की जा चुकी है, जिसके संबंध में अमीन आख्या पत्रावली पर संलग्न है। न्यायालय आदेश के अनुपालन में डिक्रीदार द्वारा नीलामी की उद्घोषणा हेतु सूचनाएं अन्तर्गत आदे 21 नियम 66 सी0पी0सी0 कागज संख्या 14 ग दि. 20.09.2024 को न्यायात को प्राप्त कराई जा चुकी है उक्त वाद में वसूली हेतु पब्लिक नीलामी निम्नवत संपन्न होगी नीलामी तिथि दिनांक.05.02.2026 नीलामी दिन - गुरूवार नीलामी का समय 11 AM से 4 PM तक नीलामी स्थान.. ग्राम सभा भवन, ग्राम राजपुर लतीफपुर, जि. सहारनपुर

आज्ञा से..न्यायालय प्रथम अपर सिविल जज सीडी सहारनपुर


## मिलेनियम स्कूल में मना गणतंत्र दिवस

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** गणतंत्र दिवस एक राष्ट्रीय त्योहार से कहीं अधिक है–यह भारत की स्वतंत्रता, लोकतंत्र और हमारे राष्ट्र को अद्वितीय बनाने वाली विविध संस्कृतियों का एक उमंग भरा उत्सव है। मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह ऊर्जा, परंपरा और इतिहासिक मूल्यों की झलकियों के साथ प्रारंभ हुआ। विद्यालय परिसर जीवंत प्रस्तुतियों, प्रेरक भाषणों और भारत की विरासत एवं एकता के उत्सव को प्रवाहित करता है। मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिससे विद्यार्थियों में आजीवन गौरव और देशभक्ति की भावना को पोषित करने वाली यादें बन गई। उत्सव की शुरुआत सुबह जल्दी ही हो गई, जब छात्र विद्यालय परिसर में एकत्रित हुए। जनवरी की ठंडी हवा ने उत्साहपूर्ण माहौल बनाया। जब डायरेक्टर सर, प्रधानाचार्या और शिक्षकों राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाता है। आकाश में तिरंगे को लहराते हुए देखकर हर किसी का दिल गर्व और श्रद्धा से भर जाता है। इसके बाद राष्ट्रगान जन गण मन गाया जाता है, जिसमें छात्र और शिक्षक एकजुट होकर हमारे लोकतंत्र की भावना को दर्शाते हैं। यह एक गंभीर और शक्तिशाली क्षण होता है, जो विविधतापूर्ण और समृद्ध राष्ट्र के नागरिकों के रूप में सभी को उनकी साझा जिम्मेदारियों की याद दिलाता है। विद्यालय के सभा स्थल में भारत की समृद्ध विरासत को उजागर करने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ उत्सव प्रारंभ किया गया। इस वर्ष के मुख्य आकर्षणों में देशभक्ति गीतों के मिश्रण पर आधारित एक मनमोहक नृत्य प्रस्तुति शामिल थी, जिसने हमारे देश की ऊर्जा और एकता की भावना को समाहित कर दिया। ये प्रस्तुतियाँ न केवल मनोरंजक हैं, बल्कि भारत की जीवंत सांस्कृतिक विविधता की याद दिलाती हैं।


### कार्यालय नगर पालिका परिषद नजीबाबाद (बिजनौर)

**77वां गणतन्त्र दिवस के अवसर पर सार्वजनिक सूचना**

1. नगर आपका है इसे स्वच्छ रखने में सहयोग करें।
2. कूड़ा निर्धारित स्थान अथवा कूड़ा गाड़ी आने पर डाले।
3. प्रतिबन्धित पॉलिथीन/एकल उपयोग प्लास्टिक सामग्री के उपयोग से बचे और पर्यावरण को स्वच्छ रखने में मदद करें।
4. पालिका करो की समय से अदायगी करें।
5. जन्म-मृत्यु का समय से पंजीयन कराये।
6. पालिका सम्पत्ति को नुकसान व अतिक्रमण न करें।
7. जल ही जीवन है। पेयजल का दुरूपयोग कदापि न करें तथा नल की टोटी खुली न छोड़ें।


स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर
आज़ादी का अमृत महोत्सव

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
नजीबाबाद (बिजनौर)

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
नजीबाबाद (बिजनौर)

### कार्यालय नगर पालिका परिषद बिलरियागंज आज़मगढ़।

स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर
आज़ादी का अमृत महोत्सव
G20 भारत 2023 INDIA
स्वच्छ भारत मिशन



**26 जनवरी 2026 गणतन्त्र दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद बिलरियागंज आजमगढ़ नगरवासियों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करती है तथा नगरवासियों से निम्न अपेक्षाएं करती है।**

1. प्लास्टिक/थर्माकॉल का प्रयोग पूर्णतया प्रतिबन्धित है। इस का उपयोग करता हुआ पाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही एंव अर्थदण्ड का प्राविधान है।
2. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण 21 दिन के अन्दर अवश्य कराये।
3. गृहकर, व्यवसाय कर एवं जलमूल्य की अदायगी समय से करें।
4. पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखने हेतु वृक्ष लगाये एंव नगर पालिका परिषद का सहयोग करें।
5. नं0पा0प0 बिलरियागंज आज़मगढ़ को ओ0डी0एफ0 घोषित कर दिया गया है। खुले में शौच करना एंव गंदगी फैलाना एक सामाजिक अपराध है। खुले में शौच करने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही एंव अर्थदण्ड लगाया जायेगा।
6. जल ही जीवन है इसे अनावश्यक न बहाये।
7. सार्वजनिक पोखरी, तालाब, मैदान सड़क नाला नाली के उपर अवैध अतिक्रमण न करें।
8. प्रकाश बिन्दु को न तोड़े, दिन में बल्ब आदि जलता पाया जाने पर नगर पालिका परिषद को सूचित करें।
9. नगर पालिका परिषद द्वारा कूड़ा उठाने के उपरान्त सड़क पर कूड़ा न डाले। नगर को स्वच्छ बनाये रखने में सहयोग करें।
10. सूखा कूड़ा एंव गीला कूड़ा अलग-अलग डस्टबीन में डाले।
11. कोई पैसा कृत्य न करें, जिससे पर्यावरण प्रदूषित हो तथा जनमानस को हानि हो।

12- (DCCC) टोल फ्री नं0-1533

पत्रांक- मेमो/न.पं.बि./2025-26 दिनांक : 10.01.2026

**यह नगर आपका है, इसे स्वच्छ, सुन्दर, कूड़ा मुक्त, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त और प्रदूषण मुक्त बनाने में अपना सहयोग करें।**

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
बिलरियागंज आज़मगढ़

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
बिलरियागंज आज़मगढ़

# डॉ रही मासूम रजा स्कूल में हर्ष एवं उत्साह से मनाया गया गणतंत्र दिवस

अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** गाजीपुर के बघुई बुजुर्ग गांव में स्थित डॉक्टर राही मासूम रजा कान्वेंट स्कूल में सोमवार को हर्ष एवं उत्साह के साथ 77 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और छात्र-छात्राएं मौजूद थे। स्कूल के टॉपर लगभग 30 छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया।

स्कूल परिसर में आयोजित भव्य कार्यक्रम में इलाके के सम्मानित लोगों ने डाक्टर रही मासूम रजा के जीवन पर प्रकाश डाला। लोगों ने कहा कि डाक्टर रही ने हिंदी धारावाहिक महाभारत के माध्यम से गाजीपुर जिले को अलग पहचान दिलाई है। उनके साहित्य से पता चलता है कि उन्हें गाजीपुर से किस कदर लगाव था। गाजीपुर और गंगा का जिक्र डाक्टर रही के कई उपन्यासों में है। वहीं स्कूल के प्रधानाचार्य प्रहलाद सिंह ने कहा कि गणतंत्र दिवस शहीदों को याद करने का दिन है। वहीं डॉ राही धारा के विपरीत चलने वाले साहित्यकार थे। उनका एक उपन्यास आधा गांव पढ़ने से पता लगता है कि उन्हें गाजीपुर की धरती से कितना लगाव था।





















































# यूजीसी कानून के विरोध में प्रदर्शन, मोदी-शाह मुर्दाबाद के लगे नारे




- राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा
- कानून वापस न होने पर सड़क से सदन तक आन्दोलन की चेतावनी

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** यूजीसी कानून को लेकर सवर्ण समाज के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में हुंकार भरी। इस दौरान सवर्ण समाज के तीखा प्रतिरोध के साथ नारों की गूंज, चेहरों पर आक्रोश और सरकार के खिलाफ खुला ऐलान स्पष्ट दिखाई दे रहा था। प्रदर्शनकारियों ने कानून को सीधे-सीधे ÷काला कानून÷ करार देते हुए इसकी वापसी की मांग की और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर साफ कर दिया कि अब चुप्पी नहीं, टकराव होगा।

यूजीसी कानून के खिलाफ सर्वण समाज का गुस्सा अब खुलकर सड़कों पर उतर आया है। मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर उस वक्त रणक्षेत्र में तब्दील हो गया, जब बड़ी संख्या में जुटे प्रदर्शनकारियों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ तीखे और तल्ख नारे लगाए। हाथों में तख्तियां, जुबान पर आक्रोश और आंखों में गुस्सा, यह संकेत दे रहा था कि सर्वण समाज यूजीसी कानून के विरोध मे आर-पार की लड़ाई लडने के मूड मे है। प्रदर्शनकारियों ने एक सुर में यूजीसी कानून को ÷सर्वण समाज विरोधी कानून÷ बताते हुए तत्काल वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी ने राजनीतिक तापमान बढ़ा दिया। मोदी और शाह के खिलाफ लगे मुर्दाबाद के नारों ने यह संकेत दे दिया कि यूजीसी कानून को लेकर असंतोष सिर्फ नीति तक सीमित नहीं, बल्कि सत्ता के केंद्र तक निशाना है। वक्ताओं ने दो टूक कहा कि यह कानून शिक्षा सुधार के नाम पर सामान्य वर्ग के भविष्य से खिलवाड़ है और इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। कलेक्ट्रेट परिसर में कुछ देर के लिए हालात तल्ख बने रहे। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि यूजीसी कानून उच्च शिक्षा को अवसरों से नहीं, प्रतिबंधों से भर देगा और मेहनत की जगह मनमानी व अपराध को बढ़ावा देगा। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन को अग्रेषित करने का आश्वासन दिया। इधर आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी कि यह काला कानून वापस नहीं हुआ तो यह आग कलेक्ट्रेट से निकलकर गांव-गांव व सड़क से होते हुए सदन तक तक पहुंचेगी।

## सोशल मीडिया पर पोस्ट के बाद बजरंग दल नेता हाउस अरेस्ट



**सेवरही, कुशीनगर।** सेवरही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्रामसभा दवानहा निवासी विश्व बजरंग मंगल दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि राय भारद्वाज द्वारा यूजीसी कानून के विरोध में सोशल मीडिया पर दी गई चेतावनी के बाद पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनज़र पुलिस ने उन्हें एहतियातन हाउस अरेस्ट कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार रवि राय भारद्वाज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यूजीसी कानून के विरोध में चेतावनी भरा बयान जारी किया था, जिसे स्थानीय प्रशासन ने गंभीरता से लिया। संभावित तनाव और शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए सेवरही पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उन्हें उनके आवास पर पहुंच समझ बुझाकर घर पर ही रहने को कहा है। तथा पुलिस उनके घर दिनभर बैठी रही।

# पुलिस लाइन में राज्यमंत्री विजया लक्ष्मी गौतम ने किया ध्वजारोहण

- विकास, संविधान व राष्ट्र निर्माण की संकल्प का दिया संदेश

**अवधनामा ब्यूरो**


पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेती राज्यमंत्री

**कुशीनगर।** जनपद में 77वें गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह पुलिस लाइन परिसर में अत्यंत हर्षोल्लास, अनुशासन एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यमंत्री श्रीमती विजया लक्ष्मी गौतम रहीं। पूरे परिसर में देशभक्ति, राष्ट्र गौरव और उत्साह का वातावरण व्याप्त रहा।

मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया, जिसके उपरांत सामूहिक रूप से राष्ट्रगान हुआ। शांति, सद्भाव और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक गुब्बारे आकाश में छोड़े गए, जिससे वातावरण भावविभोर हो उठा। इसके पश्चात मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण कर पुलिस बल के अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज्य मंत्री विजया लक्ष्मी गौतम ने जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का गौरवशाली पर्व है, जो हमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग, बलिदान और संघर्ष की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे व्यापक और सशक्त संविधान है, जिसने देश के प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार प्रदान किया है। संविधान केवल अधिकारों का दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह हमें कर्तव्यों का भी बोध कराता है, जिससे राष्ट्र की एकता और अखंडता मजबूत होती है। उन्होंने अंत में कहा कि आइए, हम सभी गणतंत्र दिवस के इस पावन अवसर पर यह संकल्प लें कि हम देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करेंगे तथा एक सशक्त, समृद्ध और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देंगे। कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मुख्य अतिथि द्वारा जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के साथ सम्मानित किया गया। इसके पश्चात विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा देशभक्ति पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्हें उपस्थित दर्शकों ने सराहा।

# बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार तिवारी ने फहराया झंडा



**बृजेश कुमार शुक्ल**

**बस्ती।** 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार तिवारी द्वारा झंडा फहराया गया और राष्ट्रगान कर उपस्थित जन समूह को राष्ट्रीय एकता में अखंडता के शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को 26 जनवरी के महत्व को विस्तार से बताते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार तिवारी ने कहा कि 15 अगस्त 1947 को मिली आजादी के बाद देश को चलाने के लिए एक संविधान की आवश्यकता थी जिसके लिए देश में एक संविधान सभा का गठन किया गया संविधान सभा ने 2 वर्ष 11 माह और 18 दिन में अपना संविधान तैयार किया था और 26 जनवरी 1950 को इसे लागू किया गया। तब से देश में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर हमें अपने संविधान पर गर्व और विश्वास करना चाहिए और हमेंअपने सभी भारतवासियों के लिए यथासंभव हर मदद करनी चाहिए।

जिला समन्वयक अमित कुमार मिश्रा ने कहा कि आज हम सभी के लिए बहुत ही शुभ दिन है जब हम 77वां गणतंत्र दिवस मना रहे हैं हमें अपने कर्तव्य से देश को ऊंचाइयों पर ले जाने में अपना योगदान ईमानदारी से देना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित कैप्टन गाइड सत्या पांडे ने कहा कि संविधान हमें अधिकार देता है साथ ही कर्तव्य भी। हमें अधिकार के साथ अपने कर्तव्य को भी याद रखना चाहिए। इससे पूर्व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार तिवारी ने जागरूकता रैली को हरी सैंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला समन्वयक अमित सोनी, जिला समन्वयक सुनील त्रिपाठी, जिला समन्वयक ईश्वर चन्द्र पाण्डेय, जिला समन्वयक स्वप्निल श्रीवास्तव, सतेंद्र श्रीवास्तव, राजेश प्रजापति, एसआरजी आशीष श्रीवास्तव, जिला स्काउट मास्टर कुलदीप सिंह, सिद्धान्त कुमार स्टेनो,वरिष्ठ सहायक संतोष गुप्ता, वरिष्ठ सहायक अकरम हुसैन, जिला व्यायाम शिक्षक भूपेश सिंह, वरिष्ठ सहायक राम भवन वर्मा, प्रधान सहायक आशा त्रिपाठी, वरिष्ठ सहायक जितेंद्र सिंह, उर्दू अनुवादक ओबेदुल्ला शाह, जगदीश, कन्हैया आदि मौजूद रहे।

# शहर से लेकर गांव तक शान से लहरा तिरंगा, वीर सपूतों को किया नमन


क्षेत्रीय अध्यक्ष को सम्मानित करते पीजी स्कूल के डायरेक्टर सुरेंद्र



राधिका इंटर कालेज मथौली में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति करती छात्राएं

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** गणतंत्र दिवस की धूम गांव से लेकर शहर तक रही। इस मौके पर लोगों द्वारा शान से तिरंगा लहरा कर वीर सपूतों को याद किया। विकास खंड मोतीचक के ब्लॉक परिसर में प्रमुख अर्चना प्रदीप सिंह व बीडीओ श्वेता मिश्रा के नेतृत्व में ध्वजारोहण किया गया। बीआरसी मोतीचक परिसर में खंड शिक्षाधिकारी के नेतृत्व में ध्वजारोहण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मथौली बाजार पर ध्वजारोहण प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश मद्धेशिया ने किया। कस्बा स्थित श्री मुरलीधर भागवत लाल स्नाकोत्तर महाविद्यालय में निदेशक राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव व प्राचार्य डॉ अरूण कुमार श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण किया गाय। पूर्व माध्यमिक विद्यालय बहुआस कुंजी टोला पर ध्वजारोहण शाह आलम ने किया। ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर के पंचायत भवन पर प्रधान अकमल हुसैन ने ध्वजारोहण किया। श्रीमती राधिका देवी इंटर कॉलेज में प्रबन्धक नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, केडी इंटर कालेज विशुनपुरा में प्रबंधक फुलेना सिंह, केदार नाथ ओझा इंटर कालेज झांगा में प्रबंधक प्रमोद ओझा, श्रीमती अनुरागी देवी महाविद्यालय में प्रबंधक बीएन सिंह ने ध्वजारोहण किया।

इसी प्रकार जेपी इंटर कॉलेज व जेपी फार्मेसी कप्तानगंज में डायरेक्टर श्रीराम प्रसाद व रामकोला विधायक विनय प्रकाश गौंड ने ध्वजारोहण किया। पीजी स्कूल कप्तानगंज में क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद व डायरेक्टर सुरेंद्र सिंह, क्रिसेंट स्कूल में प्रबंधक मो. शबीब, सेंट जेवियर्स स्कूल कप्तानगंज में डायरेक्टर आकाश चंद्रा ने ध्वजारोहण किया। इसके अलावा समस्त प्राथमिक विद्यालयों, संस्थानों, कॉलेजों में धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया।

## ग्रामीण क्षेत्र में हर्षोल्लास के मनाया गया गणतंत्र दिवस

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर तमकुहीराज तहसील परिसर में एसडीएम आकांक्षा मिश्र ने झंडारोहण किया। इस दौरान तहसीलदार महेश कुमार, नायब तहसीलदार कुन्दन वर्मा, पेशकर जितेन्द्र यादव, बार संघ अध्यक्ष अशोक कुमार राय, महामंत्री अमरनाथ सिंह आदि मौजूद रहे। नगर पंचायत कार्यालय तमकुहीराज पर चेयरमैन जेपी गुप्ता, खंड विकास अधिकारी कार्यालय पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बशिष्ठ राय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अधीक्षक डा. हिमांशु कुमार, वन विभाग कार्यालय पर रेंजर हरकेश नायक, थाना परिसर में सीओ राकेश प्रताप सिंह एवं थानाध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा ने ध्वजारोहण किया। तमकुहीराज कस्बे के फतेह मेमोरियल इंटर कालेज में प्रबंधक महेश्वर प्रताप, वीगा मेमोरियल इंटर कालेज गाजीपुर में प्रबंधक हरिहर कुशवाहा, श्रीनिवास मेमोरियल पब्लिक स्कूल में प्रबंधक मिथलेश, विद्यावती देवी महाविद्यालय में प्रबंधक बबलू राय ने ध्वजारोहण कर खुशी का इजहार किया।

# जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

- संविधान मूल्यों के अनुरूप अधिकारों एवं कर्तव्यों के निर्वहन का आह्वान
- वृक्षारोपण एवं स्वतंत्रता सेनानियों व महापुरुषों की प्रतिमाओं पर हुई पुष्पांजलि

**अवधनामा ब्यूरो**


कलेक्ट्रेट पर ध्वजारोहण करते डीएम

**कुशीनगर।** जिले में 77वां गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जगह-जगह राष्ट्र प्रेम व शहीदों के बलिदान पर आधारित विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। स्कूलों कॉलेजों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। सभी सरकारी/गैर सरकारी भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ संविधान के प्रति शपथ ली गई तथा महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए।

जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण किया। जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान की उद्देशिका की शपथ दिलाई। ध्वजारोहण के पश्चात जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनपदवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। यह दिन हमें हमारे संविधान की गौरवशाली परंपरा, स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और राष्ट्र निर्माण के संकल्प की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे विस्तृत एवं सशक्त संविधान है, जो प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार प्रदान करता है। संविधान ने हमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, धर्म की स्वतंत्रता, शिक्षा का अधिकार और कानून के समक्ष समानता जैसे मौलिक अधिकार दिए हैं, वहीं नागरिकों को राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों का भी बोध कराया है। जिलाधिकारी श्री तंवर ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती तभी संभव है, जब प्रत्येक नागरिक अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों के प्रति भी सजग और जिम्मेदार हो। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की कि वे जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें तथा शासन की योजनाओं को पारदर्शिता, संवेदनशीलता एवं समयबद्धता के साथ क्रियान्वित करें, ताकि उनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण केवल सरकार का दायित्व नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से ही सशक्त भारत का निर्माण संभव है। हमें संविधान के मूल्यों–समानता, बंधुत्व एवं धर्मनिरपेक्षता को अपने जीवन में आत्मसात करना होगा। उन्होंने अंत में कहा कि आइए, हम सभी गणतंत्र दिवस के इस पावन अवसर पर यह संकल्प लें कि संविधान की मर्यादा का सम्मान करेंगे, अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे और एक सशक्त, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देंगे। कार्यक्रम के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया जिलाधिकारी सहित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं महापुरुषों की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रेम कुमार राय, उप जिलाधिकारी मो. जफर, वरिष्ठ कोषाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पूरे परिसर में देशभक्ति का उत्साह एवं उल्लास का वातावरण व्याप्त रहा।

## बेगम खैर गर्ल्स इंटर कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गणतंत्र दिवस



**बृजेश कुमार शुक्ल**

**बस्ती।** शहर के बेगम खैर गर्ल्स इंटर कॉलेज में 77 वाँ गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर झंडा फहराकर राष्ट्रगान का गायन किया गया और राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया।

राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के प्रबंधक मो0 आलम द्वारा झंडा फहराया गया और राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्रबंधक आलम चौधरी ने कहा कि 26 जनवरी 1950 को देश में लागू संविधान ने हर एक भारतीय को अधिकार और कर्तव्य दिया है। हमें अपने कर्तव्य के साथ देश को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाना है। कॉलेज की प्रधानाचार्या मुस्लिमा खातून ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए उपस्थित जनसमूह को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। कहा कि 2 साल 11 महीने और 18 दिन में तैयार संविधान देश के मजबूत लोकतंत्र का आधार है। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा नाटक और गीत का सराहनीय मंचन किया गया। इस अवसर पर प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष सैयद हुसैन अहमद, सदस्य तफज्जुल हुसैन, अबरार अहमद, मो0 अकरम,शहाव रईस एवं नसीमा खातून, स्कूल की शिक्षिकाएं अलका पांडे, शबाना अंजुम, अंजुम परवीन, खालिदा परवीन, आरिफा, प्रेमलता, नजराना खातून सावित्री उपाध्याय, हेमलता, इरम फातिमा, मलिक सबा, नाजिया, शाइस्ता सहित कॉलेज का स्टाफ मौजूद रहा।

## अज्ञात वाहन की चपेट आने से बाइक सवार की मौत



**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के कप्तानगंज पिपराइच मार्ग पर महुअवा खुर्द चौराहे के समीप मंगलवार को एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार अधेड़ व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई। प्राप्त सूचना के मुताबिक ओम प्रकाश राजभर पत्र स्व. इनर राजभर निवासी धोधरही टोला भरपटिया उम्र 45 वर्ष अपने बाइक पर सवार होकर गोरखपुर से घर वापस लौट रहे थे। अभी वह अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के महुअवा खुर्द चौराहे के समीप पहुंचे ही थे कि तभी अज्ञात वाहन के चपेट में आने से मौके पर मौत हो गई। तभी किसी ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी सूचना पर उप निरीक्षक नन्दलाल यादव, उपनिरीक्षक अमीन अहमद, कांस्टेबल संदीप यादव, अनिल यादव, पंकज यादव, धनंजय कुमार मौके पर पहुंचकर घटना की सूचना परिजनों को दी परिजन भी मौके पर पहुंचे गए। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

## पडरौना होटल में रंगरेलियां मनाते दो जोड़े पकड़े गए

**कुशीनगर।** पडरौना नगर के एक होटल में दो जोड़े युवक युवतियों को रंगरेलियां मनाते हुए पुलिस रंगे हाथों पकड़ लिया और हिरासत में लिए गए जोड़ों को कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया है। जानकारी के अनुसार जनपद के पडरौना नगर के रामकोला रोड स्थित होटल आदित्य में मंगलवार को एचटी प्रभारी विद्याधर कुशवाहा नाबालिग लडको से होटल में कार्य कराए जाने की सूचना पर जांच करने पहुंचे तो होटल के एक कमरे में दो जोड़े नवयुवक, नवयुवती रंगरेलियां मनाते हुए मिल गए। पुलिस टीम ने दोनों जोड़ों से पूछताछ के लिए कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया। समाचार लिखे जाने तक कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुटी रही।

## अपृहृत बरामद सात गिरफ्तार



**बस्ती।** थाना गौर अंतर्गत सावड़ीह से अपृहृत एक लड़के की सूचना पर त्वरित एक्शन में आई थाना वाल्टरगंज पुलिस व स्वाट, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने 24 घंटे में अपृहृत को बरामद करते हुए मामले में 07 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल रवाना किया। पुलिस ने बताया कि 26.01.2026 को ग्राम सावंडीह (हरिजन पुरवा) थाना गौर जनपद बस्ती के एक लड़के सतीश के अपहरण की सूचना पर थाना गौर पर मु0अ0सं0 17/2026 धारा 192(2), 115(2), 352, 140(1), 3(5) BNS पंजीकृत किया गया। तत्पश्चात थाना गौर पुलिस, थाना वाल्टरगंज पुलिस व स्वाट, एसओजी व सर्विलांस टीम बस्ती द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए बच्चे को सकुशल बरामद किया गया तथा मामले में सात आरोपियों विकास पुत्र फूलचंद शर्मा निवासी देईपार थाना वालटरगंज, रूपेश पुत्र पूरण कुमार निवासी ग्राम पचानू थाना वालटरगंज, मुबारक पुत्र निवास अली निवासी हसनापुर थाना सोनहा, अब्दुल कलाम पुत्र अब्दुल रहमान निवासी हसनापुर थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती, सनोज चौधरी पुत्र प्रेमचंद्र निवासी देईपार थाना वाल्टरगंज, इसरार पुत्र इब्राहिम निवासी हसनापुर थाना सोनहा, दिलशाद पुत्र यासीन निवासी चौकवा थाना सोनहा को आज भिन्न-भिन्न स्थानों से नियमानुसार हिरासत में लेकर कार्यवाही करते हुए जेल रवाना किया गया।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

- कलेक्ट्रेट में डी एम, पुलिस लाइन में राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह और विकास भवन में सीडीओ ने किया ध्वजारोहण

**अवधनामा संवाददाता**



**अमेठी।** 77वां गणतंत्र दिवस पूरे जनपद में बडे हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सभी सरकारी, अर्द्ध सरकारी कार्यालयों, शैक्षिक संस्थानों में ध्वजारोहण के साथ ही विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी संजय चौहान द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में प्रातः 08.30 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया उसके उपरांत राष्ट्रीय ध्वज का अभिवादन किया गया, तत्पश्चात राष्ट्रगान के उपरांत जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों को सामुहिक रूप से संविधान में उल्लिखित संकल्प दिलाया। विद्यालयों के बच्चों एवं एनसीसी कैडेट्स द्वारा परेड की सलामी ली। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित गोष्ठी के दौरान विद्यालय की छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित गोष्ठी के दौरान जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों एवं जनपद वासियों को 77वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज ही के दिन संविधान अंगीकृत हुआ था आज पूरे देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है आज ही के दिन हमें नई पहचान मिली थी उसे हम सभी को संजोकर रखना है संविधान के महत्व को हम अपने जीवन में आत्मसात करें उसे साथ लेकर चलें यही हम सबकी देश के प्रति सच्ची देशभक्ति होगी। उन्होने कहा कि 26 जनवरी 1950 को हमारा देश लोकतांत्रिक गणराज्य बना।

जिलाधिकारी ने कहा की हमारा संविधान विश्व का सबसे बडा संविधान है हमें अपने संविधान पर गर्व होना चाहिये, यह सबको बराबरी, स्वतंत्रता एवं समान अवसर प्रदान करता है। हमें इस आजादी की रक्षा, देश व समाज का निर्माण, प्रेम तथा सद्भावना व मेलजोल से रहना तथा सभी धर्मो का आदर करते हुए देश में अशांति और अराजकता फैलाने वाली शक्तियों के नापाक इरादों को पराजित करना होगा। उन्होंने कहा कि हम सभी को जो भी दायित्व दिए गए हैं उनका निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करें।

## सहायक निर्वाचन अधिकारी कर रहे नोटिसों की सुनवाई, 28529 प्रारूप-6 फार्म भरे गए



**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** एस आई आर के अन्तर्गत अनमैप्ड मतदाताओं को जारी नोटिसों के निस्तारण की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। सभी सहायक निर्वाचन अधिकारी अपने कार्यालयों में दिन भर सुनवाई कर रहे हैं। नोटिसों का जबाब देने के लिए अपने जबाब के पक्ष में अभिलेख उपलब्ध कराने के लिए मतदाताओं को दो सौ से तीन सौ रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं।

एस आई आर के अन्तर्गत छूटे हुए मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट में शामिल करने के लिए प्रारूप -6फार्म रोज भरे जा रहे हैं।27जनवरी तक 28539 फार्म भरे गए हैं।

निर्वाचन आयोग की ओर से जारी नोटिसों का निस्तारण करने के लिए सभी विकास तहसीलो में बड़ी संख्या में सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। एक एक सहायक निर्वाचन अधिकारी के पास बीस से पच्चीस पोलिंग बूथों का काम सौंपा गया है। बी एल ओ की ओर से नोटिसें सभी सम्बंधित मतदाताओं को उपलब्ध कराई जा चुकी हैं। सभी मतदाता सुबह 10बजे से 5बजे तक सहायक निर्वाचन अधिकारियों के सम्मुख उपस्थित होकर आवश्यक अभिलेखों के साथ नोटिसों का जवाब दे रहे हैं।

## जिला चिकित्सालय में कन्या जन्म उत्सव कार्यक्रम हुआ का आयोजन

**अमेठी।** गणतंत्र दिवस पर जिलाधिकारी संजय चौहान के दिशा-निर्देशन में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन ने जिला चिकित्सालय में कन्या जन्म उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। नवजात बालिकाओं के जन्म पर उनके अभिभावकों को बेबी किट, प्रशस्ति पत्र एवं मिठाई भेंट कर सम्मानित किया गया।

**सूचना**

मैं, आकांक्षा मिश्रा आयु लगभग 33 वर्ष पत्नी अन्शुमान द्विवेदी, निवासिनी म0नं0-डी-79/4-8, सेक्टर-7. इन्दिरानगर, लखनऊ की शपथ पूर्वक निम्न बयान करती हूं कि शपथिनी उपरोक्त पते की निवासिनी है और वह बलरामपुर अस्पताल में कार्यरत है। शपथिनी ने 5P AIR SQN से एन.सी.सी (बी) किया था, जिसका सर्टिफिकेट नं. यू.पी. एस.डब्लू./ 09/236735 अस्पताल परिसर में कहीं गिर गया है, काफी ढूंढने पर प्राप्त नहीं हो सका।

# एनटीपीसी टांडा में 77वें गणतंत्र दिवस की रही धूम

**अवधनामा संवाददाता**



**अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी टांडा में 77वां गणतंत्र दिवस आवासीय परिसर स्थित उमंग स्टेडियम में राष्ट्रभक्ति और उत्साह के भव्य वातावरण में मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक जयदेव परिदा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान एवं एनटीपीसी गीत गाया गया, जिसके उपरांत मुख्य अतिथि ने भव्य परेड का निरीक्षण किया। परेड में डालीम्स स्कूल, विवेकानन्द शिशुकुंज, विद्युत परिषद राजकीय इंटर कॉलेज, बेसिक प्राइमरी स्कूल, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) एवं आवासीय परिसर सुरक्षा बल की टुकड़ियों ने शानदार भागीदारी की।अपने संबोधन में जयदेव परिदा ने सभी को 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में ऊर्जा क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका, सुरक्षा के प्रति सतर्कता, अनुशासन एवं संगठनात्मक एकजुटता पर जोर दिया।इसके बाद ब्लूमिंग बड्स, बाल भवन, विद्युत परिषद राजकीय इंटर कॉलेज, विवेकानन्द शिशुकुंज, ज्ञान ज्योति स्कूल एवं डालीम्स स्कूल के बच्चों ने देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।सीआईएसएफ की अग्निशमन शाखा ने तिरंगे के रंगों में खूबसूरत प्रदर्शन किया। साथ ही एनएफएन दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के सहयोग से आसपास के जरूरतमंद दिव्यांगों को तिपहिया साइकिल वितरित की गई। समारोह में उत्कृष्ट कार्य, अनुकरणीय प्रदर्शन एवं मानवीय सेवाओं के लिए कर्मचारियों, सीआईएसएफ जवानों एवं संविदा कर्मियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) अजय सिंह यादव, महाप्रबंधक (ईंधन प्रबंधन) आर.एन. त्रिपाठी, महाप्रबंधक (सतर्कता) एस.सी. सिंह, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) रजनीश कुमार खेतान सहित सभी विभागाध्यक्ष, गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती संघमित्रा परिदा एवं सदस्यगण, अधिकारी, कर्मचारी, संविदा कर्मी, सीआईएसएफ जवान तथा कर्मचारियों के परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।समापन पर अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।यह उत्सव न केवल राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करने वाला रहा, बल्कि एनटीपीसी टांडा की टीमवर्क, सामाजिक जिम्मेदारी एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है।

# न्यू ब्लू लॉन्ग में मसाज के जगह पर चल रहा है गंदा खेल

**अवधनामा संवाददाता**

**गोंडा।** नगर पालिका परिषद क्षेत्र में बाजार की गलियों में पिछले कुछ समय में कथित कैफे और होटल थोक में खुले हैं।यहां किस तरह की संदिग्ध गतिविधियां होती हैं, यह जानना हो तो इनके आसपास घंटा-आधा घंटा खड़े रहकर आसानी से जान सकते हैं। बड़ी बात यह है कि पुलिस और किसी अन्य सरकारी विभाग ने अ ब तक इन अड्डों की जांच पड़ताल पर ध्यान न हीं दिया है।कुकुरमुत्तों की तरह शहर में उगे होटल-कैफे पर अगर प्रशासन ठीक तरह से एक्श न लेना शुरू कर दे तो यहां होने वाली संदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लग सकता है।क्योंकि यहां आने वाले 'ग्राहक' घोर एकांत चाहते हैं। नियम कायदों के पालन को लेकर जांच-पड़ ताल होगी तो यह एकांत पसंद ग्राहक खुद ही भाग जाएंगे,बताते है कि सर्कुलर रोड पर स्थित न्यू ब्लू लॉन्ग रेस्टोरेंट में पर घंटे के हिसाब से केबिन बुक की जाती है और उसके ऊपरी छत पर कुछ आपत्तिजनक समान पड़े हुए थे।पत्रकारों ने हकीकत पता कि तो इस दौरान सामने आया कि होटल-कैफे के कमरे व केबिन घंटों के हिसाब से किराए पर देकर संदिग्ध गति विधियां करवाई जा रही हैं।इन अड्डों पर मिले आपत्तिजनक सामग्री इसके प्रमाण हैं शहर में दिनोंदिन होटल व कैफे खोलने की होड़ सी मची है सूत्रों के मुताबिक बताया जा रहा है कि इस बिल्डिंग में रेस्टोरेंट स्पा सेंटर,चल रहे है हर दिन संदिग्ध व अनैतिक गतिविधियां होती हैं।

गोंडा पुलिस आए दिन रेस्टोरेंट और होटल में छापेमारी करती रहती है इसके बावजूद होटल व कैफे संचालक बाज नहीं आ रहे हैं। पुलिस प्रशासन की कड़ी निगरानी के अभाव में यह हो टल व कैफे अनैतिक गतिविधियों अड्डे बने हुए हैं,आधुनिकता का लबादा ओढ़े इन बेहया लोगों को कितना ही कह लो,बेशर्मी इनकी आदत बन चुकी है स्थिति यह है कि जो पकड़ा गया वो चोर बाकी सब पर कौन करे गौर...?

# यूजीसी बिल के विरोध में अधिवक्ताओं का प्रदर्शन, डीएम को सौंपा ज्ञापन



**अवधनामा संवाददाता**

**गोण्डा।** जिले के अधिवक्ताओं ने मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर यूजीसी बिल का विरोध किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अधिवक्ताओं ने यूजीसी के विरोध में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि यूजीसी में समानता के नाम पर जो नीतिगत परिवर्तन लागू किया जा रहा है, उसमें सामाजिक संतुलन, शैक्षिक निष्पक्षता तथा सामान्य वर्ग के छात्रों के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। यह नियम समान अवसर की मूल संवैधानिक भावना के विपरीत प्रतीत होते हैं और इससे उच्च शिक्षा व्यवस्था में असंतोष, भेदभाव एवं असमानता को बढ़ावा मिलेगा।अधिवक्ताओं ने मांग की कि शिक्षा में इक्विटी के नाम पर किसी भी वर्ग विशेष के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। नए नियमों को लागू करने से पूर्व सभी हितधारकों - छात्र, शिक्षक, समाज से व्यापक विमर्श आवश्यक है। बिना संसदीय और सामाजिक सहमति के ऐसे संवेदनशील विषयों पर निर्णय लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है। जिलाधिकारी से आग्रह किया गया है कि इस ज्ञापन को राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार/यूजीसी तक अग्रेषित किया जाए। इक्विटी कमेटी से संबंधित नए नियमों को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाए।

# शराब ठेका लूटकांड का सनसनीखेज खुलासा फरार हुए बदमाश 5 दिनों में पुलिस शिकंजे में



**अवधनामा संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर।** थाना भीटी क्षेत्र अंतर्गत जमोलीगंज बाजार में स्थित देशी शराब के ठेके पर हुई लूट व फायरिंग की गंभीर घटना का पुलिस ने सफल अनावरण कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में दो अंतर्राज्यीय अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से लूट की ?26,900 की नकदी, दो अवैध देशी तमंचे (.315 बोर) और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

घटना 21 जनवरी 2026 की है, जब दो मोटरसाइकिल सवार बदमाश शराब के ठेके पर पहुंचे और सेल्समैन से ?40,200 की नकदी लूट ली। लूट का विरोध करने पर बदमाशों ने सेल्समैन को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घटना के बाद थाना भीटी में मुकदमा दर्ज कर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना भीटी पुलिस, स्वाट टीम और सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम गठित की गई थी।

संयुक्त पुलिस टीम ने लगातार सुरागरसी और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर 26 जनवरी 2026 को बुद्धूलाल की बगिया, ग्राम महापारा से दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की। पुलिस के अनुसार घटना में प्रयुक्त चोरी की मोटरसाइकिल खराब हो जाने के कारण आरोपी उसे छोड़कर फरार हो गए थे, जिसे पुलिस पहले ही अपने कब्जे में ले चुकी है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है और उन्हें न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने टीम की इस सफलता की सराहना की है।

# हिन्दुस्तान हॉस्पिटल पर धूमधाम से मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस



**अवधनामा संवाददाता**

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** भारत नेपाल सीमा के बगहवा चौराहे पर स्थित हिन्दुस्तान हॉस्पिटल में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. पवन मिश्रा एवं एसएसबी के असिस्टेंट कमांडर अंकुश डांगे के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम में अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान के साथ देश की एकता व अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। हिन्दुस्तान हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉ. जहीर खान भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

मुख्य अतिथियों ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए संविधान की महत्ता पर प्रकाश डाला और नागरिकों से अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने की अपील की। कार्यक्रम का समापन मिठाई वितरण एवं आपसी शुभकामनाओं के साथ हुआ। इस मौके पर उपनिरीक्षक राजू प्रसाद सरोज, राजन कुमार, सुमन चौधरी, प्रीति कन्नौजिया, प्रमोद चौधरी,अमन शर्मा व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बांसी तहसील क्षेत्र में गणतंत्र दिवस की धूम

**अवधनामा संवाददाता**



**बांसी सिद्धार्थनगर।** गणतंत्र दिवस पूरे क्षेत्र में कार्यक्रमों की धूम रही छोटे-बड़े सभी शिक्षण संस्थानों, बैंकों, प्रास्वा केंद्रों सास्वा0 केंद्रों सहित सभी सरकारी व अर्ध सरकारी संस्थानों पर हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया! इंटर कालेजों पर दोपहर बाद तक सांसकृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। ग्राम प्रधानों अथवा उनके प्रतिनिधियों द्वारा गाँव के पंचायत भवनों व परिषदीय विद्यालयों पर झण्डा रोहण किया गया।

तहसील परिसर में एसडीएम निखिल चक्रवर्ती द्वारा ध्वजारोहण किया गया। एसडीएम के साथ उपस्थित सभी ने हाथ आगे कर संविधान की सपथ लिया। बांसी ब्लॉक में बीडीओ कृतिका अवस्थी ने ध्वजारोहण कर संविधान की सपथ दिलाई। मिठवल ब्लॉक में प्रमुख निशा चौधरी व बीडीओ सौरभ पाण्डेय द्वारा ध्वजारोहण किया गया। विकास खण्ड खेसरहा में प्रमुख प्रतिनिधि केशभान राय व बीडीओ अमित सिंह द्वारा ध्वजारोहण कर अशोक स्तंभ पर माल्यार्पण किया गया। खेसरहा थाने पर थानाध्यक्ष अनूप मिश्र ने ध्वजारोहण कर संविधान की सपथ दिलाई। कुर्थिया पुलिस चौकी पर चौकी प्रभारी जगत यादव, कोतवाली बांसी में प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक गोल्हौरा में प्रभारी निरीक्षक रामदेव तथा थाना शिवनगर डिंडई में प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने ध्वजारोहण कर सभी को संविधान की मूल भावना की सपथ दिलाई। राष्ट्र गान के पश्चात प्रभारी निरीक्षक ने आमंत्रित सेवा निवृत्त जवानों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया।आबकारी गोदाम जिला आबकारी अधिकारी बीर अभिमन्यु कुमार का राष्ट्रगान किया गया। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता विवेक राय द्वारा ध्वजारोहण किया गया। अधिशासी अभियंता सरयू नहर ने ध्वजारोहण किया। नगर पालिका परिसर में चेयरमैन चमन आरा राइनी ने ध्वजारोहण कर सभी को संविधान सम्मान करने व संविधान की मर्यादा में रहकर कार्य करने का संदेश दिया। सास्वा0 केंद्र मिठवल में अधीक्षक डा0 धर्मेन्द्र चौधरी, खेसरहा में अधीक्षक सुजीत कुमार पाण्डेय, तथा 50 शैय्या अस्पताल बांसी में सीएमएस डा0 उजेर अतहर द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

# इंडियन पब्लिक स्कूल गौरा पचपेड़वा में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस



**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर विकास क्षेत्र मिठवल स्थित इंडियन पब्लिक स्कूल, गौरा पचपेड़वा में राष्ट्रीय पर्व हर्षोल्लास व गरिमा के साथ मनाया गया। विद्यालय के प्रिंसिपल शाहिद इकबाल ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान राष्ट्रगान की ध्वनि से वातावरण गुंजायमान रहा।

इस अवसर पर वक्ताओं ने संविधान के महत्व, नागरिक कर्तव्यों और लोकतांत्रिक मूल्यों पर प्रकाश डाला। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथियों का विद्यालय की ओर से स्वागत व सम्मान किया गया। प्रिंसिपल शाहिद इकबाल ने कहा कि बच्चों में शिक्षा के साथ संस्कार, देशभक्ति और संविधान के प्रति सम्मान विकसित करना ही शिक्षा का उद्देश्य है। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रिंसिपल शाहिद इकबाल ने सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# साहसिक कार्य के लिए सम्मानित हुए आपदा मित्र सुनील कुमार

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर जिले के डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के बनगाई नानकार के आपदा मित्र सुनील कुमार पुत्र जादू यादव को सुषमा भवन में गृह मंत्रालय द्वारा सम्मानित किया गया।

बताते चलें कि आपदा मित्र सुनील कुमार ने गौरा घाट पुल से छलांग लगाकर विनोद कुमार को बचा लिया था जिसके लिए उन्हें सम्मानित किया गया इसी क्रम में उत्तर प्रदेश से कंचन गुप्ता बनारस की थी इन्हें भी महिला वर्ग में सम्मानित किया गया आपदा मित्र किसी आपदा में प्रथम प्रतिउत्तर कर्ता के रूप में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। विशिष्ट कार्य करने वाले 150 आपदामित्र दिल्ली बुलाये गये थे, जिन्हें 25 जनवरी को राष्ट्रपति भवन में महामहिम राष्ट्रपति के साथ ग्रुप फोटो के बाद जल पान हुआ था। 26 को गणतंत्र दिवस परेड में एन डी एम ए के साथ आपदा मित्रों का परेड निकल गया, और सुषमा भवन में गृह मंत्रालय द्वारा सभी को सम्मान किया गया। आपदा मित्रों से गृह राज्य मंत्री ने संवाद किया और आपदा मित्रों को सम्मानित किया।

# महामाया एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज में शुरू हुआ सर्वाइकल कैंसर जागरूकता अभियान




**अवधनामा संवाददाता**

**समय पर टीकाकरण से बचाव संभव, विभाग ने किया कार्यक्रम का आयोजन**

**अम्बेडकरनगर।** महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज (एम.आर.ए. मेडिकल कॉलेज), अम्बेडकर नगर के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग ने जनवरी माह को सर्वाइकल कैंसर जागरूकता माह के रूप में मनाते हुए आज से एक व्यापक जागरूकता अभियान की शुरुआत की। यह कार्यक्रम महिलाओं के स्वास्थ्य सुरक्षा, समय पर जांच, रोकथाम और एचपीवी टीकाकरण के महत्व को लेकर आयोजित किया गया है।विभाग के अनुसार, भारत में महिलाओं का दूसरा सबसे आम कैंसर होने के बावजूद सर्वाइकल कैंसर पूरी तरह रोकथाम योग्य है।

नियमित स्क्रीनिंग (जैसे पैप स्मीयर या एचपीवी टेस्ट), एचपीवी वैक्सीनेशन और प्रारंभिक चरण में पहचान से इसे आसानी से रोका जा सकता है तथा सफल इलाज संभव है। इसी संदेश को लेकर प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग ने मेडिकल छात्रों, स्वास्थ्यकर्मियों और स्थानीय समुदाय को जागरूक करने का यह विशेष कार्यक्रम शुरू किया है।कार्यक्रम की प्रमुख गतिविधियाँ जिसमे नुक्कड़ नाटक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जागरूकता संदेश प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए,पोस्टर प्रस्तुति/प्रतियोगिता सभी के लिए खुली, रचनात्मक तरीके से संदेश प्रसार,स्क्रीनिंग एवं रोकथाम पर अकादमिक सत्र विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान एवं चर्चा,मेडिकल छात्रों के लिए क्विज प्रतियोगिता ज्ञान वर्धन एवं उत्साह बढ़ाने हेतु।कार्यक्रम का शुरुआत आज दिनांक 27 जनवरी को हुआ जिसमे उद्घाटन समारोह एवं रेजिडेंट डॉक्टर्स द्वारा प्रस्तुतियाँ 28 जनवरी को क्विज प्रतियोगिता,29 जनवरी नुक्कड़ नाटक का आयोजन,30 जनवरी पोस्टर प्रतियोगिता एवं समापन होगा।कार्यक्रम के उद्घाटन पर डॉ. हेना सैयद, डॉ. प्रिया, डॉ. रुचि पांडे, डॉ. अवनीश, डॉ. निधि सहित समस्त जूनियर डॉक्टर्स मौजूद रहे।

## अमृत सरोवर पर सफाई करके किया गया ध्वजारोहण

**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकास खंड लोटन के प्रांगण में स्थित अमृत सरोवर पर ब्लाक प्रमुख आशीष सिंह सचिव रवीन्द्र कुमार जाटव ग्राम प्रधान प्रदीप मोदनवाल द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं साफ सफाई अभियान भी चलाया गया । विकास खंड के सभी अमृत सरोवरों पर ध्वजारोहण किया गया।जिसमें ग्राम पंचायत पर तैनात सचिव द्वारा द्वारा प्रतिभाग किया गया। साथ ही इसमें विकास खंड के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी सत्य प्रकाश एवं सचिव रविंद्र कुमार जाटव द्वारा भारत सरकार द्वारा विकसित भारत ग्रामीण रोजगार आजीविका मिशन गारंटी योजना पर भी चर्चा करते हुए ग्राम वासियों को योजना के प्रति जागरूक किया गया। लोगों राष्ट्रीय संकल्प को भी पढा गया था।

## बसपा सुप्रीमो मायावती ने किया बड़ा फेर-बदल दिनेश गौतम बने पुनः जिला अध्यक्ष



**बांसी सिद्धार्थनगर।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री बहन कु मायावती ने किया संगठन में बड़ा फेर-बदल किया है पूर्व में कयी बार जिला अध्यक्ष रहे दिनेश चन्द्र गौतम को पुनः जिला अध्यक्ष सिद्धार्थनगर बनाया है। दिनेश चन्द्र गौतम अनुभवी और पुराने कार्यकर्ता हैं इस का लाभ पंचायत चुनाव में बसपा को मिल सकता है दिनेश चन्द्र गौतम को अध्यक्ष बनने से कार्यकर्ताओं में उत्साह है पूर्व जिला महासचिव शमीम अहमद पूर्व जिला जिला अध्यक्ष भरतलाल निषाद इन्द्र जीत गौतम चन्द्र बहाल गौतम आशीष कुमार गौतम पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश कुमार गौतम शुभकरन चौधरी अंगद राज गौतम शहंशाह शलमानी मुनीराम राजभर अशोक कुमार बौद्ध शीश कुमार बौद्ध पिंगल प्रसाद सतीश कुमार गौतम घनश्याम गौतम सोलंकी नेता गिरीश वरूण रमाकांत कन्नौजिया विजय पाल कन्नौजिया खुर्शीद आलम सिद्धार्थ गौतम सहित अन्य लोगों ने बधाई दिया।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सांसद ने प्रतिभाओं को किया सम्मानित



**सिद्धार्थनगर।** 77वें गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल तथा विद्यालय के प्राचार्य नीरज कुमार शुक्ल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राष्ट्रगान तथा झंडागीत के बाद प्राचार्य ने मुख्य अतिथि का हरित स्वागत किया तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बालवाटिका के बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य, माध्यमिक वर्ग के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत योगासन, पंजाबी नृत्य तथा देशभक्ति पर आधारित प्रेरक संदेशों से पूर्ण लघुनाटिका ने खूब प्रशंसा प्राप्त किया। सांसद द्वारा मानक इंस्पायर अवार्ड के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करने वाली कक्षा 12 वीं की छात्रा मानसी राय को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित करते हुए शुभकामनाएं प्रदान किया इसी क्रम में ढ्ढ विद्या सेतु 1.0 में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करने वाले विद्यालय के 5 विद्यार्थियों तन्मय सिंह, आस्था त्रिपाठी, शिवानी, अंतरा तथा बालेंदु एवं उनके मेंटर शिक्षक धर्मेंद्र जायसवाल तथा सांसद खेल महोत्सव में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। सांसद ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान किया। मंच संचालन का कार्य यशस्वी सिंह एवं स्मृति मिश्रा ने किया। सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम संगीत शिक्षक आदेश जायसवाल के निर्देशन में तैयार किए गए थे।

# 77वें गणतन्त्र दिवस समारोह पर जिलाधिकारी ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** 77वें गणतन्त्र दिवस समारोह के अवसर पर सोमवार को कलेक्ट्रेट भवन पर परम्परागत रूप से जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. द्वारा प्रातः 8:30 बजे कलेक्ट्रेट भवन पर राष्ट्रीय ध्वज को फहराया गया। ध्वजारोहण के बाद सामूहिक राष्ट्रगान जन-गण-मन का गायन हुआ। इसके बाद राष्ट्रीय संकल्प को पढ़ा गया, उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रीय संकल्प को दोहराया गया। इसके बाद पुलिस के जवानों द्वारा जिलाधिकारी को सलामी दी गयी। ध्वजारोहण कार्यक्रम के अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौरव श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्ञान प्रकाश, वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेन्द्र कुमार मौर्य, व कलेक्ट्रेट परिवार के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

ध्वजारोहण कार्यक्रम के पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया गया। रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मन्दिर इन्टर कालेज के छात्रों द्वारा देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी.एन. ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, अधिवक्तागण, मीडिया प्रतिनिधियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। जिलाधिकारी ने कहा कि आजादी के बाद देश का संविधान बना, 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू हुआ। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद बहुत से देश आजाद हुए। भारत देश का अपना संविधान लागू हुआ। भारत देश की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। हमारा देश हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। पूरे विश्व में भारत के लोग बड़ी कम्पनियों में अध्यक्ष/सीईओ के पद काम कर रहे है। हम सभी लोगो को गरीबों की सहायता करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ प्रेम सागर चौधरी द्वारा किया गया। जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी.एन. द्वारा रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मन्दिर इन्टर कालेज के छात्रों को पुरस्कार दिया गया।

इस कार्यक्रम के पश्चात पुलिस लाइन में आयोजित गणतन्त्र समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी.एन. द्वारा पुलिस लाइन में ध्वजारोहण करके पुलिस परेड की सलामी ली गयी। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी.एन. एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन द्वारा गुब्वारे उड़ाये गये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन द्वारा समस्त पुलिस के जवानों को राष्ट्रीय संकल्प दिलाया।

मुख्य अतिथि जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी.एन. ने 77वें गणतन्त्र दिवस की सभी को बधाई दी। जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय प्रस्तवना देश के स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान एवं जीवन मूल्यों का सार है, यह हमे प्रगति पथ पर ले जायेगे। जिलाधिकारी ने कहा कि देश को आजाद कराने में वीर सपूतो ने अपना योगदान दिया उन्हें नमन किया।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. द्वारा पुलिस विभाग के उत्कृष्ट सेवा के लिए चयनित पुलिस विभाग के अधिकारियों को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन द्वारा जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी.एन. को स्मृति चिन्ह भेट किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस अधीक्षक को स्मृति चिन्ह भेट किया गया। पुलिस लाइन में विभिन्न स्कूलों के छात्र/छात्राओ द्वारा गणतन्त्र दिवस समारोह के अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां की गयी।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौरव श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्ञान प्रकाश, तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण पुलिस बल के जवान आदि उपस्थित थे।

जनपद न्यायालय में जनपद न्यायाधीश, विकास भवन कार्यालय में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सिद्धार्थ विश्व विद्यालय में कुलपति द्वारा, समस्त तहसीलों में उपजिलाधिकारी, समस्त विकास खण्डों में खण्ड विकास अधिकारी, जिला पंचायत भवन में जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका/नगर पंचायतों में नगर पालिका/नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा, जनपद के विभिन्न विद्यालयों में विद्यालय के प्रधानाचार्यो द्वारा ध्वारोहण किया गया।

## खेसरहा पुलिस ने पाक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**बांसी सिद्धार्थनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना खेसरहा की पुलिस को बडी सफलता प्राप्त हुई। खेसरहा पुलिस की टीम ने मंगलवार को अपहरण के मामले में वांछित आरोपी थाना क्षेत्र के वजीराबाद निवासी प्रशान्त कुमार पुत्र रुपचन्द्र को घोसियारी बाजार के निकट छितही तिराहे से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही में जुट गई। पीड़िता के पिता ने अभियुक्त के विरुद्ध थाने पर तहरीर देकर कठोर कार्यवाही की मांग किया था। जिसके आधार पर थाना खेसरहा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 170/2025 धारा 137(2), 87, 64(1) व 5/6 पोक्सो एक्ट से संबंधित मामले में वांछित अभियुक्त उपरोक्त की तलाश की जा रही थी। इस बावत जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र ने कहा है कि मामले में गठित पुलिस टीम द्वारा मंगलवार को छितही तिराहा से शिवनगर डिड्ई जाने वाली सड़क से अभियुक्त प्रशान्त कुमार पुत्र रुपचन्द्र निवासी वजीराबाद को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया।


सिद्धार्थनगर
महोत्सव 2026
के उद्घाटन समारोह में पधार रहें
उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय एवं यशस्वी
मा. मुख्यमंत्री
पूज्य योगी आदित्यनाथ महाराज जी
का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन है
नरेन्द्र मणि त्रिपाठी
पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा
डा. चन्द्रेश उपाध्याय
पूर्व लोक सभा प्रत्याशी
श्याम जायसवाल
पूर्व ब्लाक प्रमुख
दीपेंद्र विक्रम सिंह
(युवा समाज सेवी)
हेमन्त जायसवाल
अध्यक्ष प्रति. न.प. उसका बाजार
डा. दशरथ चौधरी
ब्लाक प्रमुख प्रति. मिठवल
राजेन्द्र दूबे
ब्लाक प्रमुख प्रति. खुनियांव
अजय गुप्ता
चेयरमैन न.प. बिस्कोहर
विकास जायसवाल
चेयरमैन न.प. इटवा
श्रीष चौधरी
ब्लाक प्रमुख प्रति. जोगिया
चन्द्र प्रकाश उर्फ चन्दू चौधरी
चेयरमैन न.प. भारत भारी
धर्मराज वर्मा
चेयरमैन न.प. बढ़नी चाफा
राम भरोस चौहान
ब्लाक प्रमुख प्रति. उसका
अमय पाण्डे
युवा समाज सेवी
निशान्त पाण्डेय
जिला मिडिया प्रभारी भाजपा
सन्तोष पासवान
जिला कार्य समिति सदस्य
सन्तोष शुक्ला
जिला कार्य समिति सदस्य
कन्हैया पासवान
जिलाध्यक्ष भाजपा, सिद्धार्थनगर